RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 115
नई दिल्ली, मंगलवार, 2 मार्च, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





तापसी पन्नू को डबिंग का काम नापसंद
विविध-12


# चीन ने भारत के पावर ग्रिड पर किया था साइबर अटैक

● पिछले साल अक्टूबर में मुंबई में बिजली आपूर्ति ठप होने यही था मुख्य कारण, अमेरिकी कंपनी का दावा

● विद्युत आपूर्ति पर असर नहीं, ऐसे खतरों को लेकर जारी परामर्श पर तुरंत की जाती है कार्रवाईः ऊर्जा मंत्रालय

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



**अमेरिका** की एक कंपनी ने अपने हालिया अध्ययन में दावा किया है कि भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव के दौरान चीन सरकार से जुड़े हैकरों के एक समूह ने 'मालवेयर' के जरिए भारत के पावरग्रिड सिस्टम को निशाना बनाया। आशंका है कि पिछले साल मुंबई में बड़े स्तर पर बिजली आपूर्ति ठप होने के पीछे शायद यही मुख्य कारण था। अमेरिका में मैसाचुसेट्स की कंपनी 'रिकॉर्डेड फ्यूचर' ने अपनी हालिया रिपोर्ट में चीन के समूह 'रेड इको' द्वारा भारतीय ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाए जाने का जिक्र किया है। पिछले साल 12 अक्टूबर को मुंबई में एक ग्रिड ठप होने से बिजली गुल हो गयी थी। इससे ट्रेनें भी रास्तें में ही रुक गयी और महामारी के कारण घर से काम रहे लोगों का कार्य भी प्रभावित हुआ और आर्थिक गतिविधियों पर भारी असर पड़ा। आवश्यक सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति बहाल में दो घंटे लग गए थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने घटना की जांच का आदेश दिया था। 'रिकॉर्डेड फ्यूचर' ने ऑनलाइन सेंधमारी संबंधित रिपोर्ट के प्रकाशन के पूर्व भारत सरकार के संबंधित विभागों को इस बारे में अवगत कराया। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने एक खबर में कहा कि इस खुलासे से सवाल उठा है कि मुंबई में बिजली गुल के पीछे कहीं बीजिंग यह संदेश तो नहीं देना चाहता था कि अगर भारत ने सीमा पर आक्रामक व्यवहार जारी रखा तो क्या हो सकता है। 'रिकॉर्डेड फ्यूचर' की रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया कि कथित रूप से भारत प्रायोजित समूह 'साइडविंडर' ने 2020 में चीनी सेना और सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बताया।

कंपनी की यह रिपोर्ट ऐसे समय आयी है जब चीन और भारत की सेना पूर्वी लद्दाख में गतिरोध वाले स्थानों से अपने सैनिकों को पीछे हटा रही है। इस बीच, ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि किसी मालवेयर हमले के कारण पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉरपोरेशन (पीओएसओसीओ) पर कोई असर नहीं पड़ा और ऐसे खतरों के खिलाफ जारी परामर्शों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। बहरहाल मंत्रालय ने अपने बयान में मुंबई आउटेज के बारे में कोई जिक्र नहीं किया। अध्ययन के तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंत्रालय ने कहा, ' बताए गए खतरे के कारण पीओएसओसीओ के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। इन घटनाओं के कारण कोई डाटा ब्रीच या डाटा गायब होने जैसा मामला सामने नहीं आया। मंत्रालय ने आगे कहा कि सीईआरटी-इन, एनसीआईआईपीसी, सीईआरटी-ट्रांस आदि विभिन्न एजेंसियों से परामर्शों पर पीओएसओसीओ के तहत कार्यरत इन सभी कंट्रोल केंद्रों पर सिस्को (चीफ इनफार्मेशन सिक्योरिटी ऑफिसर) द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाती है।' सीआईआरटी-इन (इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम) साइबर सुरक्षा हमले जैसे हैकिंग और फिशिंग जैसे मामलों से निपटने के लिए नोडल एजेंसी है। एनसीआईआईपीसी (नेशनल क्रिटिकल इंफार्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर) ऐसी ही दूसरी नोडल एजेंसी है।

दूसरी ओर महाराष्ट्र के ऊर्जा मंत्री नितिन राउत ने प्राथमिक सूचना का हवाला देते हुए कहा कि पिछले साल अक्टूबर में साइबर हमले के चलते मुम्बई बड़े पैमाने पर अचानक बिजली गुल हो गई थी और यह विध्वंस का कृत्य था। यहां विधानभवन के बाहर राउत ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार, महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने बिजली गुल हो जाने की इस घटना की जांच के लिए अलग अलग समितियां बनाई थीं और उनकी रिपोर्टें मिल गई हैं। उन्होंने कहा, तब हमने साइबर सेल से शिकायत की थी और उनकी रिपोर्ट का इंतजार है। लेकिन मेरे पास जो प्राथमिक सूचना है, उसके हिसाब से निश्चित ही यह साइबर हमला था और यह विध्वंस था।

## कोविड-19 टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू

# प्रधानमंत्री मोदी ने भी लगवाया टीका



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

● पहले दिन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी ली खुराक

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वैक्सीन लगवाकर कोविड टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत की। पीएम के साथ-साथ उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेष मंत्री एस जयषंकर ने भी टीका लगवाया।

अभियान के पहले दिन को-विन ऐप पर दोपहर एक बजे तक दस लाख से अधिक लोगों ने वैक्सीन की खुराक लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा लिया था। दूसरे चरण में 60 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों और 45 साल से अधिक उम्र के गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को वैक्सीन दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार सुबह एम्स पहुंचकर भारत बायोटेक की को-वैक्सीन का टीका लगवाया।

एम्स प्रमुख डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि टीकाकरण अभियान के पहले ही दिन वैक्सीन की पहली खुराक लेने के प्रधानमंत्री मोदी के कदम से ( शेष पेज 9 )

### नेताओं को लेकर किया मजाक, पूछा-मोटी सुई तो नहीं लगाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 का टीका लगवाने के दौरान मौजूद नर्सों से मजाक में पूछा कि कहीं उनका इरादा मोटी सुई लगाने का तो नहीं है क्योंकि नेताओं के बारे में कहा जाता है कि उनकी चमड़ी मोटी होती है। प्रधानमंत्री के इस कथन के बाद टीकाकरण कक्ष में मौजूद ( शेष पेज 9 )

### टीका नहीं लगवाएंगे किसान नेताओं ने कहा

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**कोविड-19** संक्रमण से ज्यादा खतरे का सामना कर रहे किसान नेताओं ने सोमवार को कहा कि उन्हें कोरोना वायरस का डर नहीं है और वे टीका नहीं लगवाएंगे। उल्लेखनीय है कि सोमवार से कोविड-19 के दूसरे चरण का टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है, जिसके तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित ( शेष पेज 9 )

### ममता बनर्जी से मिले तेजस्वी किया समर्थन का ऐलान



● भाजपा को हराने के लिए अखिलेश भी आए तृणमूल कांग्रेस के साथ

**सौगर सेनगुप्ता ।** कोलकाता

**बंगाल** की चुनावी लड़ाई में बिहार और उत्तर प्रदेश के दो यादव हस्तियां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ खड़ी हो गई है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को अपनी पार्टियों के समर्थन का ऐलान किया है। कोलकाता में सोमवार को राज्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कार्यालय में मुलाकात के बाद राजद नेता तेजस्वी ने पश्चिम बंगाल में रहने वाले बिहार के लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को वोट देने की अपील की है। मुख्यमंत्री के साथ घंटे भर की मुलाकात में दोनों नेताओं ने कथित तौर ( शेष पेज 9 )

## जेवर हवाईअड्डे का निर्माण शीर्ष प्राथमिकताः योगी

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, जेवर के विकास को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाली परियोजना बताते हुए कहा कि कोविड-19 की विभीषिका के बावजूद अब तक जिस तेजी, पारदर्शिता और तय समय से जेवर एयरपोर्ट के काम हुए हैं, उसने प्रदेश की नई कार्यसंस्कृति को प्रदर्शित किया है।

इस एयरपोर्ट में हवाई पट्टियों की संख्या दो से बढ़ाकर छह करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लिए चयनित विकासकर्ता ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद मिलेगी। एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जेवर एयरपोर्ट के लिए चयनित विकासकर्ता ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी द्वारा गठित यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच राज्य समर्थित समझौते पर हस्ताक्षर होने के मौके पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में प्रदेश में सिर्फ दो हवाई अड्डे (लखनऊऔर वाराणसी) ही क्रियाशील थे। मात्र तीन वर्ष में गोरखपुर, हिंडन, आगरा, प्रयागराज और अब बरेली सहित पांच अन्य हवाईअड्डे परिचालन में आ गए हैं।

यही नहीं, देश के सबसे बड़े प्रदेश में मात्र दो अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट थे, लेकिन कुशीनगर और अयोध्या के एयरपोर्ट के साथ बहुत जल्द यहां पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होंगे। जेवर एयरपोर्ट निर्माण से प्रभावित परिवारों के विस्थापन कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परिवारों से संवाद बनाया जाए। उनके बेहतर विस्थापन की व्यवस्था हो। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि विस्थापित आबादी के पुनर्वास के लिए जेवर बांगर में 48.0979 हेक्टेयर भूमि का प्रबंध कर लिया गया ( शेष पेज 9 )

### राजमार्गों का निर्माण नए रिकॉर्ड परः गडकरी



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में राजमार्गों का निर्माण 33 किलोमीटर प्रतिदिन के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया है। गडकरी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि इस वित्त वर्ष में अभी तक 11,035 किलोमीटर राजमार्ग का निर्माण हुआ है जिससे हम यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। गडकरी ने कहा कि हमने आज की तारीख तक 11,035 किलोमीटर राजमार्ग का निर्माण किया है। यह प्रतिदिन 32.85 किलोमीटर बैठता है, जो एक रिकॉर्ड है। मंत्री ने कहा कि 31 मार्च तक यह आंकड़ा 40 किलोमीटर प्रतिदिन पर पहुंच सकता है। गडकरी ने कहा कि यह उपलब्धि इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि इसे कोविड-19 महामारी के बीच हासिल किया गया है। उन्होंने कहा कि ( शेष पेज 9 )






### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,849 | ↑ 749 |
| निफ्टी | 14,761 | ↑ 232 |
| सोना | 45,520 | ↑ 241 /10g |
| चांदी | 68,877 | ↑ 781 /kg |

### क्विक न्यूज

#### रसोई गैस सिलेंडर 25 रुपये और महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** रसोई गैस यानी एलपीजी में सोमवार को प्रति सिलेंडर 25 रुपए की और वृद्धि हुई। यह वृद्धि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिए जाने वाले सब्सिडी वाले सिलेंडर सहित सभी श्रेणियो मे हुई है। एक माह मे रसोई गैस सिलेंडर के दाम चौथी बार बढ़े हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियो के मूल्य आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी से अब तक 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर के दाम 125 रुपए बढ़ चुके है। इसकेसाथ ही विमान ईंधन यानी एटीएफ की कीमतो मे भी को 6.5 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दामो मे तेजी आ रही है, जिससे विमान ईंधन महंगा हुआ है। दिल्ली में अब 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर का दाम 794 रुपए से बढ़कर 819 रुपए हो गया है।

## गर्मी की तीखी तपिश झेलने को तैयार रहें उत्तरी राज्य

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

● आईएमडी के मुताबिक दक्षिण व मध्य भारत को छोड़कर अन्य स्थानों पर सामान्य से अधिक पड़ेगी गर्मी

**देश** के उत्तरी प्रदेशों में भीषण और कड़ाके सर्दी के बाद इस साल गर्मी सामान्य से अधिक पड़ने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को मार्च से मई तक के अपने ग्रीष्मकालीन पूर्वानुमान में कहा कि उत्तर, पूर्वोत्तर भारत तथा पूर्व एवं पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में दिन का तापामान सामान्य से अधिक रहेगा।

लेकिन दक्षिण एवं उससे सटे मध्य भारत में दिन का तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार देश के पूरे उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र में अधिकतम तापमान सामान्य से 0.86 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। प्री मानसून महीने मार्च से अप्रैल और मई तक कुछ अन्य क्षेत्रों में विशेषकर दक्षिण भारत में पारा में 0.57 डिग्री सेल्सियस सामान्य से कम रह सकता है।

छत्तीसगढ़, उड़ीसा, गुजरात और महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्र, गोवा और तटीय आंध्र प्रदेश में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान है। गर्मी का सबसे बुरा प्रभाव उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान सामान्य औसत से 0.86 अधिक रह सकता है। पिछले सप्ताह भुवनेश्वर में रिकॉर्ड 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में रिकॉर्ड किया गया। उत्तर भारत के दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में सामान्य तापमान से 0.46 डिग्री सेल्सियस से 0.71 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी ग्रीष्मकाल (मार्च से मई) में आगामी ग्रीष्मकाल में (मार्च से मई तक)उत्तर, पश्चिमोत्तर और पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर उपसंभागों तथा मध्य भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी भागों के कुछ उपसंभागों एवं उत्तरी प्रायद्वीप के तटीय उपसंभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उसने कहा, लेकिन दक्षिण प्रायद्वीप एवं समीपवर्ती मध्यभारत के ( शेष पेज 9 )

# दूसरे चरण में तीन केंद्रों पर हुआ टीकाकरण

## 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग व 45 वर्ष के गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को लगा टीका

● 93 साल के बुजुर्ग डॉक्टर ने भी लगवाया कोविड वैक्सीन



गाजियाबाद में दूसरे चरण के पहले टीकाकरण अभियान के दौरान कोरोना का टीका लगवाते बुजुर्ग।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सोमवार को कोरोना वैक्सीन के दूसरे चरण का वैक्सीनेशन जिले के तीन सेंटरों पर किया गया। पहले दिन तीन सौ लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें 93 साल के बुजुर्ग डॉक्टर सत्यप्रकाश ने भी कोरोना का टीका लगवाया।

जिले में जिला महिला अस्पताल, संयुक्त अस्पताल और यशोदा अस्पताल कौशांबी में टीकाकरण किया गया। प्रत्येक सेंटर में सौ-सौ लोगों का वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य रखा गया था। इस चरण में 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग व 45 वर्ष से ऊपर के उन लोगों का टीकाकरण किया गया जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। सीएमओ डॉ.एनके गुप्ता ने बताया कि बुजुर्ग या गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों ने इन केंद्रों पर जाकर टीका लगवाया। पहले ऐसे लोगों का अस्पताल में रजिस्ट्रेशन किया गया उसके बाद उनको टीका लगाया गया। टीका लगवाने व जानकारी करने के लिए लोग बड़ी संख्या में टीकाकरण सेंटर पर पहुंचे हुए थे।

इस दौरान जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने संयुक्त जिला चिकित्सालय संजय नगर में पहुंचकर वैक्सीनेशन के लिए पहुंचे वरिष्ठ नागरिकों को कोरोना के वैक्सीनेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ नागरिकों के वैक्सीनेशन को लेकर कई भ्रांतिया थी और उनको दूर करने के लिए जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वह अपने आसपास के लोगों को वैक्सीनेशन के बारे में व्याप्त भ्रांतियो से अवगत कराएं और उन्हें बताएं कि वैक्सीनेशन से कोई भी खतरा नहीं है इसके बारे में जागरूक करें।

## हेलीकॉप्टर उपलब्ध नहीं कराने पर केस

**नोएडा।** जिले में एक व्यक्ति ने किराए पर हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने वाली प्रभु हेली सर्विस कंपनी के दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार ने बताया, नोएडा के सेक्टर 82 में रहने वाले कोमल सिंह यादव ने थाना ईकोटेक-3 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

यादव ने बताया कि 11 दिसंबर 2020 को उनके बेटे की शादी थी। उन्होंने अपनी बहू को हेलीकॉप्टर से विदा कराने के लिए खैरपुर गुर्जर नॉलेज पार्क 5 में प्रभु हेली सर्विस कंपनी से हेलीकॉप्टर बुक कराया था। यादव ने आरोप लगाया कि हेलीकॉप्टर कंपनी को बुकिंग राशि के तौर पर 3,65,000 रुपए का भुगतान किया गया, लेकिन शादी वाले दिन हेलीकॉप्टर नहीं भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने जब अपना पैसा वापस मांगा तो हेलीकॉप्टर कंपनी के संचालक अजय माहल तथा दीपक ने उनसे दुर्व्यवहार किया तथा जान से मारने की धमकी दी।

# 11 माह बाद गुलजार हुए शिक्षा के मंदिर

## पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे बच्चे, शहर के निजी स्कूलों में कम रही उपस्थिति

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कोरोना काल के दौरान 11 महीने बाद सोमवार से कक्षा एक से पांचवी तक के स्कूल खुलने पर पहले दिन बड़ी संख्या में बच्चे स्कूल पहुंचे। हालांकि, अधिकतर निजी स्कूलों में जहां बच्चों की उपस्थिति कम दिखी वहीं, सरकारी स्कूलों में अधिक संख्या में छात्र पहुंचे। सरकारी स्कूलों में छात्रों का स्वागत भी टीका लगाकर व फूल बरसाकर किया गया।

पहले दिन बच्चों के स्वागत के लिए अधिकतर सरकारी स्कूलों को गुब्बारों, रंगोली व फूलों से सजाया गया था। बच्चे भी उत्साह से खुद से ही स्कूल को सजाते दिखाई दिए। हालांकि, प्राइमरी के स्कूल अलटरनेटिव डे पर खोले जाएंगे लेकिन, पहला दिन होने के कारण सरकारी स्कूल में अधिकतर कक्षाओं के बच्चे पहुंचे। वहीं इसके मुकाबले निजी स्कूलों में प्राइमरी क्लास के बच्चों की परीक्षा होने के चलते बच्चों को नहीं बुलाया गया। सिर्फ उन्हीं बच्चों को बुलाया जाएगा जिनकी अनुमति अभिभावक देंगे। अभी भी निजी स्कूल के अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं।

कविनगर स्थित परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बताया कि लंबे समय बाद स्कूल पहुंचे बच्चे खुश हैं। बच्चों में जहां स्कूल खुलने का उत्साह दिख रहा है तो वहीं अपने दोस्तों से मिलकर भी बच्चे बेहद खुश दिखाई दे रहे हैं। लंबे समय बाद स्कूल पहुंचे बच्चों का स्वागत धूमधाम से किया गया। वहीं मिड-डे मील भी बच्चों की पंसद का ही तैयार किया गया था। इस दौरान बच्चों ने कोरोना काल के दौरान अपने अनुभव भी बताए।

रॉयल किड्स स्कूल की निदेशक डॉ.रिचा सूद ने बताया कि परीक्षा होने के कारण अधिकतर अभिभावकों ने ऑनलाइन परीक्षा लिए जाने का अनुरोध किया है जिसके चलते 31 मार्च से स्कूल खोला जाएगा। अन्य निजी स्कूलों में भी परीक्षा के कारण बेहद कम संख्या में बच्चे पहुंचे तो वहीं कई स्कूलों में बच्चों की संख्या अच्छी खासी दिखाई दी।



स्कूल पहुंचे बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करती शिक्षिका।

# आरडीसी में मुनीम से 10 लाख की लूट

## 36 घंटों में लूट की दूसरी वारदात से कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र के व्यवसायिक केंद्र राजनगर डिस्टिक सेंटर (आरडीसी) में सोमवार दोपहर स्कूटी सवार तंमचाधारी दो लुटेरों ने एक घी कारोबारी के मुनीम को गन प्वाइंट पर लेकर उससे दस लाख रुपये लूटकर फरार हो गए।

दिनदहाड़े हुई इस लूट के बाद आरडीसी के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। इसी थाना क्षेत्र में रविवार तड़के भी हथियारबंद बदमाशों ने एक आयुर्वेदिक दवा कारोबारी के घर में घुसकर डेढ़ लाख नगद और करीब 15 लाख रुपए के जेवरात लूटकर फरार हो गए थे ।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (द्वितीय) अवनीश कुमार ने बताया कि लाल कुआं स्थित केआर मंगलम फूड के मुनीम नितिन शर्मा सोमवार दोपहर एचडीएफसी बैंक में 10 लाख रुपए जमा करने के लिए आरडीसी आए थे। जब वह कार पार्क कर रहे थे तभी स्कूटी पर सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और उन्हें गन प्वाइंट पर लेकर कार में रखा रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद नितिन शर्मा ने पुलिस को मामले की सूचना दी।

सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। एसपी सिटी निपुण अग्रवाल समेत तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की लेकिन, वह फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस लूट के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है और उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# डकैती का खुलासा नहीं होने पर व्यापारियों ने जताई चिंता

● आज पुलिस अधीक्षक को सौपेंगे ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

शहर के पॉश कॉलोनी राजनगर में ग्रिल काटकर डकैती की घटना से जहां लोग सहमे हुए हैं, वहीं व्यापारिक और अन्य संगठनों ने बढ़ते अपराध पर चिंता जाहिर की है। राजनगर छह निवासी दवा विक्रेता पवन गर्ग के निवास पर शुक्रवार रात को सोते हुए मकान की ग्रिल काटकर 6 बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। व्यापारियों का कहना है कि इस घटना से शहर में असुरक्षा का माहौल बन गया।

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने पवन गर्ग से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। समिति के पदाधिकारी आज को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें 3 दिन के अंदर घटना का वास्तविक खुलासा करने की अपील करेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि पुलिस की ओर से इस घटना के दोषियों के खिलाफ वास्तविक कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारियों के साथ आम लोग भी सड़कों पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**नोएडा।** शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि थाना फेस-3 क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार रात एक कार ने भूपेंद्र सिंह (45) को टक्कर मार दी।

प्रवक्ता ने बताया कि गंभीर हालत में सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में योगेंद्र (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए योगेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# धार्मिक इमारत के पुनर्निर्माण को लेकर विवाद, कई गिरफ्तार

● गांव में पुलिस तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर के रबूपुरा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में मस्जिद के पुनर्निर्माण को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। कहा गया कि एक समुदाय के कुछ लोगों ने विरोध करते हुए मस्जिद के पुनर्निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। दूसरा पक्ष मस्जिद बनाने की आड़ में सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा करने की योजना बता रहा है। इसकी वजह से गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस भी मामले में स्पष्ट जानकारी देने से बच रही है। गांव के दर्जनों लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। कुछ को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू हो गई है।

दरअसल गांव बीरमपुर में मुस्लिम समुदाय की मस्जिद बनी हुई है जो जर्जर हालत में है। मुस्लिम लोग उसे तोड़कर पुनर्निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने मस्जिद की आड में सार्वजनिक भूमि कब्जाने का आरोप लगाया और निर्माण बाधित किया।

## कृषि बिल के खिलाफ गांवों में हर दिन अनशन करेंगे पांच किसान

**हापुड़।** केंद्र सरकार द्वारा लागू तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने और एमएसपी की गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश किसान मजदूर मोर्चा गांवों में अनशन शुरू करेगा। इसके तहत प्रत्येक दिन गांव के पांच लोग अनशन करेंगे और नुक्कड़ सभा की जाएगी।

मोर्चा के प्रवक्ता मुकुल त्यागी (एडवोकेट) ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि पिछले तीन माह से दिल्ली की सीमाओं पर डटे रहने के बावजूद कोई सफलता नहीं मिली, इसलिए आंदोलन के नए स्वरूप के तहत प्रत्येक गांव, किसान व मजदूर को इससे जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोर्चे में शामिल 22 संगठनों के लोग सरकार को जगाने का काम करेंगे और बताएंगे कि ये कानून किसानों के खिलाफ हैं। त्यागी ने कहा, कई किसान व मजदूर कानून के विरोध में चल रहे धरने में नहीं जा सकते हैं, इसलिए अब हर गांव में प्रतिदिन पांच लोग अनशन करेंगे।



यमुना एक्सप्रेसवे किनारे बनने वाले फिल्म सिटी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# 'यमुना फिल्म सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाएं दें'

## मुख्यमंत्री योगी को प्राधिकरण सीईओ ने दिखाई प्रेजेंटेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित फि ल्म सिटी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक की है। यह बैठक सोमवार को लखनऊ में आयोजित की गई।

योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अफ सरों को आदेश दिया है कि यमुना फि ल्म सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएं। यह ऐसी फिल्म सिटी बने जिसमें फिल्म निर्माण से जुड़ी हर सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इस बैठक के दौरान यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने परियोजना का प्रेजेंटेशन भी मुख्यमंत्री के सामने पेश किया है। जिस पर योगी आदित्यनाथ ने कुछ सुझाव दिए हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे एक विश्वस्तरीय फिल्म सिटी का निर्माण करवा रही है। जिसके लिए 1000 एकड़ जमीन यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण आरक्षित कर चुका है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने खुद मुंबई जाकर फिल्म निर्माण से जुड़ी दिग्गज हस्तियों के साथ बैठक की थी। कई दौर की ऑनलाइन बैठक भी आयोजित की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक ऐसी फिल्म सिटी का निर्माण करना चाहते हैं, जो इंटरटेनमेंट, इंफ ॉर्मेशन, डिजिटल वर्ल्ड और फि ल्म प्रोडक्शन के क्षेत्र में माइलस्टोन बन जाए। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार हर संभव काम कर रहे हैं।

## जेवर एयरपोर्ट को एक्सप्रेसवे से जोड़ा जायेगा

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इसको लेकर हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है। अब जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा। जिसका निर्माण एनएचएआई करेगी। इस एक्सप्रेसवे को बनने के बाद रोजाना हजारों लोगों को बड़ा फायदा होगा। आपको बता दें कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफइंडिया दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है। इस एक्सप्रेसवे की लंबाई करीब 1250 किलोमीटर है।

# ट्रैक्टर ने पीसीआर वैन में मारी जोरदार टक्कर

● चालक फरार, दो पुलिसकर्मी हुए घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रबूपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे पर गश्त करने वाले पुलिस की पीसीआर में गलत दिशा से आ रहे एक बेकाबू ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में डयूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उधर, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कोतवाली की आरवी वन यमुना एक्सप्रेसवे पर तैनात रहती है। शनिवार रात करीब 9 बजे जैसे ही पुलिसकर्मी गाड़ी लेकर यमुन एक्सप्रेसवे के फ लैदा अंडरपास पर पहुंचे तभी सामने से गलत दिशा में आ रहे बेकाबू ट्रैक्टर ने पीसीआर वैन में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में डयूटी पर तैनात सिपाही राजन और संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

कोतवाली प्रभारी दिनेश यादव ने बताया कि दोनों सिपाहियों के हाथ, पैर और चेहरे पर चोट आई हैं। उन्हें ग्रेटर नोएडा के यर्थात अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से फ रार हुए ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।



हादसे में क्षतिग्रस्त पुलिस का वाहन।

# मनमानी के विरोध में रेयान स्कूल पर अभिभावकों का हंगामा

● परीक्षा दोबारा लेने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के रेयान इंटरनेशनल स्कूल के सामने सोमवार सुबह अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल के बाहर एकत्र हुए तथा स्कूल प्रबंधक की मनमानी को लेकर नाराजगी जताई।

अभिभावकों का कहना है कि ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया था लेकिन अब तक उसका परिणाम घोषित नहीं किया है। अभिभावक कह रहे हैं कि ऑनलाइन परीक्षा पहले ही स्कूल ले चुका है और अब ऑफ लाइन परीक्षा का आयोजन करवा रहा है। अभिभावकों ने ऑनलाइन परीक्षा का ही रिजल्ट जारी करने की मांग की।

जीपीडब्ल्यूएस के संस्थापक मनोज कटारिया ने बताया है कि स्कूल प्रशासन के उन्हीं आदेशों का पालन करता है, जिसमें उनको लाभ दिखाई देता है। हाल ही में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों को बच्चों के ऑफलाइन-ऑनलाइन परीक्षा के विकल्प दिए थे। परंतु कुछ स्कूलों में पूरी फीस वसूलने के चक्कर में ऑनलाइन परीक्षा करवाई गई थी। अब फिर एग्जाम करवाए जा रहे हैं।

## प्राधिकरण की आमदनी में 500 करोड़ का इजाफा

**नोएडा।** कोरोना महामारी के बावजूद यीडा की आमदनी बढ़ी है। पिछले वित्तीय वर्ष में 932 करोड़ का राजस्व मिला था, जबकि इस बार अब तक करीब 1500 करोड़ रुपये का राजस्व आ चुका है।

चालू वित्तीय वर्ष में दो हजार करोड़ रुपए तक राजस्व मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने कोरोना काल में भी बेहतर काम किया है। एयरपोर्ट आने की वजह से यहां पर निवेशकों का रुख बढ़ा है। यही कारण है कि प्राधिकरण की आमदनी में इजाफ ा हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष में 932 करोड़ का राजस्व मिला था। इसमें से 577 करोड़ रुपये योजनाओं से मिला था। इस साल अब तक करीब 1500 करोड़ रुपये की प्राप्तियां मिल चुकी हैं।

# संक्षिप्त समाचार



जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते न्याय पार्टी के कार्यकर्ता।

### पेट्रो पदार्थों की बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** सोमवार को पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ न्याय पार्टी ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लगातार बढ़ते पेट्रो पदार्थों के दामों से उनका बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है। उस पर पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों ने भी अन्य वस्तुओं पर मंहगाई बढ़ा दी है। केंद्र व राज्य सरकार पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स वसूल रही हैं लेकिन आम जनता को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। जबकि कोरोना काल में उद्योग-धंधे ठप होने की वजह से लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। ऐसे में इस बढ़ती महंगाई ने आमजन का हाल बेहाल कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



मसूरी गंगनहर में युवती की तलाश करती एनडीआरएफ की टीम।

### मसूरी नहर से मिली लापता युवती की लाश

**गाजियाबाद।** मसूरी इलाके में 5 दिन पहले गुमशुदा हुई युवती की लाश गंगनहर से बरामद हुई है। 24 तारीख को युवती अपने घर से संदिग्ध हालत में लापता हो गई थी। बाद में लोगों की सूचना पर पता चला था कि युवती गंगनहर में गिर गई है। घटना के बाद से ही एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय पुलिस युवती की तलाश कर रहे थे। कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को युवती की लाश बरामद कर ली गई। बताया जा रहा है कि युवती मानसिक रूप से भी परेशान थी। पुलिस मामले में सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। इसमें आत्महत्या का एंगल भी शामिल है। जिस समय युवती घर से लापता हुई थी, उस समय की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस देख रही है। परिवार के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। वहीं, चश्मदीदों से भी बात की जा रही है कि किन हालातों में युवती नहर में गिरी थी।

### अवैध खनन की शिकायत पर एसडीएम ने मारा छापा

**गाजियाबाद।** लोनी की उपजिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला ने देर रात ग्राम जावली मे हो रहे मिट्टी खनन को लेकर छापेमारी की। इस मौके पर तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की। साथ ही खनन कर्ताओं के विरुद्ध रॉयल्टी एवं जुमार्ना आरोपित किया। उनकी इस कार्यवाही के चलते लोनी क्षेत्र के खनन माफिया के बीच खलबली मची हुई है। एसडीएम शुभांगी शुक्ला का कहना है कि क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के संबंध में निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिसके क्रम में कार्यवाही जारी रहेगी।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110055

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | मोहम्मद अली हसन (कर्जदार), नरगिस परवीन (सह- कर्जदार) LBDEL00002378631 | फ्लैट नंबर 39, एलआईजी, चौथी मंजिल, ब्लॉक बी5, सेक्टर 34, पॉकेट 1, रोहीनी, नई दिल्ली 110085 क्षेत्र: 344 वर्ग फीट | रू. 14,43,292/- (फरवरी 20, 2021 तक) | रू. 9,00,000/- / रू. 90,000/- | मार्च 15, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | मार्च 24, 2021 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **मार्च 23, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ङ संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110055** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **मार्च 23, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110055** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **मार्च 23, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन. न. **8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन. न. **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : मार्च 02, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कोरोना टीकाकरण का दूसरा चरण

# वैक्सीन को लेकर बुजुर्गों में दिखा उत्साह

## राजधानी के 136 प्राइवेट और 56 सरकारी अस्पतालों में चला टीका अभियान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सोमवार से बुजुर्गों को टीके की पहली खुराक के साथ कोविड-19 टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू हुआ। इस चरण में बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। दिल्ली सरकार ने भी वैक्सीनेशन के लिए पूरी तैयारी कर ली थी। वैक्सीन को लेकर लोगों में शंका देखने को नहीं मिली। सोमवार को 136 निजी और 56 सरकारी अस्पताल में आम लोगों को टीका लगाया गया। इस मुहिम के तहत साठ साल के ऊपर के नागरिकों के साथ गंभीर रोग से पीड़ित 45 साल से ऊपर के मरीजों को भी टीका लगाया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने सोमवार को कहा सरकारी अस्पतालों में यह वैक्सीन पूरी तरह से मुफ्त दी जा रही है। इसके लिए हर व्यक्ति को को-विन एप पर अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। वहीं, निजी अस्पतालों में वैक्सीन पर शुल्क लिया जा रहा है। प्राइवेट अस्पतालों में वैक्सीनेशन का शुल्क 250 रुपए तय किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस टीकाकरण अभियान में 60 साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों के साथ किसी प्रकार की गंभीर बीमार से पीड़ित 45 साल से ऊपर व्यक्तियों को शामिल किया है।

45 साल से अधिक उम्र वाले बीमार लोगों को टीका लगवाने के लिए अपनी बीमारी से संबंधित डॉक्टर का सर्टिफिकेट दिखाना होगा। उन्होंने बताया राजधानी दिल्ली में 60 साल से अधिक उम्र के करीब 12 से 15 लाख लोगों है। साथ ही, किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित 45-59 साल से अधिक उम्र के करीब दो से तीन लाख लोग हो सकते हैं।

जैन ने बताया कि सरकार ने 20 तरह की बीमारियों की एक सूची बनाई है। इन 20 तरह की बीमारियों की सूची में से किसी भी बीमारी से कोई व्यक्ति ग्रसित है, तो वह वैक्सीन ले सकता है। इसके लिए उस व्यक्ति को डॉक्टर से बीमारी का प्रमाण पत्र दिखाना है। सरकार ने वैक्सीनेशन के लिए बहुत अच्छी तैयारियां की है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो और सभी को वैक्सीनेशन के लिए पूरा मौका दिया जा रहा है। वैक्सीनेशन के लिए लोगों की भीड़ कम करने के लिए एक ही अस्पताल में 2 से 3 केंद्र बनाए गए हैं, ताकि लोगों को बिना परेशानी के टीका लगाया जा सके।



स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन

इस तरह वैक्सीनेशन के लिए 192 अस्पतालों में 308 केंद्र खोले गए हैं। पंजीकरण से संबंधित सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि व्यक्ति को सबसे पहले को-विन एप पर जाकर खुद पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया काफी सरल बनाई गई है, जहां व्यक्ति अपनी जानकारी भरकर टीका लगवा सकता है। साथ ही, को-विन एप पर अपनी सुविधा के अनुसार समय और अस्पताल का भी चयन कर सकता है।



एलएनजेपी अस्पताल में कोविड-19 की पहली डोज लेती महिला। फोटो रंजन डिमरी।

1. को-विन एप पर जाकर पंजीकरण करना होगा
2. 60 साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को लग सकता है टीका
3. प्राइवेट अस्पतालों में वैक्सीनेशन का शुल्क 250 रुपए तय
4. 45 साल के गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को भी लगा टीका
5. 20 तरह की बीमारियों की एक सूची बनाई, दिखाना होगा प्रमाणपत्र

### हिंदुराव अस्पताल में लोगों को किया प्रोत्साहित

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर जय प्रकाश ने हिन्दुराव अस्पताल का निरीक्षण कर कर्मचारियों व टीका लगवाने आए वरिष्ठ नागरिकों को प्रोत्साहित किया। महापौर कहा कि कोरोना टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में खुद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने टीका लगवा कर यह साबित कर दिया है की टीका और टीका लगवाना दोनों सुरक्षित हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि सब मिलकर टीका सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाए। साथ ही खुद भी कोरोना से सुरक्षित हो।

### साढ़े 10 बजे से ही कतारों में लगे

*राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, बुजुर्ग लोगों को टीका लगते देखना सुखद रहा क्योंकि उन्हें सबसे ज्यादा संक्रमण का खतरा है। टीकाकरण अभियान दोपहर 12 बजे के करीब शुरू होना था लेकिन कई बुजुर्ग साढ़े 10 बजे से ही कतार में लग गए थे इसलिए समय से पहले ही टीकाकरण आरंभ कर दिया गया। एक सरकारी बैंक में प्रबंधक पद से रिटायर्ड होने वाले अरूण कुमार गुप्ता (66 साल) ने बताया कि उन्हें टीके के लिए तीन घंटे इंतजार करना पड़ा। वह कोविड-19 से कभी संक्रमित नहीं हुए और टीके को लेकर भी कोई डर नहीं था। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त इंद्र पाल के मुताबिक आरजीएसएस अस्पताल में टीके की खुराक लेने वाले पहले वरिष्ठ नागरिकों में वह शामिल थे। वह सुबह में यहां पहुंचे और पंजीकरण का कागज दिखाया। सवा ग्यारह बजे के करीब उन्हें टीका लगा।*

## 89 वर्षीय दंपति ने दिखाया साहस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार कोविड-19 टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में 89 वर्षीय बुजुर्ग दंपति और कोविड-19 से संक्रमित एक परिवार के चार सदस्यों का टीकाकरण किया गया। करीब 60 से 70 साल के बीच के परिवार के ये चारो सदस्य नंवबर 2020 में कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद इस लड़ाई से सफलतापूर्वक बाहर निकले।

इसमें एक बुजुर्ग, उसकी पत्नी के साथ उसका भाई व उसकी पत्नी हैं। कोविड-19 टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में 60 साल से अधिक उम्र के नागरिकों को और 45 से 59 वर्ष लोगों को जो खतरे के दायरे में हैं उनका टीकाकरण लगाया जा रहा है। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट 89 वर्षीय चंदरसेन मल्होत्रा अपनी पत्नी संतोष मल्होत्रा जिनकी उम्र भी 89 वर्षीय और बेटे व बहू के साथ टीकाकरण स्थल पर पहुंचे। नीले रंग की स्पोर्ट टी शर्ट में चंदरसेन मल्होत्रा ने पहले ब्लड प्रेशर चेक करवाया और टीकाकरण से पहले की सारी औपचारिकताएं पूरी की। व्हील चेयर पर उनके साथ पत्नी संतोष मल्होत्रा भी अपनी बहू के साथ थीं।

चंदरसेन मल्होत्रा के बेटे राकेश मल्होत्रा ने बताया कि मां ने गठिया के दर्द के बावजूद वो टीकाकरण कराना चाहती हैं। इसके साथ ही हम सभी ने टीकाकरण करवाया। मल्होत्रा टीकाकरण को लेकर बेहद उत्साहित थे, उनका रक्तचाप सामान्य से थोड़ा अधिक था, वो अपनी कॉरीडोर में परिजनों के साथ कोविशील्ड वैक्सीन लगवाने के लिए अपनी बारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

कोविड संक्रमित एक अन्य परिवार के चार सदस्यों ने भी वैक्सीन लगवाया। 65 वर्षीय चंदर मोहन शर्मा और 64 वर्षीय पत्नी कविता शर्मा के साथ उनके भाई मधुसूदन शर्मा और उनकी पत्नी रीता साहेल ने एनएचाई वैक्सीन सेंटर पर टीकाकरण करवाया।



मैक्स अस्पताल परिसर में पंजीकरण सूची में अपना नाम दर्ज कराते कतार में लगे लोग।

### कोरोना संक्रमण के 175 नए मामले, एक की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी में सोमवार को कोरोना वायरस के 175 नए मामले आए है। वहीं संक्रमण के एक व्यक्ति की मौत हो गई। लगतार दो दिन से दौ सौ कम मामले सामने आए है। वहीं तीन पहले दिल्ली में प्रतिदिन संक्रमण के दो सौ से अधिक मामले सामने आ रहे थे। शुक्रवार को कोविड-19 के 256 मामले सामने आए थे। बुलेटिन की माने तो अभी कोविड-19 के 1,335 से अधिक मरीज उपचाराधीन हैं। ज्ञात हो कि देश में लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे है। दिल्ली में कुछ इजाफा देखा गया जिसके बाद सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी। वहीं टीका लगाने की प्रक्रिया में तेज कर दी गई है।

## दिल्ली पुलिस के 80 प्रतिशत से अधिक कर्मियों को लगे टीके

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के 80 प्रतिशत से अधिक कर्मियों को कोविड-19 के टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शुक्रवार शाम सात बजे तक 66,246 पुलिस कर्मियों को कोरोना वायरस के टीके की पहली खुराक दी जा चुकी थी।

अधिकारी ने बताया कि ये सभी यातायात, अपराध शाखा, विशेष प्रकोष्ठ, सुरक्षा, मेट्रो, रेलेवे आदि इकाइयों में तैनात कर्मी हैं। सबसे अधिक पीसीआर इकाई के कर्मियों को टीके लगे हैं। दिल्ली के पुलिस आयुक्त एस एन श्रीवास्तव ने चाणक्यपुरी के प्राइमस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में नौ फरवरी को टीका लगवाया था।

इससे पहले, श्रीवास्तव ने सभी कर्मियों से जल्द से जल्द कोविड-19 का टीका लगवाने का आग्रह करते हुए कहा था कि अभी तक इसके कोई प्रतिकूल प्रभाव सामने नहीं आए हैं। परिपत्र में उन्होंने कहा था कि एक मार्च दिल्ली पुलिस कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस के अनुसार, कोविड-19 से अभी तक 34 कर्मियों की मौत हुई है।



अपनी बारी का इंतजार करते पुलिसकर्मी। फोटो रंजन डिमरी।

## मलेरिया का पहला मामला, डेंगू के भी दो केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार और नगर निगम के तमाम प्रयासों के बाद भी मलेरिया और डेंगू के मामले सामने आ रहे है। राजधानी में मलेरिया का पहला मामला सामने आया है। मामले की पुष्टि नगर निगम की साप्ताहिक रिपोर्ट में इस मामले की पुष्टि हुई है।

वहीं, डेंगू के मामलों की संख्या 2 पहुंच चुकी है। सोमवार को जारी नगर निगम की साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार राजधानी में मलेरिया ने दस्तक दे दी है। मामले की पुष्टि करते हुए इसकी जांच के बाद इस मामले के पूर्वी एमसीडी के इलाके से आने की बात की गई है। हालांकि इस बात की संतोष किया जा सकता है कि अभी चिकनगुनिया का कोई मामला सामने नहीं आया है।



दक्षिणी दिल्ली के एक वष्ठि अधिकारी ने बताया कि निगमों ने डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। इसके लिए स्वच्छता के तमाम प्रयास किए जा रहे है। घरों में जाकर लगातार जांच हो रही है। वहीं लापरवाही बरतने वालों पर भी कार्रवाई भी की जा रही है। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि दिल्ली में अब तक कुल 233 जगह लार्वा पाया गया है।

### ● जांच में 233 स्थानों पर पाया गया लार्वा

दोषी पाए जाने पर 24 मामलों में कार्रवाई भी की जा चुकी है। बता दें कि बीते साल राजधानी में डेंगू के 1,072 मामले सामने आए थे। डेंगू के चलते ही यहां एक मौत भी हुई थी। वहीं, मलेरिया-चिकनगुनिया के भी क्रमशः 228 और 111 मामले थे।

## लापरवाही से बाइक चलाने का विरोध करने पर युवक की हत्या

### ● भाई के भी मारा चाकू, हालत गंभीर, पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

द्वारका के बिंदापुर इलाके में लापरवाही से मोटरसाइकिल चला रहे युवक का कथित तौर पर विरोध करने पर एक व्यक्ति की हत्या की दी गई और उसके भाई को घायल कर दिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना रविवार रात की है, जब सूरज प्रकाश सिंह (30) और उसका भाई चंदर (28) नजदीक के बाजार से मछली खरीदने गए थे। उन्होंने बताया कि वहां उन्होंने लापरवाही से मोटरसाइकिल चला रहे एक युवक का विरोध किया, जिसपर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई और इसके बाद आरोपी ने अपनी साथियों को बुला लिया तथा दोनों भाइयों पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई,



जबकि छोटे भाई चंदर की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (द्वारका) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि घटना के सिलसिले में बिंदापुर थाने में एक मामला दर्ज किया गया है और मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान पीयूष शर्मा उर्फ काकू (19), संदीप शर्मा (31) और शिव नारायण (32) के तौर पर की गई है तथा वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महापौर ने 6 कक्षाओं का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** उत्तरी निगम के महापौर जय प्रकाश ने निगम प्राथमिक विद्यालय जयरानी बाग, पदम नगर में नव-निर्मित छह कक्षाओं का उद्धाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने चन्द्र शेखर आजाद कालोनी और बाग कड़े खां को जोडने वाली पुलिया का भी फीता काटा। उन्होंने कहा कि निगम विद्यालयों में लगभग 3 लाख बच्चे पढ़ते हैं। उन्हे बेहतर शिक्षा मुहैया करने के लिए निगम हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने दावा किया कि एनडीएमसी के विद्यालय किसी भी निजी स्कूल से कम नहीं है।



### संपत्ति कर आम माफी योजना 31 मार्च तक

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर आम माफी योजना की तारीख 28 फरवरी से बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया है। महापौर निर्मल जैन ने बताया कि इसके तहत पूर्वी दिल्ली के लोगों द्वारा अब अपनी रिहायशी, गैर रिहायशी एवं औद्योगिक संपत्तियों पर 31 मार्च 2021 तक पूर्ण बकाया तथा चालू वर्ष का संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज और जुर्माने पर 100 फीसदी की छूट दी जायेगी। निगम की ओर से यह मौका दिया गया है जिसका वे ज्यादा से ज्यादा लाथ उठाये। महापौर कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था करके संपत्तिकर दाताओं को संपत्तिकर भुगतान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे निगम के राजस्व में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। कर जमा करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों में विशेष काउंटर खोले गये हैं।

### स्थापना दिवस पर पूर्व छात्र सम्मानित

**नई दिल्ली।** लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने 26वें स्थापना दिवस पर पूर्व छात्रों को किया सम्मानित किया। इस मौके पर देश के जाने माने लेखक और प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया पूर्व सीईओ गुरचरण दास ने 'डोंट जस्ट मेक ऐ लिविंग, मेक ऐ लाइफ' पर व्याख्यान दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री और एलबीएसआईएम के अध्यक्ष अनिल शास्त्री ने की। कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने वाले पूर्व छात्रों में मनप्रीत सिंह (1996-98 ) ग्रुप हेड न्यू बिजनेस और विविधीकरण सलाहकार सोमानी इम्प्रेस्सा ग्रुप, अमित कुरसेजा (2003-05) हेड मर्चेंट एक्सेप्टेन्स अमेजन पे इंडिया, अर्डमन सिंह (1995 -97 ) निदेशक मानव संसाधन प्राब, एकता कुमार (1996 -98 ) कंट्री लीड (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) शेल इंडिया, गोपाल अय्यर (2004-06) सप्लाई चेन और ऑपरेशन ट्रांसफॉर्मेशन फोर सी एसोसिएट्स लिमिटेड, लंदन सम्मलित थे।

## मिस इंडिया दिल्ली मानसी सहगल आप में शामिल

### केजरीवाल के काम को सराहा, बोली राष्ट्र की समृद्धि के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के कुनबे में लगातार इजाफा होना जारी है। इस कड़ी में पूर्व मिस इंडिया दिल्ली मानसी सहगल ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया।

सहगल एक प्रशिक्षित इंजीनियर, टेडएक्स स्पीकर और एक उद्यमी हैं। उनका अपना एक स्टार्टअप है। मिस इंडिया दिल्ली प्रतियोगिता में दिए गए अपने परिचय में उन्होंने खुद को परोपकारी और अंग दान में गहरी रुचि लेने वाला बताया था। उन्होंने राजेंद्र नगर के विधायक राघव चड्ढा की मौजूदगी में आप में शामिल हुईं।



मानसी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ईमानदार शासन से प्रभावित हुईं इसलिए उन्होंने आप को चुना। किसी भी राष्ट्र की समृद्धि के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा दो मुख्य स्तंभ हैं। केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले कुछ सालों में इन दो क्षेत्रों में जबर्दस्त बदलाव हुए हैं।

मानसी ने कहा कि वह समाज के लिए बहुत कम उम्र से कुछ अच्छा करना चाहती हैं। उन्हें लगता है कि स्वच्छ राजनीति के माध्यम से दुनिया में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। य महिलाओं को राजनीति का सक्रिय हिस्सा बनने और आप में शामिल होने को लेकर उन्होंने बताया कि विशेष रूप से महिलाओं से अनुरोध करेंगी कि वे उनके साथ शामिल हों और राजनीति को बदलें। सहगल खुद की तरह कई अन्य लोगों को न केवल पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगी बल्कि दिल्ली के लोगों की सेवा करने में मदद करेंगी। चड्ढा ने कहा कि केजरीवाल के जन शासन मॉडल से प्रेरित होकर नारयणा क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग आज आप परिवार में शामिल हुए, जिसमें मिस इंडिया दिल्ली 2019 मानसी सहगल भी है।

## गूगल मैप पर लोकेशन साझा करें बार व रेस्तरां: आबकारी विभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी विभाग ने क्लब, रेस्तरां और होटलों के मालिकों को अपने प्रतिष्ठान की लोकेशन गूगल मैप पर साझा करने का निर्देश दिया है जिससे एक डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जा सके। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विभाग ने कहा कि निर्देश का पालन न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में एक हजार से अधिक होटल, क्लब और रेस्त्रा बार हैं जिनके पास ग्राहकों को शराब बेचने का लाइसेंस है। आबकारी विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रतिष्ठानों को अपनी लोकेशन संबंधी जानकारी अक्षांश और देशांतर के जरिए देनी होगी। एक अधिकारी ने कहा कि इस निर्णय से किसी क्षेत्र में इस प्रकार के प्रतिष्ठानों की भौगोलिक स्थिति जानने में सहायता मिलेगी।

अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय आबकारी विभाग में सुधार के तहत लिए गए हैं। उन्होंने कहा, किसी क्षेत्र में क्लब, होटल और रेस्तरां की लोकेशन डिजिटल माध्यम से मालूम करना आसान है। अगर हमारे पास डिजिटल डेटाबेस है तो हम उसके अनुसार निर्णय ले सकते हैं। आने वाले महीनों में इस प्रकार के डेटाबेस को आबकारी नीति के लिए उपयोग किया जा सकता है।

# ट्रायल में पैरा खिलाड़ियों ने दिखाया...हम किसी से कम नहीं

## पैरा एथलीटों का हरियाणा चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

## भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पद्मश्री दीपा मलिक के नेतृत्व में हुए ट्रायल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**खिलाड़ियों** के जोश, जुनून, जज्बे और शारीरिक तौर पर हुनर को देख हर कोई अचंभित था। वे एक-दूसरे को पछाड़ने को पसीना बहा रहे थे। उन्होंने दिखा दिया कि वे सामान्य खिलाड़ियों के बराबर ही मेहनत करते हैं। अवसर था यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में नेशनल पैरा चैंपियनशिप के लिए हरियाणा स्टेट के खिलाड़ियों के ट्रायल का। यह ट्रायल भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की अध्यक्ष पद्मश्री दीपा मलिक के नेतृत्व में आयोजित किए गए।



गुरुग्राम में ट्रायल देते पैरा खिलाड़ी।

झज्जर की पूजा मोर ने 400 और 1500 मीटर में पहला स्थान हासिल किया। टी-37 श्रेणी में नवदीप ने 100 और 200 मीटर में पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह लड़कों की टी-36 श्रेणी में 1500 मीटर रनिंग में दिनेश कुमार ने पहला स्थान, टी-46 श्रेणी में धर्मेंद्र ने 400 मीटर में पहला स्थान हासिल किया। पैरा ओलंपिक कमेटी की अध्यक्ष ओलंपियन, अर्जुन अवार्डी व खेल रत्न दीपा मालिक ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों के लिए शुभकामनाएं दी। चयनित खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेलों में वे हरियाणा की झोली में मेडल डालकर नाम रोशन करेंगे।

इस मौके पर पुराने पैरा खिलाड़ी 1998 एशियन गेम्स में मेडल विजेता दिनेश, 100 मीटर नेशनल चैंपियनशिप में मेडल लेने वाले अमित खन्ना, सीनियर भीम अवार्डी ज्ञानेंद्र और राजेश को भी यहां आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने तैयारियों को सराहा। दीपा मलिक ने खेल विभाग के उप-निदेशक छाजूराम गोयल, जिला खेल अधिकारी जेजे बैनर्जी, जीएमडीए की टीम, स्कॉटिश हाई स्कूल के वॉलंटियर्स और निर्वाणा अस्पताल से डा. हिमांशु समेत उनकी फिजियोथैरेपी की टीम एम्बुलेंस समेत पूरे ट्रायल समय में तैनात रही।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया स्वच्छता का संदेश


गुरुग्राम के सेक्टर-29 में मेगा स्वच्छता कार्यक्रम में स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित करते निगमायुक्त विनय प्रताप, मेयर मधु आजाद, सीनियर डिप्टी मेयर प्रमिला कबलाना, डिप्टी मेयर सुनीता यादव व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केन्द्रीय** आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्थानीय सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली पार्किंग परिसर में मेगा स्वच्छता उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। स्वच्छता उत्सव में विशेष तौर पर गूगल ब्वाय कौटिल्य पंडित भी शामिल हुए।

स्वच्छता उत्सव में गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद, सीनियर डिप्टी मेयर प्रोमिला गजेसिंह कबलाना, डिप्टी मेयर सुनीता यादव एवं निगमायुक्त विनय प्रताप सिंह सहित निगम पार्षदों एवं अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उत्सव में विभिन्न वार्डों में की जा रही स्वच्छता गतिविधियों को संबंधित निगम पार्षदों द्वारा स्टॉल लगाकर दर्शाया गया, ताकि अन्य वार्डों में भी इस प्रकार की गतिविधियों को बढ़ावा मिले और गुरुग्राम स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतरीन बने। तथा नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने तथा गुरुग्राम को स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर एवं बेहतरीन शहर बनाने के लिए जागरूक किया। उपस्थित नागरिकों ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में गुरुग्राम को नंबर-वन रैंकिंग पर लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वच्छता गुरू मैस्केट तथा गुरुग्राम का स्वच्छता गीत भी लांच किया गया।

### भागीदारी करने वालों को दिया अवार्ड

**बेहतरीन** रंगोली के लिए वार्ड-15 व 34, बेहतरीन डिस्पले के लिए वार्ड-20, 32 व 29, सोशल इम्पैक्ट के लिए पूर्व डिप्टी मेयर परमिन्द्र कटारिया, वार्ड-15 व 32, मोस्ट इनोवेशन के लिए वार्ड-34, 28 व 33, सस्टेनेबल अवार्ड के लिए वार्ड-3, 15 व 30, प्रथम प्लास्टिक फ्री मार्केट के लिए वार्ड-15, मोस्ट इंटरैक्टिव एवं एंगेजमैंट के लिए वार्ड-34, 15 व 29, स्पेशल रिकगनाईजेशन के लिए ग्रीन बन्धु, वसुंधरा, ई-स्वच्छ, बैलेंसिंग बिट्स, बुलंद आवाज, वार्ड-7 व 9, सैनीटेशन फैस्ट चैंपियन के लिए वार्ड-15, सफाई मित्र, टीन्स ऑफ गॉड, बुलंद आवाज, वार्ड-29, 34, 32 व 15, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतरीन प्रस्तुति के लिए राजीव रंजन, साहस एनजीओ व अनाया चौधरी, अर्थ मॉडल के लिए दीपा जोशी, आई लव गुरूग्राम के लिए पीयूष, आर्ट वर्क के लिए योगी कुमार, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति के लिए राजकीय विद्यालय सैक्टर-4, द अर्बन, टीन्स ऑफ गॉड, सिंगर विकास, अभिनव व विश्वास, कविता प्रस्तुति के लिए लोकेश चौधरी व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए राजकीय कन्या विद्यालय गुरुग्राम गांव, देवेश गुप्ता एवं हरीराम शामिल थे।

### बिना ट्रेड लाइसेंस के स्पा सेंटर नहीं कर सकेंगे मसाज, प्रशासन ने

# ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले तेरह स्पा सेंटरों पर लगाई सील

## ओमैक्स सिटी मॉल के सेंटरों पर जोनल टैक्सेशन आफीसर ने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** नगर निगम अधिनियम के तहत ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले स्पा सेंटरों पर नगर निगम गुरुग्राम द्वारा कार्रवाई की गई। इसके तहत जोन-4 क्षेत्र के सोहना रोड स्थित ओमैक्स सिटी सेंटर मॉल में संचालित 13 स्पा सेंटरों को सील किया गया।

सोमवार को जोनल टैक्सेशन ऑफिसर देवेन्द्र कुमार की टीम सोहना रोड स्थित ओमैक्स सिटी सेंटर मॉल पहुंची। यहां पर बिना ट्रेड लाइसेंस प्राप्त किए संचालित किए जा रहे 13 स्पा सेंटरों को सील करने की कार्रवाई टीम द्वारा की गई। सील किए गए स्पा सेंटरों में गोल्डन स्पा, हेवन्ली स्पा, दा टू स्पा, दा ओसेन स्पा, दा डायमंड स्पा, वैलनेस स्पा एवं दा बल्यू स्पा सहित अन्य स्पा शामिल हैं।



# टीमों ने 88 बिजली चोरियां पकड़ कर वसूला 41 लाख रुपये जुर्माना

## बिजली निगम के अभियान से शहर में बिजली चोरों में मचा हड़कप

**सोहना।** बिजली निगम की तीन टीमों ने बीते दो दिन में शहर के अंदर तोवड़तोड़ की गई छापामारी के दौरान 88 चोरी के मामले पकड़े है। जिन पर बिजली निगम ने करीब 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बिजली निगम के इस अभियान से शहर में बिजली चोरी करने वालों में हड़कप मचा हुआ है। शनिवार और रविवार को बिजली निगम ने शहर में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ तावड़तोड़ अभियान चलाया। जिसके लिए बिजली निगम ने शहर में तीन टीमों का चयन करके छापामारी की गई। वैसे तो यह अभियान पूरे प्रदेश में तीन दिन का था, लेकिन जिस प्रकार से बिजली की चोरियां पूरे प्रदेश में पकड़ी गई। उससे राज्य में हड़कंप मच गया था। शहर के अंदर शनिवार को 22 घरों में बिजली की चोरियां पकड़ी गई। जिन पर 12 लाख रुपये से भी अधिक का जुर्माना लगाया गया। वहीं 28 फरवरी को शहर के अंदर तीन टीमों ने 66 बिजली चोरी के मामले बनाएं। जिन पर निगम की टीमों ने करीब 18 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इस दो दिन के अभियान में कुल 88 मामले पकड़े तथा 88 बिजली चोरी करने वालों पर 30 लाख रुपये के करीब जुर्माना लगाया गया है।

**फरवरी में 128 चोरियां पकड़ीं :** बिजली निगम ने टीम ने शहर में फरवरी माह के अंदर 128 स्थानों पर बिजली की चोरियां पकड़ी हैं। जिन पर 41 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जिसमें से निगम को मात्र तीन लाख रुपये की वसूली हुई है। अभी भी 38 लाख रुपये के करीब पकड़ी गई बिजली चोरी का पैसा बकाया है।

# चोरों ने कई वाहनों पर किया हाथ साफ

**पलवल।** चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो बाइक, एक स्कूटी व एक ई-रिक्शा को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार चोर होड़ल की वाल्मीकी कालोनी प्रवीण की स्कूटी को होड़ल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसनपुर चौक से, चरण सिंह कालोनी निवासी योगेश कुमार की बाइक को कालोनी से ही, पलवल की कृष्णा कालोनी निवासी ललित कुमार के ई-रिक्शा को शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना सोहना मोड़ से व गांव पेलक निवासी विवेक की बाइक को मोती कालोनी से चोरी कर ले गए।

# लाफ्टर क्लब लाफ्टर से तनाव को कर रहा दूर

## बीजेपी नेता नवीन गोयल ने किया लाफ्टर क्लब की पत्रिका का विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बीजेपी** युवा नेता एवं कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने सोमवार की सुबह यहां सेक्टर-56 स्थित स्मृति वाटिका पार्क में लाफ्टर क्लब की लाफ्टर एक्सप्रेस पत्रिका का विमोचन किया। इस दौरान लोगों ने उन्हें कई समस्याओं से भी अवगत कराया, जिनके निराकरण को उन्होंने मौके पर ही नगर निगम व पुलिस अधिकारियों से बात की। लाफ्टर क्लब के चेयरमैन डा. आनंद तायल, संस्थापक ओपी चोपड़ा व डा. आरके वर्मा की मौजूदगी में नवीन गोयल ने लाफ्टर एक्सप्रेस पत्रिका का विमोचन करने के बाद कहा कि लाफ्टर क्लब सिर्फ हमें हंसाता नहीं है, बल्कि दिन भी अच्छा बनाता है। इस कार्यक्रम में बीजेपी नेता नवीन गोयल के समक्ष लोगों ने कुछ समस्याएं भी रखीं।


गुरुग्राम के सेक्टर-56 पार्क में लाफ्टर क्लब पत्रिका के विमोचन पर एकत्रित लोग।

लोगों ने बताया कि सेक्टर-56 चौक पर कुछ रेहड़ी वाले शराब पीते हैं। जिससे लोगों को परेशानी होती है।

नवीन गोयल ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सेक्टर-56 थाना प्रभारी से बात की और लोगों की इस शिकायत पर कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही सनसिटी व सेक्टर-56 के कट को बंद कर दिया गया है। इससे लोगों को परेशानी होती है। इस पर भी उन्होंने पुलिस अधिकारी से बात की। यहां पर दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है। इसके साथ ही पार्क में शौचालय नहीं होने की कमी भी यहां लोगों ने उन्हें बताई।

# कलम से नई दिशा समाज को देते हैं कवि और साहित्यकार : सिंगला

## सीसीए स्कूल में मुशायरे में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विधायक** सुधीर सिंगला ने कहा कि मुशायरा और कविता पाठ जैसे कार्यक्रम नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कविता, शायर और साहित्यकार अपनी कलम के माध्यम से समाज को नई दिशा देते हैं। कोरोना महामारी काल के कारण तनाव में हुए जनमानस को तनाव से उभारने को ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। ये बातें उन्होंने बीती शाम यहां सेक्टर-4 स्थित सीसीए स्कूल में सुरूचि परिवार की ओर से आयोजित मुशायरा कार्यक्रम में कहीं।


मुशायरा कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला मुख्य अतिथि थे, वहीं अध्यक्षता बीजेपी युवा नेता नवीन गोयल ने की। कार्यक्रम का संचालन संस्था महासचिव मदन साहनी ने किया।

कोरोना को हराने के लिए एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि कवि, साहित्यकार, गजलकार सभी समाज को अपनी कलम व वाणी के माध्यम से एक नई दिशा देते हैं।

# चार युवकों को कुचलने वाले चालक को पकड़ने में पुलिस नाकाम

## आरोपी अज्ञात चालक ने तीन युवकों की ले ली जान, एक को किया गंभीर घायल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गांव** राहाका के बस स्टैंड पर सड़क किनारे खड़े चार युवकों को कुचलकर भागने वाला अज्ञात वाहन 72 घंटा का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। आरोपी चालक पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई थी तथा एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की पहचान और आरोपी चालक की गिरफ्तारी को लेकर जांच करने का दावा कर रही है। मालूम रहे कि 27 फरवरी की रात के समय में पांच दोस्त राहाका गांव में एक शादी समारोह में आए थे। समरोह में खाना खाने के बाद सभी जाते समय राहाका के बस स्टैड पर सड़क किनारे खड़े होकर बातें कर रहे थे। उसी समय तेज रफ्तार में एक वाहन आया। उसने 5 में से 4 युवकों को जबरदस्त टक्कर मारी। जिससे तीन युवकों की घटना स्थल पर मौत हो गई थी। मरने वालों में इरफान निवासी जमालगढ़ थाना पुन्हाना जिला नूंह व लवलेस निवासी जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश व एक अन्य की मौत हो गई थी। जबकि एक को गंभीर चोटें आई थी। पांचवा युवक तालीब हादसे से एक मिनट पहले कुछ दूरी पर शौच करने के लिए चला गया था। निमौठ चौकी पुलिस ने तालीब की शिकायत पर अज्ञात वाहन व उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज तो कर लिया।

# तीन लाख सोलह हजार लोग हुए आयुष्मान योजना में कवर

## विधायक दीपक मंगला ने कहा आयुष्मान कार्ड बनवाएं सभी लोग

## पहली मार्च से 15 मार्च तक चलाया जा रहा आयुष्मान पखवाड़ा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विधायक** दीपक मंगला ने कहा कि गरीब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना चलाई है। इस योजना का लाभ आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मिलेगा, इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ लेने के लिए आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाना चाहिए। सरकार की ओर से पहली मार्च से 15 मार्च 2021 तक आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड फ्री में बनाए जाएंगे।

विधायक दीपक मंगला ने ये जानकारी सोमवार को नागरिक अस्पताल परिसर में स्थित जेएनएम कॉलेज के सभागार में एक से 15 मार्च, 2021 तक चलने वाले आयुष्मान भारत योजना पखवाड़े का शुभारंभ करने के दौरान दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 की आर्थिक जनगणना के आधार पर जिला के 58 हजार 9 परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र पाया गया था, जिसमें 3 लाख 16 हजार से अधिक व्यक्ति कवर हो रहे हैं। अभी तक जिन परिवारों ने आयुष्मान भारत के कार्ड बनवाएं, उनकी संख्या कम है। अत॰ सरकार ने निर्णय लिया है कि जो परिवार अभी तक अपना कार्ड नहीं बनवा पाएं हैं, उन्हें इस योजना का लाभ देने के लिए इस पखवाड़े के दौरान उनके कार्ड फ्री में बनाए जाएं।



उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत के तहत पात्र परिवारों की सूची वेबसाइट के अलावा सभी सरपंच, आशा वर्कर व सीएससी सेंटर पर उपलब्ध है, इसलिए सभी पात्र लोग अपना नाम देखकर कार्ड अवश्य बनवा लें। इस योजना के तहत एक साल में एक परिवार के लिए 5 लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा है।

सिविल सर्जन डा. ब्रह्मदीप ने बताया कि भारत में आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को इलाज के लिए पांच लाख रुपये की सबसे बड़ी बीमा योजना है। जिला में इस योजना की सुविधा 11 प्राइवेट अस्पतालों तथा 7 सरकारी अस्पतालों में दी जा रही है।

# जो कमी खुद महसूस की, उन्हें दूसरों के लिए कर रही हूं दूर : पद्मश्री दीपा मलिक

## पैरा खिलाड़ियों के ट्रायल के दौरान दीपा मलिक ने कही यह बात

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुए हरियाणा के खिलाड़ियों के ट्रायल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**भारतीय** पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की अध्यक्ष पद्मश्री दीपा मलिक ने कहा कि बहुत सी कमियों के बावजूद भी उन्होंने सदा अपने खेल पर फोकस करके अच्छा करने का प्रयास किया और करके दिखाया। अब वे खुद भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष हैं। इसलिए वे पैरा खिलाड़ियों को हर वे सुविधाएं देना चाहती हैं, जिनके वे हकदार हैं। ये बातें उन्होंने यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप के लिए पैरा खिलाड़ियों के ट्रायल के दौरान विशेष बातचीत में कही।

पद्मश्री दीपा मलिक ने कहा कि पैरा खिलाड़ी होने के नाते वे जानती हैं कि इस श्रेणी के खिलाड़ियों को सामान्य खिलाड़ियों की श्रेणी से अलग नजर से देखा जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा नहीं है। यानी पैरा खिलाड़ी भी सामान्य खिलाड़ियों की तरह पसीना बहाते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में उन्होंने जो-जो कमियां महसूस की, उन सब कमियों को यहां आज के पैरा खिलाड़ियों के समय में दूर किया। उन्हें हर वह सुविधा दी, जो कि सामान्य खिलाड़ियों को मिलती हैं। चाहे वे मेडिकल से संबंधित हों या फिर डाइट से संबंधित। उन्होंने दावे के साथ कहा कि पैरा खिलाड़ियों के साथ ऐसा पहली बार हुआ है कि उन्हें खेलों के लिए इस तरह की सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने पुराने पैरा खिलाड़ियों का भी आह्वान किया कि वे भी आगे आएं और पैरा खेलों को आगे लाने में अपना योगदान दें। तय मापदंडों पर यहां ट्रायल कराए गए और खिलाड़ियों का बेहद ही बारीकी के साथ चयन किया गया।


भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पद्मश्री दीपा मलिक।

### रिफ्रेशमेंट व प्रोटीन रहा था प्रबंध

**पीसीआई** अध्यक्ष दीपा मलिक के अनुसार यहां खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट के साथ-साथ भोजन की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। उनको प्रोटीन शेक भी दिया गया, ताकि एनर्जी लेवल बना रहे। पैरा खिलाड़ियों के इस ट्रायल में प्रबंध और सुविधाओं को देखकर नहीं लगा कि ये किसी राज्य स्तर के खिलाड़ियों का ट्रायल हो, बल्कि यहां उन्हें दी गई सुविधाओं से यह लगा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की यहां स्पर्धा हो रही हैं। कोरोना महामारी के नियमों का यहां खास ख्याल रखा गया।

# अवैध हथियार सहित एक युवक गिरफ्तार

**पलवल।** पुलिस की डिटेक्टिव सैल टीम ने गश्त के दौरान सदर थाना क्षेत्र से एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव सैल इंचार्ज विश्व गौरव के अनुसार मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गांव महेशपुर के समीप एक युवक अवैध हथियार सहित मौजूद है।

सूचना मिलते ही एसआई चंदन सिंह व हैड कांस्टेबल कर्मवीर के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई और आरोपी को काबू कर लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपी से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल निवासी गांव महेशपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिला इंजीनयरों को विशेष रूप से बढ़ावा देने के लिए गूगल के सहयोग से चल रहा है कार्यक्रम

## तीसरे समूह में देश भर की 500 महिला इंजीनियर विद्यार्थियों को आगे लाने की योजना, पहले और दूसरे समूह की महिला इंजीनियरों को प्रतिष्ठित टेक फर्मों में इंटर्नशिप और नौकरियों का मिला मौका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रसिद्ध** एड-टेक प्लेटफार्म और एनसीई ग्रुप की कंपनी, टैलेंट स्प्रिंट ने आज सोमवार को तीसरे समूह के महिला इंजीनियर्स प्रोग्राम (डब्ल्यूई) के लांच करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में गूगल का सहयोग भी शामिल है। टैलेंट स्प्रिंट डब्ल्यूई का गठन साल 2019 में टेक इंडस्ट्री में फैली लैंगिक असमानता को दूर करने के उद्देश्य से किया गया था। पहले के दो समूहों को इंडस्ट्री ने जिस तरह से प्रतिसाद मिला उसको देखते हुए, अब तीसरे समूह में 500 प्रतियोगियों को जगह देने की कोशिश की गई है। इस समूह में देश भर की प्रथम वर्ष की महिला विद्यार्थियों को लक्ष्य में रखा गया है, जिसकी शुरुआत मई 2021 से की जाएगी।

यह बात सर्वविदित है कि कम्प्यूटर युग के शुरुआती दिनों में महिलाओं की काफी अहम् भूमिका रही थी। लेडी ऐडा लवलेस और एडमिरल ग्रेस हॉपर, दोनों महिलाएं क्रमश: दुनिया की पहली कंप्यूटर प्रोग्रामर और सॉफ्टवेयर टेस्टर रही थीं। इस शुरुआती रोल मॉडल होने के बावजूद महिला प्रोफेशनल्स की भूमिका टेक्नोलॉजी सेक्टर में कम होती गयी और आज के ग्लोबल टेक वर्कफोर्स में महिलाओं की उपस्थिति सिर्फ 26फीसद रह गयी हैं। इस लैंगिक असमानता को दूर करने के उद्देश्य से टैलेंट स्प्रिंट वी प्रोग्राम ने देश भर से प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग महिलाओं को चुनने, प्रशिक्षित करने और उनको तैयार करने का बीड़ा उठाया है। इन प्रतिभाशाली ऐकडेमिक महिलाओं को, जो विभिन्न सामाजिक बैकग्राउंड से आती हैं,सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहन देने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाता है।

पहले के दो समूहों के लिए कुल 27,000 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 220 प्रतिभागियों को इस प्रोग्राम में भाग लेने का मौका दिया गया था। अब तक 50 प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे गूगल, अमेज़न, फ्लिपकार्ट, माइक्रोसॉफ्ट, गोल्डमैन सच्स, एक्सेंचर, एडोबे, कपजेमिनि, ओरेकल, गोजेक, मैथवर्क्स और दूसरी कंपनियों ने उनको इंटर्नशिप या नौकरियों के प्रस्ताव दिए थे। इसके अलावा इनको एंट्री-लेवल के इंजीनियरों से 150 फीसद ज्यादा की सैलरी दी गयी।

# 100 रुपये की जांच से होगा थैलेसीमिया और डायबिटीज से बचाव

कविता। फरीदाबाद


सिविल अस्पताल की लैब में हाई परफारमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी) मशीन लगाई गई है। मशीन से मरीजों में हीमोग्लोबिन और थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की जांच की जाएगी। इस मशीन से अस्पताल में आने वाले असामान्य हीमोग्लोबिन से संबंधित बीमारियों से मरीजों की जांच की जा सकेगी। थैलेसीमिया और शूगर रोग से ग्रस्त मरीजों की भी स्क्रीनिंग कर बीमारी से बचाव किया जा सकेगा।

थैलेसीमिया रोग में मरीज के शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसके कारण उसे पूरा जीवन रक्त चढ़ाने की जरूरत बनी रहती है। मशीन से तीन माह के दौरान

## गर्भावस्था में और शादी से पहले जरूर करवाये जांचः डॉ. सविता

मरीज के शरीर में शुगर लेवल का औसत भी आसानी से निकाला जा सकता है। जानकारी के मुताबिक ब्लड सेल के डिसऑर्डर की पहचान के लिए सिविल अस्पताल में मुख्यालय की ओर से हाई परफारमेंस क्रमेटोग्राफी (एचपीएलसी) मशीन भेजी गई थी।

करीब 18 लाख रुपये कीमत की इस मशीन को अस्पताल के तृतीय तल पर मौजूद प्रयोगशाला में लगाया गया है। सिविल अस्पताल की प्रयोगशाला के इंचार्ज डा. एसएस दहिया ने बताया कि इस मशीन



के जरिये गर्भावस्था के दौरान ही यह पता लगाया जा सकता है कि बच्चों में थैलेसीमिया होने की संभावना है या नहीं।

## थैलासीमिया का पता

बीके अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि क्षेत्रों के अनुसार कुछ समुदायों में थैलासीमिया की बीमारी पाई जाती है। इस मशीन से बच्चों के साथ उनके स्वजनों की भी जांच की जाएगी। अब मरीजों को जांच करवाने के लिए रोहतक मेडिकल कॉलेज नहीं जाना पड़ेगा। बच्चों में खून में आवश्यक तत्वों की जांच भी यहीं हो सकेगी। यह जांच गर्भावस्था में और शादी से पूर्व करवाये तो आने वाली पीढ़ी को इन बीमारियों से मुक्त किया जा सकता है।

### मात्र 100 में जांच

पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि निजी प्रयोगशाला में यह एचबीए वन सी वाली जांचें 400 से 500 रुपये में होती है। वहीं दूसरी तरफ एचबीएफ और एचबीए टू की जांच 2000 रुपये में की जाती है, लेकिन यह तीनों जांचे बीके अस्पताल में मात्र 100 रुपये में की जा रही है। जिसमें बीमारी का पता लगाने के बाद उसका इलाज शुरू किया जा सकता है।

### सिविल अस्पताल में होगा इलाज शुरू

सिविल अस्पताल में प्रयोगशाला के इंचार्ज डॉ. एसएस दहिया ने बताया कि यह मशीन हीमोग्लोबिन अथवा खून में तत्वों की जांच कर सकती है। इससे हीमोग्लोबिन एवं सामान्य है या नहीं इस बात का भी पता लगाया जा सकेगा। पिछले तीन महीनों की रिपोर्ट इसमें एक साथ मिल सकेगी। जिससे मरीज का इलाज करने में सफलता मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ 15 बाइक बरामद



फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद शहर से दर्जनों मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी में दीपक पुत्र बीरपाल निवासी गांव हसापुर, थाना चांदहट, पलवल और मंजीत पुत्र मंगत सिंह निवासी गांव नंगलीया, थाना चांदहट, पलवल शामिल है। क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपी पिछले 5-6 माह से फरीदाबाद में लगातार मोटरसाईकिल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। आरोपियों से थाना सेक्टर 58, शहर बल्लभगढ़, सेक्टर 17, सेंट्रल, आदर्श नगर, पल्ला एरिया से चोरी की गई 12 वारदातों को सुलझाया है। इसके अलावा पुलिस टीम ने आरोपियों से तीन मोटरसाईकल 102 सीआरपीसी के तहत कब्जे में ली है। पुलिस टीम ने आरोपियों से कुल 15 मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी से बरामद की गई मोटरसाइकिल में बुलेट, स्प्लेंडर, बजाज इत्यादि मोटरसाइकिल शामिल है। पुलिस टीम ने आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है रिमांड के दौरान आरोपियों से अन्य वारदात सुलझने की संभावना है।

### दो दिवसीय सम्मेलन समारोह आयोजित



फरीदाबाद। एनएच-4 स्थित आर्य समाज मंदिर में 48वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन समारोह का समापन हुआ। जहां पर सर्व प्रथम हवन यज्ञ और प्रवचन के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। समारोह में उपस्थित पुरुष एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि फरीदाबाद पेट्रोलियम असोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी मनमोहन गुप्ता थे। इस दौरान मेरठ और फरीदाबाद से उपस्थित कवियों ने समारोह में समाबांध रखा। समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेरठ से मुख्य वक्ता के रूप में आए आचार्य डा. संजय याज्ञिक ने कहा कि देश के नवनिर्माण के लिए युवा शक्ति का अहम योगदान है। जिसके लिए महर्षि दयानंद के आदर्शों पर चलकर कार्य करना जरूरी है। महर्षि दयानंद ने देश की आजादी, अंध विश्वास निवारण, स्त्री शिक्षा, छुआछूत व जाति बंधन में अतुलनीय योगदान देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आर्य समाज के मंत्री विकास भाटिया ने कहा कि कोरोना निवारण में यज्ञ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यज्ञ से जीवाणुओं का नाश होता है, वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने आर्य समाज के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पूर्व नौसेना अधिकारी राजेश वाधवा ने आर्य समाज के कार्यों पर प्रकाश डाला। समारोह में श्रुति सेतिया, जितेंद्र तायल, नोएडा से आए सहदेव सरस ने देश भक्ति व आर्य समाज के मधुर भजन सुनाए। इस अवसर पर आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान शिव कुमार टुटेजा, डा. सत्यदेव, माता स्वदेश सत्यार्थी, निर्मला भाटिया, स्वर्णलता सखूजा, कौशल बोहरा, वंदना सतीजा, वसु मित्र सत्यार्थी, जोगेंद्र कुमार, प्रदीप गुलाटी, डा. संजय चौहान, संजय सखूजा, प्रधान कर्मचंद शास्त्री, वरिष्ठ उपप्रधान कुलभूषण सखूजा, मंत्री विकास भाटिया, महामंत्री योगेंद्र फोर, कोषाध्यक्ष कुलदीप गोयल व प्रचार मंत्री संदीप गोयल आदि मौजूद रहे।

### मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप का हुआ समापन

फरीदाबाद। दूसरी फरीदाबाद मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एसएस मान थे। दो दिन चलने वाली



चैंपियनशिप का समापन हुआ। टूर्नामेंट में जितने ने वालों को प्राइस वितरण किया गया। खिलाड़ियों ने 35 प्लस में सिंगल में पुलकित ने आशीष को हराया। 35 डबल्स में राकेश और पुलकित ने मनु तेवतिया और कुलदीप अत्री को हराया। 40 प्लस सिंगल में सुभद्री ने पुष्पेंद्र नागर को हराया। 40 प्लस डबल्स में संजय नागर और हेमंत चौधरी ने दीपक दीवान और मनोज शर्मा को हराया। 45 प्लस सिंगल में विनीत शर्मा ने हेमंत शर्मा को हराया। 45 डबल में हेमंत शर्मा और विनीत शर्मा ने संजीव मगन और राजन बरार को हराया। 50 प्लस सिंगल में तरुण बेदी ने संजीव मगन को हराया। 50 प्लस डबल संजय सपरा और संजीव मगन ने सुबह सिंह मान और एमके सपरा को हराया। 55 प्लस सिंगल में एम के सपरा ने संजय सपरा को हराया। 55 प्लस डबल में संजय सपरा और जीएस जाखड़ ने महेंद्र सपरा और संजय तेवतिया को हराया। 60 प्लस सिंगल में रवि कालरा ने इंद्रजीत को हराया। 60 डबल में इंद्रजीत, इंदरजीत और राकेश पंजाबी ने हरीश यादव और भारद्वाज को हराया। 65 डबल में डीके जैन ओर एन के जैन ने रवि कालरा और डॉक्टर भारद्वाज को हराया।

### एवीएन ने फिर फहरायी विजय पताका

फरीदाबाद। सेक्टर-28 स्थित डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल, में जनकल्याण संस्था द्वारा अंतर जिला प्रतियोगिता के अंतर्गत श्लोक एवं चौपाई गायन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमें एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-19 के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा नेहा ने अंतर जिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा कक्षा 2वीं के छात्र गगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्य चार छात्रों को विद्यालय स्तर पर प्रस्तुतिकरण के लिए द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता, दीपक गुप्ता और प्रधानाचार्या सुनीता खुल्लर ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र की टीम ने अवैध नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री में छापा मारकर भारी मात्रा में नकली शराब बरामद की है। थाना छायंसा व थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया में नकली शराब के सेवन से काफी लोगों की मौत हो चुकी है।



पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा फरीदाबाद शहर में नकली शराब बनाने वाले को काबू करने के आदेश व पुलिस उपायुक्त अपराध मुकेश मल्होत्रा व सहायक पुलिस आयुक्त अनिल कुमार के दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए पुलिस टीम ने नकली शराब बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सुबह पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना प्राप्त हुई कि डबुआ पाली रोड पर एक फैक्ट्री में अवैध शराब बनाने का कारोबार चल रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी सब इंस्पेक्टर नरेंद्र की अगुवाई में टीम गठित की गई। जिसमें एसआई असरूद्दीन, एचसी सुमित, संजय, शिवचरण, जान मोहम्मद, ड्राइवर प्रभु के साथ एक्साइज इंस्पेक्टर सतवीर सिंह भी शामिल थे। पुलिस और एक्साइज की टीम ने मौके पर जाकर फैक्ट्री में छापा मारा। नकली शराब का धंधा करने वाले आरोपी पुलिस टीम के आने से पहले ही मौके से फरार हो चुके थे।

पुलिस टीम ने फैक्ट्री के अंदर जाकर जब तलाशी ली तो वहां पर बड़ी मात्रा में शराब बनाने के सामान के साथ नकली ऑफिसर चॉइस ब्लू शराब की 12 पेटियां बरामद की। नकली शराब के साथ-साथ बोतल पर लगने वाले नकली लेबल, हरियाणा आबकारी विभाग की नकली मोहर के होलोग्राम, ऑफिसर चॉइस ब्लू कंपनी के गत्ते की 70 खाली पेटियां, शराब की बोतल पर लगाने वाले प्लास्टिक के ढक्कन, बोतल कैप सीलिंग मशीन, प्लास्टिक की 2 लीटर की बोतल में नकली शराब बनाने के लिए कैमिकल कलर, करीब 25 /30 लीटर स्प्रिट कैमिकल और शराब की 800 खाली बोतलें बरामद की गईं।

इस मामले में सराय ख्वाजा के रहने वाले दो व्यक्तियों ज्ञान सिंह और उनके बेटे तिलक के खिलाफ एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अभी मामले में तहकीकात कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पौधा देकर नवनियुक्त शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

फरीदाबाद। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने जिले की नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी का स्वागत किया। संगठन के प्रधान संदीप चौहान ने एक पौधा देकर उनका स्वागत किया और संगठन की वरिष्ठ साथी पूनम तनेजा ने शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।

संगठन के पूर्व प्रधान एसके दलाल ने उनका स्वागत करते हुए आशा प्रकट की, कि उनके मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग और अच्छा प्रदर्शन करेगा। रितु चौधरी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय छात्रों की पढ़ाई की ओर विशेष ध्यान देने का है और किसी भी शिक्षक को अपने कार्यों के लिए चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है उनके कार्य समय पर ही होंगे। उन्होंने आगे कहा की है आप सभी लोग दसवीं और बारहवीं के रिजल्ट की ओर ध्यान दें और इस बार जिले का रिजल्ट 90 प्रतिशत से अधिक आना चाहिए। सभी मौजूद शिक्षकों ने मैडम को आश्वस्त किया कि वह पूरी मेहनत करके जिले के परिणाम में सुधार लाएंगे। बांके ने एक कविता सुना कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। स्वागत समारोह में मनुस्मृति, राजेंद्र, योगेश राठी, जीवन ज्योति, संगीता, जगमोहन गुप्ता, पवन गुप्ता, सिकंदर, नानक चंद, ममता, सविता आदि उपस्थित थे।

# दर्द से छुटकारा दिलाएगी बीके की लेजर थैरेपी मशीन



फरीदाबाद। इन दिनों लाइफस्टाइल में आए बदलाव, शारीरिक श्रम की कमी, अधिक देर तक कंप्यूटर, लैपटॉप, टैब में काम करने से लोग हड्डियों व मांसपेशियों की समस्या से पीड़ित हो रहे हैं। यह समस्या आम हो गई है। इस समस्या के निदान के लिए बीके सिविल अस्पताल परिसर में मौजूद फिजियोथैरेपी सेंटर में लेजर थैरेपी मशीन लगाई गई है।

यह मशीन लोगों को मुफ्त में हड्डियों के दर्द और सूजन से छुटकारा दिलाएगी। इस मशीन का उद्घाटन बीके सिविल अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने मशीन की खुबियां बताई। मौके पर फिजियोथैरेपी सेंटर के इंचार्ज डॉ. शैलेन्द्र अत्रे और डॉ. प्रीति के अलावा डॉ. डॉ. एसएस दहिया, डॉ. राजेश धीमन, स्टाफ नर्स और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मुफ्त में कराएं थैरेपी : डॉ. शैलेन्द्र अत्रे ने बताया कि मशीन से मुफ्त थैरेपी की सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मशीन से मरीजों को दर्द से राहत दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आजकल लोगों की गलत लाइफ स्टाइल के कारण हड्डीयों में दर्द, सूजन और अन्य कई तरह की समस्याएं सामने आ रही है, इस दर्द से छुटकारा अस्पताल में आई यह लेजर थैरेपी मशीन दिलाएगी।

इस्तेमाल की विधि: डॉ. सविता यादव ने बताया कि इस मशीन से आंखों को प्रभावित करने वाली किरणें निकलती है, जिनका प्रभाव एक मीटर तक रहता है। ऐसे में फिजियोथैरेपिस्ट और मरीज दोनों को ही इन किरणों से बचाव के लिए ग्लव्स उपलब्ध कराये जाऐंगे। ताकि इसका प्रभाव मरीज व चिकित्सक किसी पर न पड़े।

# बच्चों की सुरक्षा को लांच किया हिफाजत अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस ने बच्चों का यौन शोषण रोकने, उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हिफाजत कैंपेन लॉन्च किया है जिसके तहत लोगों को बच्चों की हिफाजत करने के लिए जागरूक किया जाएगा। हरियाणा के डीजीपी मनोज यादव ने हरियाणा स्टेट कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट (एचएससीपीसीआर) के साथ मिलकर इस कैंपेन का शुभारंभ किया जिसमें उन्होंने हिफाजत एक्सप्रेस नामक एक वीडियो वेन को हरी झंडी दिखाई जिसके द्वारा पूरे राज्य में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बच्चों के हितों की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

हरियाणा बाल अधिकार आयोग द्वारा इस कैंपेन को बढ़ावा देने के लिए हिफाजत थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया गया है जिसमें बच्चों का बचपन बचाने के संदेश सुरों में बहुत ही अद्भुत तरीके से पिरोया गया है। फरीदाबाद पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने पुलिस महानिदेशक हरियाणा के द्वारा लांच की गई केंपेन हिफाजत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे बहुत ही संवेदनशील और मासूम होते हैं जो किसी की भी बात पर आसानी से विश्वास कर लेते हैं जिसका कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति फायदा उठाकर उनका शोषण करते हैं। बच्चों को इन्हीं लोगों से बचाने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाएगा ताकि लोगों की मदद से बच्चों के साथ होने वाले बाल अपराध को रोका जा सके और बच्चों का सही मार्गदर्शन करके उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके। बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग का जागरूक होना अति आवश्यक है। बच्चों के परिजनों द्वारा बच्चों को यह समझाया जाना चाहिए कि यदि उन्हें कोई गलत तरीके से छूता है तो वह चुप न रहकर इसकी शिकायत अपने परिवार के सदस्यों से करें ताकि अपराधियों को इसकी सजा दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि यदि आप किसी बच्चे को किसी पार्क, सड़क या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अकेला घूमता देखें तो उससे उसके माता-पिता के बारे में पूछ कर उसके परिजनों को अवगत कराएं ताकि वह किसी गलत व्यक्ति के हाथ लगने से बच सके।

## ध्यान लगाने से असाध्य रोग होंगे ठीकः डॉ. बंसल



फरीदाबाद। ध्यान लगाने से जो सकारात्मक ऊर्जा आपके अंदर उत्पन्न होगी। उससे असाध्य से असाध्य रोग भी ठीक हो सकते हैं, वह भी बिना कोई पैसे खर्च किये। सहज योग की तरफ से डॉ. बंसल द्वारा लोगों तक संदेश पहुंचाया गया।

भागदौड़ भरी जिंदगी में ज्यादातर लोग गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो चुके हैं और बीमारियों का इलाज करवाने के लिए वह लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी आराम नहीं पाते, लेकिन सहजयोग के पदाधिकारियों की तरफ से पूरे देश में एक मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें योग और ध्यान करके गंभीर से गंभीर बीमारियां बिना किसी दवाई के ठीक हो सकती हैं। सहजयोग संस्था की तरफ से पहुंचे डॉ. ने जनसभा के माध्यम से बताया कि किस तरीके से आप ध्यान करके बड़े से बड़ी बीमारी को ठीक कर सकते हैं और वह भी बिना कोई पैसे खर्च किए हुए सहजयोग की मुहिम चला रहे हैं।

# जिले में 920 लोगों को लगा कोरोना का टीका

### कोरोना से एक मौत छह पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46496

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में जहां एक तरफ कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे है। वहीं दूसरी तरफ जिले में वरिष्ठ नागरिकों को कोरोना का टीका सोमवार से लगाना शुरू कर दिया गया। पहले टीका लगाने के दिन ही कोरोना जिले में छह पॉजिटिव पाए गए, वहीं जिले में एक पॉजिटिव की मौत हो गई। जिससे पॉजिटिव का आंकड़ा 46496 पर पहुंच गया।

विशेष तैयारी : पहले दिन जिले के दस केंद्रों में 920 टीके लगाए गए। इसके लिए जिले में विशेष तैयारियां की गई। लोगों ने निजी व सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर कोरोना का टीका लगवाया। बुजुर्गों की भीड़ स्वास्थ्य केन्द्रों पर देखी गई। लोग कोरोना वैक्सीन के बारे में पूछताछ करते नजर आए। कुछ में टीके को लेकर खुशी नजर आई। वहीं कुछ स्वास्थ्य कर्मियों ने पहला



तो कुछ ने दूसरा डोज का टीका लगवाया। पुलिस कर्मी भी पहली डोज का टीका लगवाते नजर आए।

6 पॉजिटिवः जिले में कोरोना के सोमवार को छह मामले सामने आए। जिसमें सेक्टर-11, सेक्टर-28, सेक्टर-37, सेक्टर-86, सेक्टर-65 से 1-1 मरीज शामिल रहा। वहीं दूसरी तरफ 8 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर पहुंच गया। सोमवार को जिले में 478 सैम्पल जांच की गई।

### यह है आंकड़ा

| | | |
|---|---|---|
| जिले में कुल जांचे | : | 540697 |
| अब तक पॉजिटिव | : | 46496 |
| अब तक नेगेटिव | : | 494366 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : | 935 |
| ऑक्सीजन पर है | : | 1 |
| अब तक मौत | : | 417 |
| अब तक ठीक | : | 46018 |

## जागरूकता शिविर का किया आयोजन

फरीदाबाद। समग्र शिक्षा के तत्वाधान में, संसाधन केंद्र फरीदाबाद में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों के सदस्यों, विशेष प्रशिक्षकों व अध्यापकों हेतु एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा फरीदाबाद, डॉक्टर मुनेश चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही।

कार्यक्रम का आरंभ संसाधन केंद्र की प्राचार्य ज्योति मंगला के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने संसाधन केंद्र में संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों से सभी उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान सहायक परियोजना समन्वयक सत्येंद्र कुमार ने दिव्यांग विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करने व उनके कौशल को बढाने की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह शैक्षिक एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित करना चाहिए। जिला परियोजना समन्वयक, डॉ मुनेश चौधरी ने कुछ होनहार विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों अमित व नैना को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# बीट अधिकारी दिव्यांगों के घर जाकर करेंगे मदद : सीपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने एक नई शुरुआत करते हुए फरीदाबाद के दिव्यांगजनों को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा के लिए पुलिस के साथ-साथ अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा दी जा रही सर्विसिस बीट अधिकारियों द्वारा अब उनके घर पर मुहैया करवाई जाएगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि दिव्यांगजन भी हमारे समाज का एक अभिन्न अंग है और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए उनका खास ख्याल रखा जाना अति आवश्यक है। दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार के प्रशासनिक कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं जिसकी वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो एक ही कार्य के लिए सरकारी दफ्तर में कई चक्कर काटने पड़ते हैं जिसकी वजह से उनकी



परेशानियां और बढ़ जाती हैं।

सिंह ने कहा कि बीट पुलिस कर्मचारी अपने बीट क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं और अपने एरिया के ज्यादातर लोगों को जानते हैं। अब बीट पुलिसकर्मियों द्वारा उनके एरिया में रहने वाले दिव्यांगजनों, रिकार्ड मो० न० इत्यादि जानकारी एकत्रित कि जायेगी ताकि जरूरत पड़ने पर उनके घर जाकर उनकी मदद कर सकें।

### मिलेगी यह सहायता

फरीदाबाद पुलिस द्वारा बीट पुलिसकर्मियों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। जिसमें पासपोर्ट वेरीफिकेशन, चालान व एफआईआर की कॉपी मुहैया करवाना, मुकदमों में लोगों की सहायता करना, अपने क्षेत्र की छोटी मोटी समस्याओं का निपटारा करवाना, आपसी झगड़ों को सुलझाने में सहायता करना, लोगों को समाज में घटित हो रहे अपराधों के बारे में जागरूक करके उन्हें अपराधों का शिकार होने से बचाना मुख्य हैं। अब इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए पुलिस आयुक्त ने बीट पुलिसकर्मियों द्वारा उनके बीट क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस प्रशासन के इलावा अब दिव्यांगजनों को अन्य प्रशासनिक विभागों से संबंधित कार्यों के लिए उन्हें घर बैठे मदद दी जाएगी। दिव्यांगजन अब वोटर आईडी, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बिजली के बिल सहित अन्य प्रशासनिक कार्य भी बीट पुलिस कर्मचारियों की मदद से घर बैठे करवा सकेंगे। पुलिस आयुक्त की इस मुहिम से जिले के दिव्यांग जनों को फायदा मिलेगा और उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी।

## रक्तदान शिविर में 158 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

फरीदाबाद। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन द्वारा महेश्वरी सेवा ट्रस्ट व महेश्वरी युवा संगठन के साथ मिलकर महेश्वरी सेवा सदन सेक्टर-7ए में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर का उदघाटन विधायक नरेन्द्र गुप्ता द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन के प्रधान रोटेरियन पंकज गर्ग, सचिव रोटेरियन डॉ.आशीष वर्मा, कोषाध्यक्ष रोटेरियन सचिन खोसला मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर कुल 158 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद मिडटाऊन और महेश्वरी सेवा ट्रस्ट की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है।

# भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थीः कुलपति

### सतत विकास के लिए स्थायी समाधान देने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. गक्खड़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर,



रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एस. के. गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज से प्रो. दिनेश मोहन विशिष्ट अतिथि तथ मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और डीन साइंसेज प्रो. आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

# बंगाल चुनाव
## जटिल परिस्थिति

**चुनाव** जीतना आसान नहीं है और यह बात निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल जैसे राज्य के लिए सही है। इसके लिए सावधानी से बनाई योजना तथा वोटों की फसल काटने के लिए विभिन्न प्रकार की गणित का संतुलित प्रयोग जरूरी होगा। चुनाव में उतरी सभी राजनीतिक पार्टियां यह फार्मूला जानती हैं, पर अंतर इस बात से पड़ेगा कि वे विभिन्न आयामों का किस सफलता से प्रयोग कर सकती हैं। निर्वाचन आयोग-ईसी द्वारा राज्य में अभूतपूर्व ढंग से आठ-चरण वाले चुनाव की घोषणा होते ही टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने उस पर पूर्वाग्रही भूमिका अपनाने का आरोप लगाया जिससे भाजपा को लाभ होगा। कुछ चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार, चरणबद्ध चुनाव में शुरुआती चरणों में मतदान की प्रवृत्ति का प्रभाव बाद वाले चरणों पर भी पड़ता है। आमतौर से बाद वाले चरणों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले लोगों में उस पार्टी या गठबंधन को वोट देने की इच्छा पैदा होती है जो शुरुआती चरणों में आगे होता है। लेकिन अक्सर यह भी देखने में आता है कि अंतिम या बिल्कुल अंतिम चरणों में मतदाताओं का जोश कम हो जाता है जिससे उस पार्टी को लाभ होता है जिसका वर्चस्व इन क्षेत्रों में न हो। इसके साथ ही चुनावों के माइक्रो-प्रबंधन में अनेक अन्य कोण व संवेदनशील चीजें शामिल होती हैं। यदि हम ममता बनर्जी के कथन पर विचार करें तो सवाल पैदा होता है कि क्या इस बहु-चरणीय चुनाव से भाजपा लाभ उठाने का प्रयास कर सकती है।

ममता बनर्जी एक परिपक्व नेता हैं और वे जानती हैं कि भाजपा अब 'मोदी लहर' या 'राष्ट्रवाद' के रथ पर सवार नहीं है। भले ही पेट्रोल व डीजल पर केवल एक रुपया टैक्स की राहत दी गई हो, पर इससे स्पष्ट होता है कि



वे तेल व एलपीजी मूल्यों में हालिया वृद्धि के भाजपा के मतों पर पड़ने वाले असर को जानती हैं तथा उन्होंने सत्ता-विरोधी रुझान कम करने का प्रयास किया है। इसके बावजूद ममता को भाजपा के बढ़ते उभार से चिन्ता है जो सत्तारूढ़ टीएमसी को हटाने के लिए 'ईसी की सहायता से गुणा भाग' में परिवर्तन कर लाभ उठा सकती है। इस बीच भाजपा नागरिकता संशोधन कानून-सीएए, हिंदू एकजुटता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई केन्द्र की कल्याणकारी योजनाओं तथा टीएमसी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों का लाभ उठाना चाहती है। वह अपने कार्ड बहुत सावधानी से खेल रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि ईसी प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आदेशों पर काम करती है। उन्होंने यह जानकारी होने का दावा किया कि चरणबद्ध चुनाव की भाजपा कार्यालय में मौजूद सूची पूरी तरह ईसी द्वारा घोषित सूची से मेल खाती है। दूसरी ओर ईसी का तर्क ज्यादा समझ में आने वाला है। उसने कहा है कि हालिया आरोपों प्रत्यारोपों के बीच उसे बलों के आवागमन पर भी विचार करना था। बंगाल एक संवेदनशील राज्य है और वहां चुनावों में हिंसा होती रही है। राज्य में चुनाव करवाना दूसरे राज्यों की तरह नहीं है। ईमानदारी से देखा जाए तो ईसी के तर्क उचित लगते हैं। 2016 के राज्य विधानसभा चुनाव भी सात चरणों में हुए थे तथा 2019 के लोकसभा चुनाव में भी राज्य में मतदान सात चरणों में हुआ था। यदि ममता बनर्जी के पास सचमुच अपने दावों के पक्ष में कोई प्रमाण मौजूद हैं तो उनको अनुमानों के आधार पर आरोप लगाने के बजाय अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। अपने दावों के पक्ष में समुचित प्रमाणों के अभाव में केवल शोर मचाना उनके लिए लाभदायक नहीं होगा।

# लघु बीमा से महामारी का मुकाबला

विभिन्न संस्थानों के खोजी माडलों के कारण गरीबों के लिए विलासिता की वस्तु समझा जाने वाला लघु-बीमा अब यथार्थ बन गया है। भारत अब तेजी से इसका केन्द्र हो गया है।



**मोईन काज़ी**
(लेखक लोकप्रिय विकास पेशेवर हैं)




महामारी के कारण लघु-बीमा एक गेमचेंजर साबित हुआ है और लोग अपने जीवन में इसका महत्व समझ रहे हैं। इसकी मांग और ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। विकसित दुनिया में बीमा जीवन का हिस्सा हे, पर विकासशील दुनिया में इसकी कवरेज बिल्कुल नाकाफी है। लेकिन विभिन्न संस्थानों द्वारा विकसित खोजी माडलों के कारण गरीबों के लिए विलासिता समझा जाने वाला लघु-बीमा अब यथार्थ बन गया है। भारत अब तेजी से बढ़ते लघु-बीमा का केन्द्र बन गया है। भारत में कम आय वाले समुदाय पहले से हाशिए पर थे और वे इस दुर्भाग्यपूर्ण विभीषिका से और किनारे पहुंच गए हैं। दुर्घटना, बीमारी या प्राकृतिक आपदा उनको गरीबी में और गहराई तक धकेल सकते हैं तथा उनके थोड़े से संसाधन कम हो सकते हैं। अक्सर ऐसी घटनाओं के गंभीर आर्थिक परिणाम होते हैं। अपनी क्षमता से अधिक उधार लेने पर अनेक लोग कर्ज के जाल में फंस जाते हैं, अपनी उत्पादक संपत्तियां बेच डालते हैं, बच्चों को स्कूल से निकाल लेते हैं या उनको काम पर लगा देते हैं, भोजन पर खर्च घटाते हैं या बीमारियों का इलाज करवाना बंद कर देते हैं।

हालांकि, गरीब परिवारों के पास अक्सर जोखिम से निपटने के अनौपचारिक तरीके होते हैं, लेकिन ऐसी रणनीतियां उनको समुचित सुरक्षा नहीं देती हैं, जबकि बीमा कम आय वाले समूहों को बड़ी सुरक्षा दे सकता है। गरीबों के पास वित्तीय सहारा न होने के कारण अक्सर अमीर लोगों की सहायता की जरूरत पड़ती है और वे जोखिम से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। सबसे बड़ी चुनौती स्वास्थ्य संबंधी खर्च है। इस बोझ से अक्सर गरीबी बढ़ जाती है। अचानक बीमारी, बीमारी से पैदा आघात, मजदूरी की कमी तथा समग्र स्वास्थ्यरक्षा के वित्तीय बोझ से गरीब परिवार लंबे समय से पीड़ित हैं। सूदखोर इसका लाभ उठाते हैं और बीमारियां ग्रामीणों की बरबादी का कारण बन जाती हैं। गरीब लोगों को अक्सर दो प्रकार के खतरे होते हैं। विशिष्ट परिवार संबंधी या पूरे समुदाय पर असर डालने वाले जैसे सूखा या महामारी। बीमा अनुबंध अक्सर पूरे समुदाय पर आने वाले जोखिमों से जुड़े नहीं होते हैं ताकि केवल कुछ ही लोग एक समय में दावा कर सकें। इसके साथ ही विरली व कभी-कभी आने वाली समस्याओं के लिए भी बीमा लेना आसान नहीं होता है।

गरीब समुदायों को अक्सर प्रीमियम के तार्किक स्तरों पर 'बीमा करने योग्य' नहीं माना जाता है। खासकर गरीबों के स्वास्थ्य व जीवन बीमा संबंधी योजनाओं की जरूरत होती है। इस तबके की सुरक्षा के लिए लघु-बीमा एक विकल्प के रूप में उभरा है। इनसे स्वास्थ्यरक्षा तथा स्कूलों में हाजिरी में सुधार होता है। अनेक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों में बीमारी या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मजदूरी में कमी पर ध्यान दिया जाता है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में आमतौर से आउटपेशेंटों या घर पर इलाज को जगह नहीं मिलती है, जबकि ज्यादा खर्च दवा और जांचों पर होता है। लघु-बीमा से अपनी एकत्र संपत्तियां बचाने, ज्यादा आय पाने तथा परिवार को गरीबी से बचाने में सहायता मिल सकती है। बचतों के माध्यम से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की तुलना में अप्रत्याशित घटनाओं से बचने के लिए बीमा का खर्च कम होता है। सरकारों,

> **लघु-बीमा को अब गरीबी का दुष्चक्र दूर करने तथा परिवारों को जीवन्त सुरक्षा संजाल प्रदान करने में अत्यधिक प्रभावी माना जाता है। यदि गरीब स्वयं को बीमा के माध्यम से सुरक्षित पाएं तो वे अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकते हैं, बिजनेसों का विस्तार कर सकते हैं, फसलों की विविधता बढ़ा सकते हैं, या अपने बच्चों को निर्भय होकर स्कूल भेज सकते हैं।**

दानदाताओं तथा गरीबी का मुकाबला करने के लिए सामाजिक संरक्षण योजनायें बनाने वालों को अपने उपकरणों में बीमा को शामिल करना चाहिए। वे गरीबों तक पहुंच कर सुदूर क्षेत्रों में सेवा का खर्च घटा सकते हैं। गरीबों को लघु-बीमा का लाभ दिलाने के लिए हमारी बीमा कंपनियों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। जागरूकता की कमी तथा समुचित निर्देश देने वाले संस्थानों की विफलता के कारण लोग बिना समुचित नियोजन के बीमा पालिसी ले लेते हैं और प्रीमियम अदा न कर पाने के कारण उसे बीच में छोड़ देते हैं। आक्रामक ढंग से काम करने वाले बीमा एजेंट खरीदारों की आमदनी का समुचित आंकलन किए बिना बीमा दे देते हैं। इससे ग्राहकों को भारी खामियाजा भुगतना पड़ता है।

बीमा कंपनियों की पहुंच बहुत कम है। 2019-20 में जीवन के लिए लघु-बीमा 1.80 प्रतिशत तथा आम बीमा क्षेत्र में 1.16 प्रतिशत था। मुख्य चुनौती इसका संचालन है। लघु-बीमा को टिकाऊ बनाने के लिए भारी निवेश की जरूरत होती है। गरीब लोग बैंकिंग संजाल से बाहर हैं। इससे सेवा एजेंटों के माध्यम से लाखों छोटे पालिसीधारकों से लेनदेन का खर्च और बढ़ता है। बीमा उत्पादों द्वारा किसानों का 'जोखिम' दूर करने के बावजूद तथा उच्च उत्पादकता वाले निवेशों व व्यवहारों को प्रोत्साहन के बावजूद लघु-बीमा का बाजार बहुत छोटा है। यदि सरकार भारी सब्सिडी न दे तो इस क्षेत्र को संचालित करना आसान नहीं होगा। भारत में कम आय वर्ग वाले लोगों के लिए उपयुक्त वितरण चैनलों की कमी है। डिजिटल भुगतान व्यवस्थाओं में तेजी से प्रगति से गरीब परिवारों को विश्वसनीय वित्तीय उपकरणों से जोड़ने का अवसर मिलता है। इसके लिए मोबाइल फोनों व अन्य डिजिटल इंटरफेस का प्रयोग होता है। वर्तमान मोबाइल वित्तीय उत्पादों से जोड़ कर सेवाओं का विस्तार किया तथा बीमा कवरेज को बढ़ाया जा सकता है। इससे नए समाधान निकल सकते हैं जो बीमा सेवाओं को ग्राहकों के फोन से सीधे जोड़ सकते हैं।

लेकिन प्रोडक्ट डिजाइन की अनेक अन्य समस्यायें भी हैं। खासकर ग्रामीण बीमा उत्पाद शहरी क्षेत्रों में प्रयोग होने वाले बीमा उत्पादों की नकल होते हैं और वे स्थानीय संदर्भ में लाभदायक नहीं होते हैं। इनमें जोखिम उठाने की क्षमता कमजोर होती है तथा ग्राहकों व समस्याओं की जटिलता के कारण इनकी प्रक्रिया एक चुनौती बन जाती है। बीमा नियामक एवं विकास अधिकरण-इरडा की एक समिति ने सुझाव दिया था कि अकेली लघु-बीमा कंपनियों के लिए प्रवेश पूंजी को वर्तमान 100 करोड़ से घटा कर 20 करोड़ किया जाए ताकि इस क्षेत्र का विस्तार हो सके। लघु-बीमा कंपनियों व सहकारिताओं को एक समग्र बीमाकर्ता के रूप में काम करने को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे एक ही उद्यम से जीवन व गैर-जीवन बीमा कर सकें। अनेक देशों ने उत्पाद डिजाइन तथा बीमा उत्पादों के विस्तार में अच्छा काम किया है। किसानों को केन्द्रित लघु-बीमा उत्पाद सामने आए हैं जिनमें फसल बीमा, स्वास्थ्य बीमा, ग्रामीण, व्यक्तिगत, दुर्घटना, सिंचाई, बैलगाड़ी, मत्स्य पालन, कृषि संबंधी व मवेशी बीमा शामिल हैं। यहां तक कि सांप काटने, मवेशी कल्याण, कुंए सूखने, तूफान से नुकसान, स्वास्थ्य समस्याओं, अंतिम संस्कार व जुड़वां बच्चों के जन्म संबंधी बीमा योजनायें हैं।

लघु-बीमा को अब गरीबी का दुष्चक्र दूर करने तथा परिवारों को जीवन्त सुरक्षा संजाल प्रदान करने में अत्यधिक प्रभावी माना जाता है। यदि गरीब स्वयं को बीमा के माध्यम से सुरक्षित पाएं तो वे अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकते हैं, बिजनेसों का विस्तार कर सकते हैं, फसलों की विविधता बढ़ा सकते हैं या अपने बच्चों को निर्भय होकर स्कूल भेज सकते हैं। उनको विश्वास होता है कि कुछ बुरा घटने पर उनकी बचत प्रभावित नहीं होगी। इस प्रकार जोखिम उठाने की पूरी क्षमता बदल जाती है। इसके साथ ही सुरक्षा संजाल प्रदान कर लघु-बीमा ऐसा वादा करता है जिसकी कल्पना पुरानी पीढ़ियां कर ही नहीं सकती थीं, यह है भविष्य की उम्मीद।

# युगों के दौरान पंथनिरपेक्षता की उत्पत्ति



**नदीम पार्चा**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पिछले पांच वर्षों में यूरोप, अमेरिका, तुर्की और भारत के विभिन्न अकादमिक मंच से निकला विश्लेषण बताता है कि दुनिया पंथनिरपेक्ष युग में प्रवेश कर चुकी है। लेकिन इस थीसिस के आलोचकों को डर है कि यह अपने सबसे सरल रूप में पंथनिरपेक्षता की कल्पना कर रहा है। पंथनिरपेक्षतावाद अत्यधिक जटिल तरीके से विकसित हुआ है, जैसा कि मानवविज्ञानी तलाल असद और दार्शनिक चार्ल्स टेलर द्वारा प्रदर्शित किया गया है। दोनों ने पंथनिरपेक्षता को मध्य युग के दौरान सुधार की प्रक्रिया से निकलते देखा, ताकि अंधविश्वास से मुक्त समाज का निर्माण हो सके। असद की समग्र स्थिति यहां पर यह है कि पंथनिरपेक्षता की उत्पत्ति को पूरी तरह से एक ही घटना के लिए नहीं रखा जा सकता है, जबकि टेलर का कहना है कि ईसाई धर्म के विध्वंस ने एक बार अंधविश्वासी आम आदमी को धर्मग्रंथों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद की। प्रोटेस्टेंट और कैल्विनवादी जैसे ईसाई संप्रदायों ने एक पुण्य के रूप में उद्यमी स्वभाव देखा, जब तक कि इसने मानवता को लाभ पहुंचाया। इसने न केवल मानवतावाद के विचार को जन्म दिया, इसने उन विचारों को भी जन्म दिया जिन्होंने आधुनिकता के तंत्र को तैयार करने में योगदान दिया।

असद के अनुसार, ईसाई पंथ का आध्यात्मिक वादा कि "मसीह की मृत्यु संपूर्ण मानवता को बचाने के लिए हुई थी" को एक राजनीतिक वादे में बदल दिया गया था कि दुनिया को मसीह के लिए बदलना चाहिए। इसलिए, टेलर और असद दोनों ही पंथनिरपेक्षता के विचार के उद्भव को पंथ के प्रति प्रतिकूल प्रतिक्रिया से नहीं, बल्कि तेजी से विकसित हो रहे मील के पत्थर में सुधार के आग्रह से देखते हैं। असद के लिए, भले ही ईसाई पंथ के भीतर असंतोष की प्रक्रिया ने सुधारवादी विचारों को स्वीकार करते हुए देखा, उदाहरण के लिए, ईसाई नैतिकता की पारंपरिक धारणाएं वास्तव में दूर नहीं हुईं। असद लिखते हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र से धर्म को पूरी तरह से निष्कासित नहीं किया गया था। वास्तव में, इसे निजी क्षेत्र में वापस कर दिया गया था, लेकिन पंथ जो तर्कसंगत बहस में हिस्सा लेने और नए पंथनिरपेक्ष प्रतिमान को स्वीकार करने के लिए तैयार थे, सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने के लिए स्वागत किया गया।

आधुनिकता के विस्तार के साथ, पंथनिरपेक्षतावाद का विचार यूरोप से अन्य क्षेत्रों में जाकर फैल गया। लेकिन इसने गैर-पश्चिमी वास्तविकताओं को समायोजित करने के लिए उत्परिवर्तन का काम किया। उदाहरण के लिए, हालांकि यह एक समावेशी विचार के रूप में आया है, जो एक तर्कसंगत राष्ट्रवादी संपूर्ण के निर्माण के रूप में पवित्र और निजीकरण को अपवित्र के निजीकरण की वकालत करता है, कम्युनिस्ट सेट-अप में यह पूरी तरह से धर्म को कट्टरता से कठोर बना देता है। लेकिन यह कठोरता फ्रांस में भी मौजूद थी।

टेलर के अनुसार, जबकि यूरोप में पंथनिरपेक्षता कहीं और बड़े पैमाने पर सुधारित ईसाई पंथ से उभरा था, फ्रांस में यह धर्म के खिलाफ विद्रोह (18 वीं शताब्दी की फ्रांसीसी क्रांति के दौरान) के रूप में प्रकट हुआ था। लैसाइटी 'के रूप में जाना जाने वाला यह सार्वजनिक क्षेत्र में धर्म के किसी भी प्रदर्शन को मुश्किल से सहन करता है। अमेरिका और यूरोपीय देशों में समावेशी पंथनिरपेक्षता के विपरीत, जहां राज्य धर्म के प्रति अवैयक्तिक रहता है, जब तक कि वह उदार-लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरे में नहीं डालता, लाओत्से ने सार्वजनिक क्षेत्र में धर्म को हतोत्साहित करने के लिए आक्रामक रूप से हस्तक्षेप करने का प्रतिबंध लगाया। दिलचस्प बात यह है कि यह पंथनिरपेक्षता का भी रूप है जिसे तुर्की ने 1922 में गणतंत्र बनने के बाद अपनाया था।

ज्यादातर उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलनों ने भी अपने राष्ट्रवाद के अनुरूप इसे संशोधित करके पंथनिरपेक्षता को अपनाया। उदाहरण के लिए, अरब राष्ट्रवाद ने पंथनिरपेक्षता को अपनाया क्योंकि इसने अपने उपनिवेशवाद विरोधी धार्मिक समकालीनों को प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा। इसने समावेशी पंथनिरपेक्ष संस्करण को अपनाया, भले ही अरब राष्ट्रवादी शासन तानाशाह थे और अक्सर धार्मिक समूहों के नेताओं को जेल में डाल दिया, जिन्होंने अरब राष्ट्रवादी कथा को चुनौती दी थी। फ्रांसीसी राजनीतिक वैज्ञानिक क्रिस्टोफ जाफरलॉट के अनुसार, औपनिवेशिक भारत में पंथनिरपेक्षता का एक अनूठा परिवर्तन हुआ। जाफरलॉट का कहना है कि 19 वीं सदी के भारतीय मुस्लिम विद्वान सैयद अहमद खान के अनुयायियों ने मुस्लिम लीग का गठन करके अपने सुधारवादी इस्लामी कथा का राजनीतिकरण किया। आखिरकार, पार्टी एक अलग मुस्लिम-बहुमत वाले राज्य की मांग करने लगी।

सैयद, और फिर 20 वीं सदी के आरंभिक दार्शनिक और कवि मुहम्मद इकबाल और, आखिरकार, बैरिस्टर मुहम्मद अली जिन्ना ने यह कहा कि तलाल असद को सांस्कृतिक पंथनिरपेक्षता कहा जाता है। धर्म को राजनीति से अलग करने के बजाय, उन्होंने सांस्कृतिक अलगाववाद की राजनीतिक विचारधारा बनाने के लिए इस्लाम की सांस्कृतिक गतिशीलता को विश्वास के धार्मिक और अनुष्ठानिक आयामों से अलग किया।

जाफरलॉट के अनुसार, उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र में इस्लाम को सांस्कृतिक पहचान-चिह्न के रूप में रखा, जबकि विश्वास के धार्मिक और धार्मिक पहलुओं को निजी क्षेत्र में धकेल दिया गया। यही कारण है कि पाकिस्तान के संस्थापक वास्तव में कभी भी अपनी धार्मिकता (या इसके अभाव) को लेकर प्रदर्शनकारी नहीं थे। वे मुस्लिम राष्ट्रवाद को एक आधुनिक मुस्लिम-बहुल राज्य के सांस्कृतिक और राजनीतिक विचार के रूप में समझते थे, लेकिन जो इस्लाम के पंथशास्त्रीय / कर्मकांड के पहलुओं के प्रति अवैयक्तिक रहेगा।

जाफरलॉट लिखते हैं कि, 1974 में, द्वितीय संशोधन के पारित होने के कारण पाकिस्तान में इस्लाम को बहिष्कृत कर दिया गया। फिर, 1979 और 1991 के बीच विभिन्न अध्यादेशों ने इस्लाम के समावेशी विचार को लगभग पूरी तरह से समाप्त कर दिया। इसने विभिन्न दूर-दराज के धार्मिक समूहों को राज्य द्वारा चुनौती दिए बिना, सार्वजनिक क्षेत्र में खुद को मुखर करने का समर्थन किया।

पंथनिरपेक्षता संकट में है, लेकिन ज्यादातर विकासशील देशों में ऐसा नजर आता है। पिछले कुछ समय से ऐसा ही है। भारत अपवाद है, जहां यह संकट अपेक्षाकृत हाल का है। विडंबना यह है कि भारत में इस संदर्भ में संकट को पंथनिरपेक्षता के इलाज के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि यह 1974 में पाकिस्तान में इलाज किया गया था। परिणाम विनाशकारी थे, क्योंकि वे भारत में भी होंगे।

## आप की बात

### लाकडाउन का खतरा

कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पिछले साल लगाए गए लॉकडाउन के दौरान समूचे विश्व के लोगों की आमदनी में कमी आई है। आमदनी में कमी आने का मुख्य कारण नौकरियां जाना और कार्य की अनुपलब्धता ही थी। हर पांचवें व्यक्ति को भोजन खरीदने के लिए पैसा नहीं होने के कारण भूखे रहने पर मजबूर होना पड़ा था। बहरहाल केंद्र ने देश में कोविड-19 महामारी के कारण पिछले साल मार्च में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसके कुछ महीने बाद प्रतिबंधों में धीरे-धीरे ढील दी गई थी लेकिन लॉकडाउन हटने के पांच महीने बाद तक उनकी स्थिति ऐसी ही रही और अब एक बार फिर से कोविड़-19 के मामलों में इजाफा हो रहा है। आलम तो यह है कि अब फिर से कई राज्यों में लॉकड़ाउन का ऐलान भी किया जा चुका है परन्तु चिंताजनक स्थिति यह है कि लॉकडाउन से पहले ही करीब 70 प्रतिशत लोगों की मासिक आय सात हजार रुपए थी और शेष लोगों की मासिक आय तीन हजार रुपए थी। पहले से ही इतनी कम आय में भी गिरावट इस बात को रेखांकित करती है कि संक्रमण का इन लोगों पर कितना बुरा असर पड़ा है। केवल 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं, जिनकी आय लॉकडाउन से पहले वाले स्तर पर पहुंची है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### गुमनाम कोरोना योद्धा

**भारत** में एक मार्च से कोरोना टीकाकरण का तीसरा चरण शुरू हो चुका है जो की बीमारों और वृद्ध नागरिकों के लिए है। प्रधानमंत्री जी स्वयं टीका लगवाकर इस चरण का शुभारम्भ कर चुके हैं। इससे पहले के दो चरण स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स के लिए थे क्योंकि उन्हें ही कोरोना से लड़ाई में सबसे अहम माना गया था। लेकिन इन दोनों चरणों में एक बड़ा वर्ग छूट गया। लॉकडाउन के दौरान किराना दुकानदार, घर-घर किराना पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉयज, आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में लगे ट्रकों के चालक, परिचालक और मज़दूर, क्वारंटाइन केंद्र में तब्दील होटलों का स्टाफ, अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के यहाँ काम करने वाली घरेलू सहायिकाएं जैसे लाखों और लोग भी काम कर रहे थे। ये सभी असंगठित और गैर सरकारी क्षेत्र के लोग थे मगर कोरोना से लड़ाई में इनका महत्वपूर्ण रोल था। कोरोना के खिलाफ कंधे से कंधा मिला कर लड़ने के बावजूद ये लोग ना तो कोरोना योद्धाओं की गिनती में आये और ना ही किसी चर्चा या तारीफ के हक़दार बने। मुफ्त या प्राथमिकता वाले टीकाकरण के किसी चरण में भी इनका नाम नहीं था। सोचिए क्या भूखे पेट स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस कर्मी आदि कोरोना से लड़ पाते?

– **बृजेश माथुर**, बृज विहार, गाज़ियाबाद

### विकास बनाम पर्यावरण

**यह** पत्र – ज़रूरत है पर्यावरण हितैषी विकास की, के संदर्भ मे है। 2013 की केदारनाथ की शोक पूर्ण घटना हम सबके आंखों के सामने आज भी ताज़ा है। और चमोली जिले मे ग्लेशियर टूटने के बाद की घटना ने एक बार फिर हम सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है की प्रकृति की मार बड़ी भयावह होती है। इस घटना जिसमे 100 से ज़्यादा कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स गायब हो गये हैं इससे एक बार फिर यह विषय कि क्या पनबिजली के प्रोजेक्ट ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों मे होने चाहिए क्योंकि एनटीपीसी और ऋषि गंगा प्रोजेक्ट मे भारी नुकसान हुआ है, को हमारे समक्ष रखा है। इसके अलावा हमे मालूम है की चार धाम यात्रा, और भी कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं वहां विकसित हो रही हैं और ज़रूरी भी हैं। वहाँ के स्थानीय लोगों के लिए, मगर उनसे होने वाले पर्यावरण को नुकसान को भी बिल्कुल नज़रंदाज़ नही किया जा सकता है। अब ऐसी दुविधापूर्ण स्थिति में सरकार के सामने एक बड़ा सवाल है की कैसे इस पारिस्थितिकी संतुलन को बनाया जाए?

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**येदियुरप्पा** जी ने अपना जीवन किसानों के कल्याण एवं गरीबों के सशक्तीकरण में लगा दिया। उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**कोरोना वायरस** के खिलाफ सम्मिलित प्रयासों व एकजुटता संबंधी सभी बयानों के बावजूद व्यवहार में स्थिति विपरीत नजर आती है।

– **इल्हाम अलियेव**
अजरबैजान के राष्ट्रपति





**सिधाना** को गिरफ्तार न करके व मुख्तार अंसारी को यूपी स्थानांतरित न करके पंजाब के मुख्यमंत्री ने साबित किया है कि गैंग्सटरों के मामले में उनका रवैया चयनात्मक है।

– **विनीत जोशी**
पंजाब भाजपा नेता

# जल्द पूरा होगा फिल्म इंस्टीट्यूट का सपना

### प्री व पोस्ट प्रोडक्शन, शूटिंग, वीएफएक्स, एनिमेशन, गेमिंग, म्यूजिक निर्माण के होंगे पुख्ता इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार बहुत जल्द प्रदेश में एक फ़िल्म इंस्टिट्यूट की स्थापना करने जा रही है। यह इंस्टिट्यूट मुख्यमंत्री के बहुप्रशंसित प्रोजेक्ट फिल्म सिटी के भीतर ही 40 एकड़ क्षेत्र में स्थापित होगी। यहां निर्देशन, प्रोडक्शन, कोरियोग्राफी, एडिटिंग, स्क्रीनप्ले लेखन और साउंड रिकॉर्डिंग जैसे फ़िल्म और टीवी निर्माण से जुड़ी विविध विधाओं का प्रशिक्षण तो लिया ही जा सकेगा, अभिनय कला की बारीकियां भी सीखी जा सकेंगी। फ़िल्म सिटी को एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का नया ठिकाना बनाने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री ने फ़िल्म इंस्टिट्यूट की



स्थापना को युवाओं का सपना साकार होने जैसा बताया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को गौतमबुद्ध नगर में प्रस्तावित फ़िल्म सिटी के विकास के संबंध में कार्ययोजना का अवलोकन किया। फ़िल्म सिटी विकास के लिए चयनित विश्वस्तरीय कंसल्टेंट सीबीआरई और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारियों ने विश्व के विभिन्न देशों में विकसित इंफोटेनमेंट सिटी के गहन अध्ययन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फ़िल्म सिटी के विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध हैं। यीडा क्षेत्र में 1000 एकड़ में विकसित होने जा रही इस फ़िल्म सिटी में फिल्म, टीवी, ओटीटी निर्माण से जुड़े सभी आयामों का पूरा समावेश होना चाहिए। यही नहीं, वीएफएक्स, एनिमेशन और गेमिंग इंडस्ट्री के सुनहरे भविष्य को देखते हुए यहां इसके विकास की व्यवस्था भी की जाए। थीम आधारित मनोरंजन पार्कों की स्थापना फिल्म सिटी को पर्यटन स्थल के रूप में भी लोकप्रियता दिलाएगी।

## पटरी दुकानदारों को कर्ज दिलाने को पीएम स्वनिधि मेला शुरू

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने पटरी दुकानदारों को कर्ज दिलाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्वनिधि लोन मेला का शुभारंभ किया। मेला छह मार्च तक प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में चलेगा। मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि इस योजना से 8.32 लाख पटरी दुकानदारों को लाभ मिलेगा। स्थानीय निकाय निदेशालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए मेले के उद्घाटन समारोह में नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि कोरोना काल में पटरी दुकानदारों को सबसे अधिक कठिनाई आई और उनका कारोबार लगभग खत्म हो गया। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने यह योजना प्रस्तुत की। इस योजना के लाभार्थियों के मन में संतोष का भाव है। इससे पटरी दुकानदार अपना कारोबार और बेहतर ढंग से कर सकेंगे। उन्होंने अफसरों से कहा कि छह दिन में सभी जिले के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

# विकास दुबे के मददगार सात साथी गिरफ्तार

### ● बिकरू कांड में प्रयुक्त सेमी ऑटोमेटिक राइफल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कानपुर** के बहुचर्चित बिकरू कांड के मुख्य अभियुक्त और मुठभेड़ में मारे जा चुके विकास दुबे व उसके साथियों को घटना के बाद शरण देने उनको फरार कराने में मदद करने और वारदात में प्रयुक्त असलहों को सुरक्षित रखने वाले सात अभियुक्तों को एसटीएफ ने पनकी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एसटीएफ ने घटना में प्रयुक्त सेमी ऑटोमेटिक स्प्रिंग फील्ड राइफल सहित कई अन्य हथियार, भारी मात्रा में कारतूस, फरार होने में प्रयुक्त की गई 2 कार और 205000 रुपए बरामद किए हैं।

उल्लेखनीय है कि बीती 2-3 जुलाई 2020 की रात तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बिल्हौर देवेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराधी विकास दुबे पुत्र रामकुमार दुबे ग्राम बिकरू थाना चौबेपुर कानपुर नगर के घर दबिश देने गयी थी। इस दौरान विकास दुबे और उसके साथियों ने सुनियोजित तरीके से अपने घर की तरफआने वाले मुख्य मार्ग पर जेसीबी मशीन को खड़ा करके रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया था और छतों से मोर्चा लेकर पुलिस बल पर घात लगाकर सेमी ऑटोमैटिक रायफल, बंदूक ,पिस्टलों व अन्य घातक असलहों से पुलिस पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। जिसमें तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बिल्हौर देवेन्द्र मिश्र एवं उनके हमराह तीन उपनिरीक्षक व चार आरक्षी शहीद हो गए थे तथा छह पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। विकास दुबे द्वारा अपने साथियों की मदद से पुलिसटीम की एके 47 रायफल व 1 इंसास रायफल व दो पिस्टल मय कारतूस के लूट लिया गया था।

इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस व एसटीएफ द्वारा घटना में शामिल में अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गयी थी ए जिसमें विकास दुबे सहित छह अभियुक्त भिन्न-भिन्न तिथियों में पुलिस मुठभेड़ के दौरान मारे गए थे तथा अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका था किन्तु अभियुक्तगणों द्वारा घटना में प्रयुक्त सेमी ऑटोमैटिक राइफल, काफी आर्म्स एवं एम्यूनेशन की बरामदगी नहीं हुई थी और न ही घटना के पश्चात मृतक विकास दुबे व उसके साथियों को शरण देने वाले व घटनास्थल से अभियुक्तगणों को फरार कराने में मदद करने वाले व्यक्तियों की अब तब न तो पहचान हो सकी थी और न ही इनके विरुद्ध कोई वैधानिक कार्रवाई हुई थी। इस मामले में छानबीन कर रही है एसटीएफ को सूचना मिली थी कि विकास दुबे अपने अपराधी साथियों अमर दुबे व प्रभात मिश्रा उर्फ कार्तिकेय के साथ घटना कारित करने के बाद घटना में प्रयुक्त काफी आर्म्स , एम्यूनेशन लेकर करवा शिवली कानपुर देहात से भागकर कानपुर देहात व आस पास के जनपद व क्षेत्रों में 2 दिनों तक रूका हुआ था और इन्हीं किन्हीं स्थानों पर आर्म्स एम्यूनेशन व अन्य सामान रखकर दिल्ली-फरीदाबाद भागा था और जिन व्यक्तियों के पास विकास दुबे ने घटना में प्रयुक्त आर्म्स एम्यूनेशन रखा हुआ था उनमें से कुछ लोग दिल्ली में रहते हैं और उनके द्वारा कुछ असलहे व कारतूस मध्य प्रदेश में विक्रय भी किये जा चुके हैं।

# रोहिंग्यों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराने वाले दो भाई गिरफ्तार

### ● पांच लाख रुपए व कई पासपोर्ट बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**म्यामार** के रोहिंग्यों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराने और उनको कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारतीय नागरिक के रूप में स्थापित कर विभिन्न मीट फैक्टरियों में मजदूर के रूप में रोजगार दिलाने तथा उसके बदले में पैसे वसूलने वाले मानव तस्करी गिरोह के रोहिंग्या निवासी दो सगे भाइयों को आतंकवाद निरोधक दस्ते ने गिरफ्तार किया है।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार के अनुसार एटीएस को सूचना मिली कि म्यांमार निवासी रोहिंग्यों का एक गिरोह रोहिंग्यों को बांग्लादेश बोर्डर से अवैध रूप से भारत लाता है तथा उनका यूएनएचसीआर में पंजीकरण कराकर देश और प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थापित करता है । तदोपरांत कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उनके भारतीय दस्तावेज आधार कार्ड ,पैन कार्ड , पासपोर्ट आदि तैयार कराकर उन्हें भारतीय नागरिकों के रूप में विभिन्न मीट फैक्टरियों में मजदूर के रूप में काम दिलाता है और इसके बदले में इनसे धन उगाही करता है । इसके अतिरिक्त यह गिरोह अन्य देश विरोधी गतिविधियों में भी संलिप्त है। एटीएस द्वारा इस सूचना को विकसित करने पर उक्त तथ्य प्रमाणित हुए और 28 फरवरी को अभियुक्त मो.फारुख पुत्र मुहम्मद इस्माइल मकदूम नगर, कबेला रोड कोल, थाना कोतवाली नगर अलीगढ़ को गिरफ्तार किया। मोहम्मद फारूख का वास्तविक नाम हसन अहमद पुत्र नूर अहमद है और वह ग्राम तमचन थाना मगत जिला .अकियाब का रहने वाला है। उसी क्रम में एटीएस द्वारा फारुख के भाई शाहिद पुत्र इस्माइल निवासी कासिम नगर उन्नाव उर्फ साहिल मुहम्मद पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम तमचन थाना मगरू जिला अकियाब, म्यांमार को एक मार्च को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया । इसके पास से भारतीय पासपोर्ट सहित अन्य भारतीय दस्तावेज व 5 लाख रुपए की धनराशि बरामद की गयी। जिसके अर्जन का अभियुक्त द्वारा कोई स्रोत नहीं बताया गया।

एडीजी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में फारुख उर्फ हसन अहमद ने जानकारी दी कि मैं म्यांमार का रहने वाला रोहिंग्या हूँ और मैं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में फारुख पुत्र मो इस्माइल निवासी मकदूम नगर, कबेला रोड कोल, थाना कोतवाली नगर, अलीगढ़ के नाम से रह रहा हूं। मेरे अलावा मेरा भाई मो शाहिद पुत्र इस्माइल निवासी कासिम नगर उन्नाव रहता है और मेरा दामाद जुबैर निवासी मकदूम नगर थाना कोतवाली नगर अलीगढ़ भी म्यांमार का रोहिंग्या है । मेरी मां हामीदा साही उर्फ मदीना खातून मेरे साथ अलीगढ में रहती है । फारुख ने स्वीकार किया कि वह अपने भाई शाहीद के साथ मिलकर रोहिंग्याओ को बांग्लादेश बार्डर से अवैध रूप से भारत लाते हैं तथा उनका यूएनएचसीआर में पंजीकरण कराने के बाद उनको अलीगढ़, उन्नाव, मथुरा आदि स्थानों पर स्थापित करते है तदोपरांत कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उनके भारतीय दस्तावेज ; बनवाकर उन्हें भारतीय नागरिक के रूप में अलीगढ, उन्नाव व आगरा की मीट फैक्टरियों में मजदूर के रूप में काम दिलाते थे इसके बदले में इन रोहिंग्यो से धन उगाही करते थे । आईजी एटीएस जीके गोस्वामी ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध में पूछताछ कर उन्हें चिन्हित करते हुए गिरफ्तार किया जाएगा। इस गिरोह द्वारा जिन रोहिंग्यो को अवैध रूप से बांग्लादेश सीमा से भारत लाकर स्थापित किया गया है और उनके भारतीय दस्तावेज तैयार किए गए है उनके सम्बन्ध में जानकारी कर उनका चिन्हीकरण किया जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस कस्टडी रिमांड लिया जाएगा जिससे कि भारत में इनके अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी की जा सके।

# संदिग्ध नेपाली युवक अयोध्या से गिरफ्तार

### ● व्हाट्सएप काल के जरिए पाकिस्तान, इजिप्ट, सऊदी अरब और सूडान में करता था बात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** द्वारा कूटरचित अभिलेखों के आधार पर बैंक खाता खोलकर लेनदेन करने वाले नेपाल निवासी मोहम्मद सलीम खान को सुचिता गंज बाजार थाना क्षेत्र रौनाही जनपद अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कूट रचित आधार नंबर, नेपाली पासपोर्ट एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र की प्रतियां, एक मोबाइल फोन में 3 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। वह पाकिस्तान के कई संदिग्ध नंबरों पर व्हाट्सएप से चैट किया करता था। वह अभी तक अयोध्या में रह रहा था। इसके पहले नेपाल के सीमावर्ती जिलों के मदरसों को अपना ठिकाना बनाया हुआ था। जांच में पता चला कि वह पाकिस्तान और बांग्लादेश जा चुका था। वह व्हाट्सएप काल के जरिए पाकिस्तान, इजिप्ट, सऊदी अरब और सूडान में बात कर रहा था। एसटीएफ को उसके देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की पुख्ता जानकारी मिली है।

एसटीएफ को काफी समय से सूचना प्राप्त हो रही थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति अयोध्या एवं आस पास के जनपदों में अलग अलग स्थान पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपनी पहचान को छिपाकर रह रहा है। अभिसूचना संकलन के दौरान विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति सलीम खान पुत्र मंगरे खान जो नेपाल निवासी है और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अयोध्या एवं आस पास के जनपदों में संदिग्ध तरीके से अपनी पहचान को छिपाकर रह रहा है। इस सूचना पर तकनीकी विश्लेषण से यह भी ज्ञात हुआ कि इस व्यक्ति ने अपनी जन्म तिथि व अन्य पहचान छिपाकर कूटरचित अभिलेख के आधार नम्बर प्राप्त कर उसके आधार पर भारतीय मोबाइल सिम कार्ड लिया है तथा वर्ष 2016 में श्रावस्ती जनपद में इलाहाबाद-इण्डियन बैंक की हेमपुर ब्रान्च में एक बचत खाता भी खोल रखा है। यह भी ज्ञात हुआ कि यह व्यक्ति अपने अभिलेखों में तीन अलग अलग जन्मतिथियों को अंकित कराकर कूटरचना किया है। आधार कार्ड में जन्मतिथि 1.1.1981 अंकित करायी गयी है तथा उसी आधार कार्ड के आधार पर खोले गए इलाहाबाद बैंक के खाते में जन्मतिथि 20.9.1976 तथा पता परसोहना,श्रावस्ती उत्तर प्रदेश अंकित कराया गया है। 27 व 28 फरवरी 2021 की रात्रि मुखबिर द्वारा बताया गया कि उक्त व्यक्ति किसी न किसी आपराधिक षड़यंत्र की योजना के क्रियान्वयन के लिए आया है और सुचित्तागंज बाजार में है।

इस सूचना पर उपरोक्त व्यक्ति को सुचित्तागंज बाजार थाना क्षेत्र रौनाही जनपद अयोध्या से पकड़ लिया गया। उसके कब्जे से प्राप्त अभिलेखों के आधार पर उससे पूछताछ की गयी तो बताया कि यह लक्षनपुर नेपालगंज बांके, नेपाल देश का मूल निवासी है तथा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर इलाहाबाद-इण्डियन बैंक में अपना खाता वर्ष 2016 में खुलवाया है तथा 2 भारतीय मोबाइल सिम कार्ड भी लिया है जिसका उपयोग करता है। इसके अतिरिक्त उसके कब्जे से 2 नेपाली सिम कार्ड भी बरामद हुए। उसके मोबाइल फोन में इन्टरनेट एप के माध्यम से चैटिंग, कालिंग किया जाना पाया गया जिसके बारे में वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे रहा था।

## प्रयागराज के बसवार से कांग्रेस ने शुरू की नदी अधिकार यात्रा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार से प्रयागराज के बसवार गांव से नदी अधिकार यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय करके बलिया के माझी घाट पर समाप्त होगी। आज बसवार से यह यात्रा निषाद बाहुल्य गांवों से होते हुए मवैया पंहुचेगी और वहां पर रात्रि विश्राम और ग्रामीणों से चर्चा होगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा में शामिल होने आए छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता निषाद समाज के साथ है। हर मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ने को वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने निषाद समाज को ठगा और छला है। इस सरकार में निषाद समाज को ना ही उचित प्रतिनिधित्व मिला और ना ही सम्मान। मुख्यमंत्री सिर्फ अतिपिछड़ा समाज के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अति पिछड़े समाज को कैसे सम्मान और प्रतिनिधित्व दिया जाता है यह उनको छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार से सीखना चाहिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मछुआरा समाज की मांग पर विलासपुर एयरपोर्ट का नाम बिलासा देवी केवट कर दिया है। यात्रा को शुरू करते हुए कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य तथा पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी निषाद समाज के एक एक हक और अधिकार के लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जारी प्रेसनोट में बताया कि यह यात्रा प्रयागराज से बलिया तक करीब 400 किलोमीटर चलेगी। गंगा किनारे जीतने भी गांव है उनके बीच पदयात्री जाकर निषाद समाज की आवाज बुलंद करेंगे। साथ ही साथ नदी अधिकार पत्र भी भरवाए जाएंगे। पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि अतिपिछड़ों को सरकार ने सिर्फ ठगा है। उनके हक पर सरकार ने डकैती डाली है। चाहे आरक्षण का सवाल होए बच्चों के छात्रवृत्ति का सवाल होए नौकरियों में प्रतिनिधित्व का सवाल हो योगी आदित्यनाथ ने सिर्फ समाज के साथ दगाबाजी किया है।

# कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस व बसपा ने किया बहिर्गमन

## विधान परिषद में सपा का वाकआउट

### ● कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष का सरकार पर निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** में बिगडती कानून व्यवस्था को लेकर सपा ने आज विधान परिषद में सरकार को घेरने की कोशिश की। सत्ता पक्ष के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन में हंगामा किया और सदन का वाकआऊट किया। पूरे दिन हंगामे और विपक्षी दलों के विरोध के बीच परिषद की कार्यवाही चली।

सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने नेता सदन के पत्र द्वारा सदन को यह सूचित किया कि आज की सदन की कार्यवाही के संचालन के लिये डाक्टर महेन्द्र सिंह को नेता सदन अधिकृत किया गया। प्रश्नकाल के दौरान सदन के सदस्यों के सवालों का सरकार के मंत्रियों ने जबाव दिये। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच नोंकझोक हुई। शून्यकाल के दौरान सपा के अहमद हसन, रामवृक्ष सिंह यादव, रणविजय सिंह, आनन्द भदौरिया, बासुदेव यादव एवं अन्य सदस्यों ने प्रदेश में हो रही ताबड़तोड हत्यायें, लूट, बलात्कार की घटनाओं से कानून व्यवस्था ध्वस्त होने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर सपा के राम अवध यादव, आनन्द भदौरिया एवं नेता विरोधी दल ने विचार व्यक्त किये। सपा सदस्य कार्यस्थन करके कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा करने की मांग कर रहे थे।

नेता सदन एवं मंत्री महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के जवाब से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया। सभापति ने कार्यस्थगन अस्वीकार सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु संदर्भित किये जाने के निर्देश दिये। बसपा के दिनेश चन्द्रा, अतर सिंह राव, सुरेश कुमार कश्यप, महमूद अली एवं भीमराव अम्बेडकर ने प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापित ग्राम विकास अधिकारी पद हेतु भूतपूर्व सैनिकों के चयन में अनियमितता किये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर दिनेश चन्द्रा एवं भीमराव अम्बेडकर ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन एवं मंत्री ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। कांग्रेस के दीपक सिंह ने 4 फरवरी को प्रयागराज के यमुनापार इलाके में घूरपुरए थाना क्षेत्र-बसवार में बालू खनन के खिलाफ कार्यवाही के दौरान पुलिस द्वारा नाविकों से झड़प व मारपीट किये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर दीपक सिंह, डॉ. राजपाल कश्यप एवं बसपा क दिनेश चन्द्रा ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता नरेश चन्द्र उत्तम ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रयागराज के सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज, जलालपुर के प्रबन्धक द्वारा प्रधानाचार्य का उत्पीड़न किये जाने के संबंध में सूचना दी। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी, ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं सपा के वासुदेव यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। माननीय नेता सदन मंत्री महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता नरेश चन्द्र उत्तम ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल एवं डा आकाश अग्रवाल ने कानपुर देहात के गॉधी गोविन्द गोपाल राष्ट्रीय विद्यापीठ में अराजक तत्वों व विवादित प्रबन्ध समितियों द्वारा अवैधानिक रूप से पड़े ताले को खुलवाये जाने के संबंध में सूचना दी। नेता सदन महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सपा के राम सुन्दर दास निषाद आशुतोष सिन्हा, राजेश यादव प्राजू, डा संजय लाठर, जितेन्द्र यादव एवं अन्य सदस्यों ने गंगा, यमुना सहित अन्य नदियों के साफ-सफाई पर करोड़ों रूपये की हेरा-फेरी किये जाने के संबंध में सूचना दी। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया।

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** में सोमवार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस व बसपा ने बहिर्गमन किया। बहुजन समाज पार्टी के नेता विधानमंडल लालजी वर्मा की ने अलीगढ में एक बालिका के साथ हुए बलात्कार का मामला उठाया। लालजी वर्मा ने कहां की प्रदेश में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति यह है कि अपराधी घटना करने के बाद हत्या तक कर दे रहे हैं और सरकार शांत बैठी हुई है।

इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इस दुखद कांड में अपराधियों का पता करने के लिए पुलिस की पांच टीमे गठित कर दी गयी है। इस मामले में कोई भी दोषी बच नहीं पाएग। सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार के 4 साल के कार्यकाल में जबरदस्त तरीके से अपराध और अपराधियों के नियंत्रण पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार अट्ठारहए उन्नीसए बीस में निरंतर अपराध घटे हैं। संसदीय कार्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट बसपा नेता लालजी वर्मा ने प्रदेश सरकार से बलात्कार के बाद हत्या की जाने संबंधी अपराध का आंकड़ा मांगा। सरकार की ओर से संतुष्ट जवाब ना मिलने पर कांग्रेस नेता अजय कुमार लल्लू ने विरोध किया और सदन से बंद कर दिया। इसके तुरंत बाद ही बसपा नेता नहीं थी सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया। इसके बाद सदन में आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने बजट पर अपने विचार रखने का काम किया।



## कोविड का निशुल्क टीका लगा रही है सरकार

**लखनऊ।** प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों मनोज कुमार पाण्डेय, अजय कुमार लल्लू उमाशंकर सिंह तथा वीरेन्द्र यादव ने एक संयुक्त रूप से सवाल किया कि प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन फ्री में लगाए जाने की क्या व्यवस्था है? इसके उत्तर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार केन्द्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य कर रही है। प्रदेश में सरकार नि:शुल्क कोविड का टीकाकरण कर रही है और निजी अस्पतालों में यह टीका 250 रूपए में लग सकेगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में 16 जनवरी से कोविड वैक्सीनेशन चरणबद्ध तरीके से नि:शुल्क किया जा रहा है। प्रश्नकाल में ही सपा सदस्य आजाद अरिदर्मन ने सत्ता पक्ष से जानना चाहा कि 2018-19 एवं 2019-20 में स्वाइन फ्लू की कितनी घटनाएं हुई और कितने लोगों की मृत्यु हुई। स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह ने कहा कि इस समय स्वाइन फ्लू का कोई भी रोगी नहीं है और न ही किसी रोगी का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में कई प्रकार की बीमारियों की रोकथाम के लिए कई प्रकार की वैक्सीनों से ऐसे इलाकों को चिन्हित कर इलाज कराने का काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वाइन फ्लू के साथ डेंगू के रोग में भी गिरावट आई है। जहां तक टीबी की बात है तो उसके लिए 75 जनपदों में टेस्टिंग मशीने लगाई गयी हैं।

### सत्ता पक्ष के विधायक ने चारागाह मित्र नियुक्त किए जाने का उठाई मांग

**लखनऊ।** विधान सभा में सत्तारूढ़ दल के विधायक जवाहर लाल राजपूत ने सरकार से सवाल किया कि वह शिक्षा मित्रों की ही तरह चारागाह मित्र भी नियुक्त करेगी? इस सवाल पर कई विपक्षी दलों ने सरकार पर आरोप लगोए कि गौशालाओं में गाय मर रही हैं और उनका ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि पशुधन मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि सरकार गायों के चारा के लिए प्रति गाय 900 रूपए का भुगतान करती हैं। इस सवाल पर कांग्रेस और बीजेपी के सदस्यों के बीच नोक-झोंक भी हुई। प्रश्नकाल के दौरान जवाहर लाल राजपूत ने सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश में छुट्टा, अन्ना जानवरों से फसलों को हो रहे भारी नुकसान के कारण किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है और उनमें भारी असुरक्षा की भावना व्याप्त है। क्या सरकार छुट्टा, अन्ना पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस नीति बनाये जाने पर विचार करेगी

## बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

### ● विधान सभा की कार्यवाही दो बार स्थगित

**लखनऊ।** विधानसभा में सोमवार को प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। जहां एक तरफ सत्ता पक्ष ने लाखों बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही तो वहीं विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि वह बेरोजगारों के साथ छलावा कर रही है। कार्यवाही के दौरान सत्ता पक्ष से श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की तरफ से बेरोजगारों को रोजगार देने के विभागीय आंकड़े पेश करने के बावजूद सपा और कांग्रेस के सदस्य असंतुष्ट दिखे।

सपा सदस्य वेल में आ गए और उन्होंने सरकार विरोधी नारेबाजी भी की जिसके चलते सदन की कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। विधान सभा में नियम 56 के तहत नेता प्रतिपक्ष रामगोबिन्द चौधरी ने बढ़ती बेरोजगारी की समस्या का मुददा सदन में रखते हुए कहा कि उप्र में बेरोजगारी की समस्या सुरसा की तरह मुंह बाए खड़ी हुई है। नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना के कारण लाखों युवक बेरोजगार हो गए हैं जबकि भाजपा ने अपने संकल्पपत्र में 90 दिन के अंदर खाली पड़े पदों पर भर्ती करने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पांच लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। राज्य सरकार की तरफ से रोजगार देने के जो आंकड़े पेश किए जा रहे हैं उससे पांच छह गुणा रोजगार के आंकड़े अखिलेश यादव की सरकार में भी पेश किए जा चुके हैं पर यह सब हकीकत से दूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार को नौकरी न देना पड़े इसलिए वह भर्ती परीक्षाओं को रोकने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। बेरोजगारी की इसी समस्या पर बल देते हुए कांग्रेस की तरफ अजय कुमार उर्फ लल्लू ने कहा कि सरकार ने बेरोजगारों को धोखा देने का काम किया है। कई विभागों में लाखों पद खाली पड़े होने के बाद भी राज्य सरकार भर्तियां नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है जिसके कारण बेरोजगार आत्महत्या करने को मजबूर है।

विपक्ष के आरोपों के बाद श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि हमारी सरकार पारदर्शी सरकार है और हम नौकरी देने का काम करते हैं, नौकरी बेचने का नहीं करते हैं। मौर्य ने पिछली सपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा उस समय अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लोकसेवा आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड भर्तियों में खूब भ्रष्टाचार होता था लेकिन अब हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ बेरोजगारों को नौकरी में भर्ती कराने का काम कर रही है। विरोधी दलों की सरकारों में नौकरियां बेचने का काम होता था।

उनकी यह बात सुनते ही सपा और कांग्रेस के सदस्य अपने आसन पर खड़े होकर सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्य वेल में आकर सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे और स्पीकर ने सदस्यों से अपने स्थान पर जाने को कहा लेकिन सपा सदस्यों ने अध्यक्ष की बात नहीं मानी, इसी बीच शोर शराबे को देखते हुए सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी।

## विधानसभा में दो विधेयक ध्वनि मत से पारित

**लखनऊ।** विधानसभा में सोमवार को उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति विरूपण निवारण विधेयक 2021 एवं उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक 2021 ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विधेयक को सदन के पटल पर विचार के लिए रखा गया था। विपक्ष ने इन दोनों विधेयकों को प्रवर समिति को भेजने की सिफारिश की थी। उत्तर प्रदेश के दो जिलों क्रमश: लखनऊ व नोएडा में कमिश्नर व्यवस्था लागू होने के बाद गुंडा एक्ट की कार्यवाही में कुछ संशोधन की आवश्यकता थी। इसको देखते हुए सोमवार को विधानसभा में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण संशोधन विधेयक 2021 प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव अंतर्गत लखनऊ व नोएडा गुंडा एक्ट के तहत जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी के साथ संयुक्त पुलिस आयुक्त व उप पुलिस आयुक्त भी सुनवाई करेंगे। इसके साथ ही इस मामले की अपील पुलिस आयुक्त व मंडल आयुक्त से की जा सकेगी। इन दोनों ही विधयकों को विपक्ष प्रवर समिति में ले जाने की मांग करता रहा। लेकिन करीब आधे घंटे तक चली चर्चा के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति विरूपण निवारण विधेयक 2021 को लेकर भी विपक्ष के नेताओं ने विरोध किया। बसपा नेता लालजी वर्मा एवं नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी का कहना था कि इस विधेयक का चुनाव के दौरान दुरुपयोग किया जाएगा। लालजी वर्मा इस विधेयक में संशोधन किए जाने व इसे प्रवर समिति में भेजने की जाने की मांग कर रहे थे। करीब आधे घंटे तक चली बहस के बाद इस विधेयक को भी ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

# भाजपा को सत्ता से बाहर रखकर, सीएम को हटा भारत को राह दिखाए तमिलनाडुः राहुल

**भाषा।** नागरकोइल (तमिलनाडु)



**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु को भाषा एवं संस्कृति विरोधी ताकतों और एक संस्कृति, एक राष्ट्र और एक इतिहास की अवधारणा पेश करने वालों को दूर रखने में भारत को राह दिखानी चाहिए। राहुल गांधी ने राज्य के तीन दिवसीय दौरे में यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास ने दिखा दिया है कि तमिलनाडु में तमिल लोगों के अलावा कोई और सत्ता में नहीं आ सकता। 234 विस सीटों वाले तमिलनाडु में छह अप्रैल को चुनाव होने हैं। कांग्रेस द्रमुक नीत गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। गांधी ने यहां लोगों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, ए चुनाव भी यही चीज दिखाएंगे कि केवल वही व्यक्ति तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बन सकता है, तो तमिल लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे झुकने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री (के पलानीस्वामी) ऐसा कभी नहीं कर पाएंगे। मुख्यमंत्री को राज्य के लोगों के आगे झुकना चाहिए। गांधी ने कहा कि आरएसएस और मोदी तमिल भाषा और संस्कृति का अपमान करते हैं तथा लोगों को उन्हें यहां अपने पैर जमाने नहीं देने चाहिए। उन्होंने कहा, मोदी एक संस्कृति, एक राष्ट्र, एक इतिहास और एक नेता की बात करते हैं। गांधी ने कहा, क्या तमिल भारतीय भाषा नहीं है? क्या बांग्ला भारतीय भाषा नहीं है? क्या तमिल संस्कृति भारतीय संस्कृति नहीं है? इस चुनाव में यही लड़ाई लड़ी जा रही है। वायनाड से सांसद ने कहा, जिस तरह भारत की सभी भाषाओं और धर्मों की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है, उसी तरह तमिल भाषा, संस्कृति एवं इतिहास की रक्षा करना भी मेरा कर्तव्य है। उन्होंने केंद्र में भाजपा नीत सरकार और राज्य की पलानीस्वामी सरकार पर तमिल भाषा, संस्कृति एवं परम्परा का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया। गांधी ने आरोप लगाया, हमारे पास यहां ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो मोदी की कही हर बात पर हामी भर देते हैं। मुख्यमंत्री तमिलनाडु के लोगों की नहीं, बल्कि मोदी की इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं। गांधी ने कन्याकुमारी में दिवंगत कांग्रेस नेता एच वसंत कुमार के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।



पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 70वें जन्म दिन पर बधाई देते पार्टी नेता

## जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करने वाला एक व्यक्ति गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, (पुलवामा के) त्राल इलाके के लारो जागीर गांव में जैश ए मोहम्मद के आतंकवादियों की मौजूदगी की विशिष्ट सूचना के आधार पर पुलिस, राष्ट्रीय राईफल्स और 180 बीएन सीआरपीएफ ने वहां तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान मुजामिल कादिर भट को गिरफ्तार किया गया, जो आतंकवादियों का सहयोगी है। उन्होंने कहा कि भट के पास से अभियोजन योग्य सामग्री बरामद की गई है। उसने अपने घर के परिसर में एक हथगोला छिपा रखा था, उसे भी बरामद कर लिया गया है। प्राथमिक जांच से पता चला कि गिरफ्तार किया गया आतंकवादियों का सहयोगी त्राल और देशभर में जैश के आतंकवादी कमांडरों के संपर्क में था।

# भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर स्टालिन ने अमित शाह पर किया पलटवार

**भाषा।** चेन्नई

**द्रमुक नेता** एम के स्टालिन ने उनकी पार्टी पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर सोमवार को पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा तमिलनाडु में सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक का समर्थन करके भ्रष्टाचार के साथ खड़ी है। शाह ने भ्रष्टाचार के मामलों पर बोलने को लेकर स्टालिन पर कटाक्ष करते हुए रविवार को विल्लुपुरम में एक रैली में उनसे कहा था कि वह अपने भीतर झांककर देखें। उन्होंने स्टालिन से कहा था कि, 2टू (स्पेक्ट्रम आवंटन) घोटाला किसने किया , जिसमें सांसद कनिमोई और ए राजा आरोपी हैं। उन्होंने कहा था कि जब कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपए का घोटाला किया उस समय द्रमुक उस सरकार का हिस्सा थी। स्टालिन ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी प्रकार की बात कही थी और अब अमित शाह ने यह कहा है और कल केंद्र में भाजपा के सभी नेता यही बात कहेंगे। उन्होंने कहा, वे भ्रष्टाचार, कमीशन लेने और उगाही करने वाले ओपीएस (उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम) और ईपीएस (मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी) का हाथ पकड़ते हैं। यह दर्शाता है कि वे भ्रष्टाचार के साथ खड़े हैं। उन्होंने पिछले महीने एक सरकारी कार्यक्रम में मोदी द्वारा पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी का हाथ पकड़ने का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए यह बात की। स्टालिन ने बताया कि द्रमुक नीत गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर वार्ता रविवार को शुरू हो गई और पार्टी का घोषणा पत्र भी तैयार हो रहा है। स्टालिन ने कहा कि पार्टी की सात मार्च को तिरुचिरापल्ली में एक विशेष बैठक होगी, जिसमें तमिलनाडु को एक दशक में सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए 10 साल का खाका जारी किया जाएगा।

## छद्म मतों की खातिर पुलिस बल के अंदर अवैध कवायद चल रही है : भाजपा

**कोलकाता।** भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त सोमेन मित्रा को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि 27 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान डाक मतपत्रों के संग्रहण एवं छद्म मतों की खातिर पुलिस बल के अंदर अवैध कवायद चल रही है। भाजपा सांसद स्वप्न दासगुप्ता और वरिष्ठ नेताओं– सब्यसाची दत्ता एवं शिशिर बाजोरिया के दस्तखत वाले इस पत्र में पार्टी ने दावा किया कि वेलफेयर एसो. के बैनर तले पुलिस अधिकारियों का एक वर्ग इस अभियान के तहत सभी रैंक के अपने सहयोगियों के मतदाता पहचान पत्र एवं आधार कार्ड की प्रतियां जमा कर रहा है। पार्टी ने यह भी कहा कि यह बिल्कुल अवैध कृत्य है एवं किसी के मतदान के मौलिक अधिकार को छीन लेने जैसा है। भगवा दल ने कहा, शांतनु सिन्हा विश्वास नाम के एक इंस्पेक्टर इस कवायद की अगुवाई कर रहे हैं तथा दो इंस्पेक्टर – तपन कुमार मैती और बिजितास्व राउत उनकी मदद कर रहे हैं।

# वीरप्पा मोइली ने जी-23 की बैठक से दूरी बनाई, कहा हम इसका हिस्सा नहीं

**बेंगलुरु।** जम्मू में हुई जी–23 नेताओं की बैठक से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम वीरप्पा मोइली ने सोमवार को पार्टी के अंदरूनी मतभेद सार्वजनिक होने पर चिंता जाहिर करते हुए राहुल गांधी के फिर से पार्टी प्रमुख बनने का समर्थन किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री मोइली पार्टी के उन 23 नेताओं में शामिल थे जिन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर ‘पूर्णकालिकै और दृष्टिगोचरै नेतृत्व सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। इसके बाद इन नेताओं को जी–23 के नाम से जाना जा रहा है। राज्यसभा से गुलाम नबी आजाद के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानित करने के लिए जी–23 के कुछ नेताओं द्वारा शनिवार को जम्मू में की गई रैली का हवाला देते हुए मोइली ने कहा कि असंतुष्टों के तौर पर इसका अर्थ लगाना गलत है। उन्होंने कहा, यह असंतुष्टों की बैठक नहीं है। हम (जी–23 के कुछ नेता) इसका हिस्सा नहीं हैंै। सार्वजनिक तौर पर असंतुष्टी दिखाते हुए आज़ाद, आनंद शर्मा और कपिल सिब्बल जैसे नेता शनिवार को जम्मू में एक मंच पर आए और कहा कि पार्टी कमज़ोर हो रही है और वे इसे मजबूत करने के लिए साथ आए हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री रह चुके मोइली ने कहा कि अगस्त में भेजे गए पत्र का मकसद पार्टी में सुधार करना, सभी स्तरों पर प्रभावी सुधार और संगठनात्मक चुनावों का था। उन्होंने कहा, यह सोनिया गांधी, राहुल गांधी के नेतृत्व के खिलाफ नहीं था। हम सब नेतृत्व के साथ हैं। हम कांग्रेस के साथ हैं। हम उनके अध्यक्ष बनने के खिलाफ नहीं हैंै। मोइली ने कहा कि कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने संगठन में बदलाव करने और चुनाव कराने का वादा किया था।

अगस्त में पत्र पर हस्ताक्षर करने पर किसी तरह का पछतावा होने के सवाल पर उन्होंने कहा,ै मुझे नहीं लगता है कि हमें पछतावा हैै। मोइली ने कहा, हमें (अपने पत्र को लेकर) आगे नहीं बढ़ना चाहिए। उसका (जी–23) का मतलब संगठन से असंतुष्ट होना नहीं था और होगा भी नहीं। एक बार जब ज्ञापन (पत्र) दे दिया गया तो उद्देश्य पूरा हो गयाै।उन्होंने कहा, हर दिन मुद्दे को उठाना (सही) नहीं है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी का पुनर्निर्माण एक निरंतर और रोजाना चलने वाली प्रक्रिया है। यह एक–बार की गतिविधि नहीं है। उन्होंने कहा,ै उस लिहाज़ से (अगस्त के पत्र का) उद्देश्य पूर्ण हो गया है। राहुल गांधी के फिर से अध्यक्ष बनने की पार्टी में बढ़ती मांग पर मोइली ने कहा, हम भी चाहते हैं कि वह पद पर वापस आएं, क्योंकि सोनिया जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं हैै। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले से क्षेत्र में सक्रिय हैं,ै देशभर में घूम रहे हैं, हर जगह जा रहे हैंै। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राहुल गांधी चुनाव प्रक्रिया के जरिए पार्टी के प्रमुख के तौर पर वापसी कर सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र सरकार करों में कटौती करके राहत कर सकतीः फडणवीस

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में एमवीए सरकार ईंधन के दाम मे वृद्धि के मुद्दे पर लोगो को गुमराह कर रही है वह करों मे कटौती करके राहत प्रदान कर सकती है। प्रति लीटर पेट्रोल पर केंद्र द्वारा लगाए गए कर 70 रुपए तक होते है और यह राशि विभिन्न तरीको से राज्यो को दे दी जाती है तथा राज्य द्वारा लगाया गया शुल्क 27 रुपए तक होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार जो शुल्क लगाती है, उसे वह घटा सकती है और राहत दे सकती है। उनसे प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले द्वारा ईंधन के बढ़ते दाम के विरूद्ध साईकिल रैली निकाले जाने के बारे मे पूछा गया तो उन्होने कहा कि शायद वह ईंधन पर कर कटौती का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हो क्योंकि करो की कटौती की चर्चा चल रही है। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी एमवीए सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर काटे जा रहे बिजली कनेक्शन के विरूद्ध आवाज उठाएगी क्योंकि इससे लोगो खासकर किसानो को बड़ी परेशान हो रही है।

### बंगाल विस चुनावः कांग्रेस ने 28 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

**कोलकाता।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) ने चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के लिए 28 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को इस बारे में बताया। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के कांग्रेस नेताओं को 294 सदस्ईय पश्चिम बंगाल विधानसभा के आठ चरणों में होने वाले चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि एआईसीसी ने कोलकाता के उत्तरी, दक्षिण, मध्य और बड़ा बाजार के लिए चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जबकि उत्तरी 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलों के लिए दो-दो पर्यवेक्षक बनाए गए है। कांग्रेस नेता ने बताया कि बाकी सभी जिलो के लिए एक-एक पर्यवेक्षक होंगे।

### मादक पदार्थ मामलाः भाजपा नेता का एक सहयोगी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के न्यू अलीपुर क्षेत्र से जब्त किए गए मादक पदार्थ के मामले में पुलिस ने भाजपा नेता राकेश सिंह के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सहयोगी की गिरफ्तारी के साथ ही भाजपा के दो नेताओं सहित मामले में अभी तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता आटो-रिक्शा खींचकर पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमतों का विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# विपक्ष ने किसानों को बरगलाना जारी रखा तो उसे चुनाव में और भी कम सीटें मिलेंगीः गोयल

**शिमला।** रेल मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि अगर विपक्ष किसानों को गुमराह करता रहा तो उसे अगले लोकसभा चुनाव में और भी कम सीटें मिलेंगी। केंद्रीय रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामलों के मंत्री गोयल यहां हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के आधिकारिक आवास पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। विपक्ष को किसानों को (कृषि कानूनों पर) गुमराह नहीं करना चाहिए। किसानों के आंदोलन के कारण रेलवे को हुए नुकसान संबंधी सवाल से बचते हुए गोयल ने आरोप लगाया कि विपक्षी कांग्रेस ने विभिन्न मुद्दों पर लोगों को गुमराह किया है, आम चुनाव में मतदाताओं ने उसे कुछ सीटों तक सीमित कर दिया और पार्टी विपक्ष के नेता का पद भी प्राप्त करने में असफल रही। अगर विपक्ष इसी तरह किसानों को गुमराह करता रहा, तो अगले आम चुनावों में उसे और भी कम सीटें मिलेंगी। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 44 सीटें जीती थीं। 2019 के आम चुनाव में उसकी सीटों की संख्या में थोड़ा सुधार हुआ और यह बढ़कर 52 हो गई। सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानून किसानों और देश के हित में हैं। हिमाचल प्रदेश के किसानों सहित अधिकतर किसान नए कृषि कानूनों के पक्ष में हैं और केवल कुछ ही गुमराह हैं। जल्द ही एक समाधान निकलेगा।

## हवाईअड्डे पर तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू को रोका गया, धरने पर बैठे

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश विस में विपक्ष के नेता एन चंद्रबाबू नायडू सोमवार को रेनीगुंटा में तिरुपति हवाईअड्डे के आगमन लाउंज में धरने पर बैठ गए। पुलिस उन्हें शहर में प्रवेश से रोकने के लिए हिरासत में लेना चाह रही थी। तेदेपा के अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों से बहस की और यह जानना चाहा कि उन्हें तिरुपति और चित्तूर जाने से क्यों रोका जा रहा है। हैदराबाद से तिरुपति हवाईअड्डे पहुंचे नायडू स्थानीय निकाय के प्राधिकारियों की ज्यादती के खिलाफ तिरुपति में विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने आए थे।

fanatically for you
agranté
KAVYAM

## “KAVYAM”-AFFORDABLE HOUSING PROJECT

Advertisement is invited to inform general public at large regarding cancellation of units of already allotted customers through the Ist draw of lots dated 24.06.2019 and 2nd draw of lots dated 01.08.2020 due to non-payment despite several reminders, in the Residential Apartments in the Affordable Group Housing Project Kavyam is being developed by Agrante Realty Ltd Sector-108, Gurugram, Haryana, as per terms and conditions of the policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF- 27/48921 dated 19.08.2013 & amendments thereof (details available at the Department website, i.e. www.tcpharyana.gov.in).

| S. No. | Allotted Unit No | Application No. | Name | Co- App. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2530 | TA5-1003 | Mr. Satya Prakash | MS. BABLI KUMARI |
| 2 | 2653 | TA3-1201 | Mr. Abhishek Chhajuram Agarwal | N/A |
| 3 | 2793 | TC-805 | Mr. Adarsh Kumar | N/A |
| 4 | 3407 | TD-1106 | Mr. Rakesh Yadav | N/A |
| 5 | 3409 | TD-1706 | Ms. Riti Yadav | N/A |
| 6 | 3639 | TA3-1101 | Mr. Veeneet Verma | N/A |
| 7 | 3688 | TB-204 | Mr. Nitin | N/A |
| 8 | 3690 | TA5-202 | Mr. Sombir | N/A |

It is to inform to all above allottees that it is last & final opportunity to restore the cancellation after making the all dues till date within seven working days, otherwise it shall be considered as cancelled and the same shall be allotted to the aspiring applicants under the applicable provisions of policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 & amendments thereof.

**Regd Office: Agrante Realty Ltd 704 7th floor DLF Tower-B, Jasola, New Delhi.,**
**CIN:U70101DL2013PLC248731**
**Contact at: - website: www.kavyamhomes.com; 011-41924100-199, 8800499674**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110055

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थित में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :–

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री राजविंदर सिंह बेदी (कर्जदार), श्रीमती अनु शर्मा (सह कर्जदार) LBDEL00002422645 | 5वीं मंजिल टॉवर–डी, चिन्तल्स परादीसो, सेक्टर– 109, फ्लैट नंबर–डी –504, गुड़गांव, हरियाणा, 122005 क्षेत्र 2630 वर्ग फीट | रू. 89,53,952/- (फरवरी 19, 2021 तक) | रू. 1,30,00,000/- / रू. 13,00,000/- | अप्रैल 05, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अप्रैल 16, 2021 दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अप्रैल 15, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110055** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक– **अप्रैल 15, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110055** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अप्रैल 15, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : मार्च 02, 2021**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# सीबीआई ने फर्जी नियुक्ति पत्र मामले की जांच संभाली

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने आईटीबीपी भर्ती घोटाले की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसमें देश भर के 24 असफल उम्मीदवारों को बल में शामिल होने के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र दिए गए थे। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि ए उम्मीदवार 2014–15 और 2016 में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की कान्स्टेबल पद के लिए हुई परीक्षा में बैठे थे, लेकिन वे चयन प्रक्रिया में सफल नहीं हो सके थे। हालांकि, वे ड्यूटी में शामिल होने के लिए फर्जी भर्ती पत्रों के साथ बल के कार्यालय पहुंच गए थे, जिससे आईटीबीपी के अधिकारियों को आश्चर्य हुआ था।

उन्होंने कहा कि ए अभ्यर्थी पूरे देश से थे और परीक्षा में असफल होने के बावजूद भर्ती पत्र लिए हुए थे।उन्होंने कहा कि आईटीबीपी के अधिकारियों ने उनके पत्रों पर एक मोबाइल नंबर देखा जिस पर संपर्क करने के निर्देश दिए गए थे।अधिकारियों ने कहा कि उम्मीदवारों को ड्यूटी में शामिल होने से पहले कुछ पैसे बैंक खातों में प्रशिक्षण शुल्क के रूप में जमा करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि इन उम्मीदवारों में से कुछ को पत्र द्वारा लालच दिया गया था और उन्होंने उन खातों में पैसे जमा करा दिए थे। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट था कि असम, पंजाब, अंडमान, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के उम्मीदवारों को फर्जी भर्ती पत्र जारी किए गए थे। जबकि वास्तविक अभ्यर्थियों को नियत प्रक्रिया और भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद हरी झंडी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है।

# कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता टीएमसी और भाजपा की कठपुतली हो गए हैंः आईएसएफ प्रमुख का दावा

**भाषा।** कोलकाता

**इंडियन** सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) प्रमुख अब्बास सिद्दीकी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता तृणमूल कांग्रेस और भाजपा, दोनों पार्टियों के संपर्क में हैं तथा विधानसभा चुनाव के नतीजे के अनुरूप उनमें से किसी एक खेमे में शामिल हो सकते हैं। पश्चिम बंगाल में वाम दलों और कांग्रेस के महागठबंधन को रविवार को संकट की स्थिति का सामना करना पड़ा, जब सिद्दीकी ने कांग्रेस को सीट बंटवारे पर चल रही बातचीत को लेकर आगाह करते हुए उसे जल्द ही किसी निर्णय पर पहुंचने कहा था।सिद्दीकी ने कहा, अगर, कल मेरे शब्दों से अधीर रंजन चौधरी (प्रदेश कांग्रेस प्रमुख) को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं। लेकिन मुझे जानकारी मिली है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता टीएमसी और भाजपा दोनों के सम्पर्क में हैं और (चुनाव बाद) त्रिशंकु विधानसभा होने की स्थिति में वह पाला बदल सकते हैं उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि कांग्रेस इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करे। वे गठबंधन चाहते हैं या नहीं, उन्हें यह स्पष्ट रूप से कहना होगा। हम अनंत काल तक प्रतीक्षा नहीं कर सकते। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप भट्टाचार्य ने इन आरोपों को बेबुनियाद करार ते हुए खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा, उन्होंने (आईएसएफ प्रमुख ने) नेता का नाम क्यों नहीं बताया, जिसके वह भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के सम्पर्क में होने का दावा कर रहे हैं? हम गठबंधन पर सिर्फ इसलिए फैसला नहीं ले सकते क्योंकि उन्हें जल्दी है। हम वाम दलों के नेताओं साथ बैठक के बाद इस पर फैसला लेंगे। वाम दल और कांग्रेस के नेताओं के आज बैठक करने का कार्यक्रम है। प्रदेश में आठ चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं और 27 मार्च को पहले चरण का मतदान होगा। आईएसएफ प्रमुख ने रविवार को दावा किया था कि कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी गठबंधन के पक्ष में हैं, लेकिन बंगाल से पार्टी के एक नेता इसमें देर कर रहे हैं। उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चौधरी ने कहा कि कांग्रेस किसी सिद्दीकी की धमकियों और भयादोहन के आधार पर फैसले नहीं लेगी। हमारा वाम दलों के साथ औपचारिक गठबंधन है। पहले हमे वाम के साथ सीट बंटवारे की तस्वीर स्पष्ट करने दीजिए। हमने अब्दुल मनन से आईएसएफ के साथ बात करने और उनकी मांगों पर गौर करने को कहा है। आईएसएफ ने माल्दा और मुर्शिदाबाद में कुछ सीटों की मांग की है , जिन पर पार्टी ने 2016 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।

# नीतीश ने कोविड-19 टीका लगवाया

## लोगों से भी टीकाकरण का आग्रह किया

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कोविड-19 से बचाव के लिए टीके की पहली खुराक ली। इस अवसर पर उन्होंने टीकाकरण की सुविधा मुफ्त प्रदान करने के अपनी सरकार के फैसले की पुष्टि करते हुए आमजनों से भी टीका लगवाने का आग्रह किया। पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्था (आईजीआईएमएस) में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की मौजूदगी में नीतीश ने सोमवार को कोविड-19 का पहला टीका लिया।

कोविड-19 का पहला टीका लगवाने के बाद बिहार विधानमंडल पहुंचे नीतीश ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रविवार को स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक में आज से होने वाले कोविड-19 टीकाकरण की तैयारियों की समीक्षा की गई थी। उन्होंने बताया कि कल ही मैंने आईजीआईएमएस में टीका लगवाने का फैसला कर लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड-19 टीकाकरण के तीसरे चरण की आज शुरुआत होगी, हमने तय किया है कि बिहार में टीकाकरण बिलकुल मुफ्त होगा एवं सरकार की तरफ से इसको लेकर पूरी तैयारी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीका सबको लेना चाहिए इसके लिए केन्द्र सरकार ने दिशानिर्देश जारी किया है, पहले 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों को टीका लेना था लेकिन अब 60 वर्ष के अधिक उम्र वालों को टीका लेना है, साथ ही 60 वर्ष से 45 वर्ष के बीच के ऐसे लोगों को भी टीका लेना है, जो अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार बंधुओं को भी घूमना पड़ता है, हम उनके लिए भी टीके की व्यवस्था करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से बात कर रहे हैं। शराबबंदी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस महानिदेशक और मद्य निषेध विभाग के साथ बैठक में निरंतर कहा है कि अपने स्तर से और नीचे के स्तर पर प्रत्एक चीज की निगरानी करें, अगर कहीं कोई शराब बेचता है और कोई खरीद रहा है तो उस कड़ी का पता लगाएं और उसपर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि लोगों को भी इसके प्रति जागरुक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शराब के धंधे में यहां के और बाहर के जो लोग लिप्त हैं उनकी पहचान की जा रही है और उन पर कार्रवाई भी हो रही है। नीतीश ने कहा कि ज्यादातर लोग तो सही होते हैं लेकिन कुछ लोगों की मानसिकता गलत होती है एवं उनपर नजर रखना है।



पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में सोमवार को देशव्यापी टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोविड-19 वैक्सीन की पहली खुराक दी गई।

# एदियुरप्पा, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने टीका लगवाने के लिए मोदी की तारीफ की

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने सोमवार को कोविड-19 के टीके की पहली खुराक लेने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार सुबह दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली।

एदियुरप्पा ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज सुबह कोविड-19 की पहली खुराक ली। उन सभी कोरोना योद्धाओं, जिन्होंने अभी तक टीका नहीं लगवाया और वे लोग जो टीकाकरण के दूसरे चरण में टीके की पात्रता रखते हैं... मेरी उन सभी से अपील है कि वे टीका लगवाएं। उन्होंने लिखा, आए भारत और कर्नाटक को कोविड-मुक्त बनाएं। उप मुख्यमंत्री डॉ. सीएन अश्वथ नारायण ने भी लोगों के लिए एक उदाहरण पेश करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की। अश्वथ ने ट्वीट किया, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह दिल्ली के एम्स में कोविड-19 के टीके की पहली खुराक ली।

महान नेता ने खुद उदाहरण पेशकर लोगों का मार्ग दर्शन किया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने ट्वीट कर वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों से टीका लगवाने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट किया, अभियान की अगुवाई करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के एम्स में कोविड-19 का पहला टीका लगवाया। मैं वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से जल्द से जल्द टीका लगवाने की अपील करता हूं। टीका लगवाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन सभी लोगों से टीका लगवाने की अपील की, जो दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत इसकी पात्रता रखते हैं।

देश में दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत, एक मार्च से वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीका लगाया जा रहा है।

# अमरिंदर सिंह के मुख्य सलाहकार बने प्रशांत किशोर

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सोमवार को चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर को अपना मुख्य सलाहाकार बनाए जाने की जानकारी दी। सिंह ने ट्वीट किया यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रशांत किशोर मुख्य सलाहाकार के तौर पर मेरे साथ जुड़ गए हैं। पंजाब के लोगों की बेहतरी के लिए साथ काम करने को लेकर आशान्वित हूं। किशोर ने वर्ष 2017 में पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाली थी। वर्तमान में किशोर की कंपनी, इंडियन पालिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) पश्चिम बंगाल चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की मदद कर रही है। किशोर ने वर्ष 2014 के आम चुनाव में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद के लिए अभियान की कमान संभाली थी।

# छह राज्यों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि

## भारत में इलाजरत मरीजों की कुल संख्या 1,68,627 हुई

**भाषा।** नई दिल्ली



**महाराष्ट्र,** केरल, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है और पिछले 24 घंटे में सामने आए 15,510 नए मामलों में 87.25 प्रतिशत इन्हीं राज्यों से हैं। यह जानकारी सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। इसके अलावा पिछले 24 घंटे में 106 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटे में 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना वायरस से किसी की मौत नहीं हुई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज करा रहे लोगों की कुल संख्या बढ़ कर 1,68,627 पहुंच गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का का 1.52 फीसदी है। मंत्रालय ने बताया कि देश में संक्रमण का इलाज करा रहे लोगों की कुल संख्या का 84 फीसदी पांच राज्यों में है। भारत में इलाजरत मरीजों में 46.39 फीसदी मरीज महाराष्ट्र में है, इसके बाद केरल का स्थान है, जहां 29.49 फीसदी लोग संक्रमण का इलाज करा रहे हैं। मंत्रालय ने बताया, 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक हजार से अधिक इलाजरत मरीज हैं। केरल और महाराष्ट्र दो ऐसे राज्य हैं जहां कोविड-19 के इलाजरत मरीजों की संख्या 10 हजार से अधिक है, जबकि शेष 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इलाजरत मरीजों की संख्या एक हजार से दस हजार के बीच है। मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे सार्स-कोव-2 के मामलों की संख्या देश में 213 तक हो गई है। पिछले 24 घंटे में 15,510 नए मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में सर्वाधिक 8293 मामले, जबकि केरल में 3254 और पंजाब में 579 नए मामले सामने आए हैं। केंद्र उन राज्यों के लगातार संपर्क में है, जहां संक्रमण के इलाजरत रोगियों की संख्या ज्यादा है और जहां संक्रमण के नए मामले बढ़ रहे हैं। इसने कहा, आठ राज्यों में रोजाना नए मामलों की संख्या बढ़ रही है। अभी तक 2,92,312 सत्रों के माध्यम से लाभार्थियों को टीके के 1,43,01,266 खुराक दिए जा चुके हैं। इनमें पहली खुराक और दूसरी खुराक भी शामिल है। मंत्रालय ने बताया, कोविड-19 टीकाकरण का अगला चरण आज से उन लोगों के लिए शुरू हुआ है जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है और ऐसे लोगों के लिए भी शुरू हुआ है, जिनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक है लेकिन वे दूसरी अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। मंत्रालय ने बताया कि नए ठीक हुए मामलों में 85.07 फीसदी छह राज्यों में हैं।

# सीआईसीएसई की कक्षा 10वीं की परीक्षा पांच मई से, 12वीं की आठ अप्रैल से

**नई दिल्ली।** द काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईसीएसई) कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा क्रमशः 5 मई और 8 अप्रैल से संचालित करेगा। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। सीआईसीएसई के मुख्य कार्यकारी एवं सचिव गैरी अराथून ने कहा, द इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई), जो कक्षा 10वीं की परीक्षा है, 5 मई से 7 जून तक आयोजित की जाएगी। द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (आईएससी), जो कक्षा 12वीं की परीक्षा है, 8 अप्रैल से 16 जून तक आयोजित की जाएगी। अराथून ने कहा, परिणाम जुलाई तक स्कूलों के प्रमुखों के संयोजकों के माध्यम से जारी किए जाएंगे। परिणाम नई दिल्ली में काउंसिल के कार्यालय से उपलब्ध नहीं होंगे और उम्मीदवारों, अभिभावकों या संरक्षकों से किसी पूछताछ को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बोर्ड ने कहा कि कक्षा 12वीं की परीक्षा 8 अप्रैल को कंप्यूटर साइंस (प्रैक्टिकल)- प्लानिंग सेशन के साथ शुरू होगी, जो 90 मिनट का पेपर होगा, वहीं 9 अप्रैल से शुरू होने वाले अन्य विषयों की परीक्षा का समय तीन घंटे होगा। आमतौर पर सीआईसीएसई बोर्ड परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती है। हालांकि, इस साल कोविड-19 महामारी के कारण परीक्षा विलंबित हुई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने भी इस साल परीक्षाएं मई-जून के लिए टाल दी हैं जो हर साल इसी समय के आसपास परीक्षा आयोजित करता है। सीआईसीएसई की कक्षा 12 की समय सारिणी में उल्लेख किया गया है कि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, भारतीय संगीत (हिंदुस्तानी), फैशन डिजाइनिंग, शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर विज्ञान (परीक्षा सत्र) और गृह विज्ञान (परीक्षा सत्र) विषयों की व्यावहारिक परीक्षाओं की तिथि और समय संबंधित स्कूल द्वारा प्रदान किया जाएगा। अराथून ने कहा, उत्तर पुस्तिकाओं की पुनःजांच के लिए आवेदन ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए और आईएससी वर्ष 2021 के परीक्षा परिणामों की घोषणा के दिन से सात दिन के भीतर परिषद के कार्यालय को मिल जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि 2022 में परीक्षाओं के लिए फिर से बैठने की इच्छा रखने वाले या वे उम्मीदवार जिन्हें कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल होना हैं, उन्हें अपने आवेदन ऑनलाइन भरने होंगे।पिछले साल, सीआईसीएसई को कोविड-19 मामलों में बढ़ोतरी के कारण अपनी लंबित परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा था और बोर्ड द्वारा तय वैकल्पिक मूल्यांकन योजना के आधार पर परिणाम घोषित किए गए थे। योजना के अनुसार, उम्मीदवारों का उन विषयों में प्राप्त तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिशत अंकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया था जिनके लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई थी।

# उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म के आरोपी लोक सेवक को गिरफ्तारी से राहत प्रदान की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को नाबालिक लड़की से दुष्कर्म के आरोपी एक लोक सेवक से पूछा कि क्या वह लड़की से शादी करने को तैयार है। शीर्ष अदालत को बताया गया कि आरोपी पहले से विवाहित है तो पीठ ने उसे नियमित जमानत के लिए संबंधित अदालत का रुख करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे के नेतृत्व वाली पीठ महाराष्ट्र राज्य बिजली उत्पादन कंपनी में कार्यरत एक तकनीकविद द्वारा दाखिल एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने मामले में अग्रिम जमानत रद्द करने के बंबई उच्च न्यायालय के पांच फरवरी के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ में न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन भी थे। सुनवाई शुरू होने पर पीठ ने आरोपी से पूछा, क्या तुम उससे (लड़की से) शादी करना चाहते हो। पीठ ने कहा कि अगर तुम शादी करने को इच्छुक हो तो हम इस पर विचार कर सकते हैं अन्यथा तुम्हें जेल जाना होगा। साथ ही पीठ ने जोड़ा, हम शादी के लिए दबाव नहीं डाल रहे। पीठ द्वारा सवाल पूछे जाने पर याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील ने कहा कि आरोपी पहले लड़की से शादी करना चाहता था लेकिन उसने मना कर दिया तो उसने किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली। वकील ने जब कहा कि आरोपी लोकसेवक है, इस पर पीठ ने कहा, आपको (आरोपी को) लड़की को फुसलाने और दुष्कर्म करने से पहले यह सब विचार करना चाहिए था। आपको पता है कि आप एक सरकारी सेवक हैं। वकील ने कहा कि मामले में अभी आरोप तय नहीं हुआ है। पीठ ने कहा कि आप नियमित जमानत की अर्जी दे सकते हैं। हम गिरफ्तारी पर रोक लगाएंगे। शीर्ष अदालत ने आरोपी को चार सप्ताह के लिए गिरफ्तारी से राहत प्रदान की। निचली अदालत द्वारा दी गई अग्रिम जमानत को रद्द किए जाने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ आरोपी की याचिका पर शीर्ष अदालत सुनवाई कर रही थी।

# आयकर विभाग ने हैदराबाद स्थित फार्मा समूह पर छापेमारी की

## करीब 400 करोड़ के काले धन का पता चला

**नई दिल्ली।** हैदराबाद स्थित एक बड़ी फार्मास्यूटिकल कंपनी में आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान करीब 400 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता चला है। सीबीडीटी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सीबीडीटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह छापेमारी 24 फरवरी को पांच राज्यों में कुल 20 स्थानों पर की गई। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बताया कि यह फार्मास्युटिकल ग्रुप इंटरमीडिएट, ऐक्टिव फार्मास्युटिकल अवयव (एपीआई) और फार्मूला निर्माण के कारोबार में लगा हुआ है और इसके अधिकांश उत्पाद यूरोपीय देशों और अमेरिका को निर्यात किए जाते हैं। कर बोर्ड ने बताया, इस छापेमारी में लगभग 400 करोड़ रुपए की अघोषित आय से संबंधित साक्ष्यों का खुलासा हुआ है, जिसमें से निर्धारिती समूह ने 350 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय स्वीकार की है। सीबीडीटी ने बयान जारी कर बताया कि इस छापेमारी के दौरान 1.66 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किया गया है। इसके अनुसार डिजिटल मीडिया, पेन ड्राइव, दस्तावेज आदि के रूप में साक्ष्य पाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि एसएपी-ईआरपी सॉफ्टवेयर से डिजिटल साक्ष्य जुटाए गए हैं। बयान में कहा गया है कि कुछ फर्जी और गैर-मौजूद संस्थाओं से की गई खरीद से संबंधित और अन्य व्यय का भी पता चला है।

# वातानुकूलित कमरे की हवा में कोरोना वायरस को मारने वाली प्रौद्योगिकी को आरजीसीबी ने प्रमाणित किया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

## केरल में सरकारी राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आरजीसीबी) ने एरोलाइज को प्रमाणित किया

**केरल** में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी प्रौद्योगिकी विकसित की है जो बंद वातानुकूलित कमरे या हॉल की हवा में मौजूद कोरोना वायरस को मारकर वायु को सुरक्षित बनाती है। केरल में सरकारी राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आरजीसीबी) ने एरोलाइज को प्रमाणित किया है।

यह एक पेटेंट वायु विषाणुशानक है जो बंद वातानुकूलित वातावरण में मौजूद विषाणुओं को मारकर वायु को 100 फीसदी साफ करता है। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तहत आने वाले राष्ट्रीय स्वायत्त संस्थान आरजीसीबी ने प्रमाण पत्र जारी किया है। संशोधित आईएसओ प्रोटोकॉल के मुताबिक, आरजीसीबी ने उत्पाद की प्रभावकारिता जांचने के लिए इन्फ्लुएंज़ा ए, 2009 एच ।एन।- स्वाइन फ्लू, कोरोना वायरस ई जीन और कोरोना वायरस एस जीन को विषाणुनाशक में डाला गया। इसके बाद अलग-अलग समय पर हवा के नमूने लेकर आरटी-पीसीआर पद्धति से उसमें रोगाणु की जांच की गई।

आरजीसीबी का प्रमाणीकरण पुष्टि करता है कि 'एरोलाइज़' एएसआर 600 वायु विषाणुनाशक इन्फ्लुएंज़ा ए, 2009 एच। एन।- स्वाइन फ्लू, कोरोना वायरस ई जीन और कोरोना वायरस एस जीन को 100 फीसदी खत्म करने में कारगर है। यहां एक बयान में बताया गया है कि यह प्रौद्योगिकी नुकसानदेह विषाणुओं को न फिल्टर करती है और न जमा करती है, बल्कि हवा में ही मार देती है। इससे सभागार, अस्पताल और दफ्तर आदि जैसे बंद वातानुकूलित कमरे में जीवाणु-मुक्त व स्वस्थ वातावरण मिलता है।

उसमें बताया गया है कि एयरोलाइज पैनाज़ बायोसिक्युरिटी सॉल्यूशन लिमिटिड का उत्पाद है जो केरल सरकार के केरल स्टार्टअप मिशन में पंजीकृत है। इसका उत्पादन राज्य के उद्योग विभाग की औद्योगिक संपत्ति में स्थित फैक्ट्री में हुआ है। आरजीसीबी के निदेशक चंद्रभास नारायण ने राज्य सचिवालय में राज्य की स्वास्थ्य मंत्री केके शैलेजा को उनके कार्यालय में प्रमाण पत्र सौंपा। बयान में कहा गया है कि इस प्रौद्योगिकी को भारतीय वैज्ञानिकों ने विकसित किया है।

# आईएसएफ के साथ कांग्रेस के गठबंधन पर पार्टी में उठे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने इसे पार्टी की मूल भावना के विपरीत बताया

**कांग्रेस** पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से असंतुष्ट कांग्रेस नेता लगातार पार्टी के निर्णयों पर सवाल उठा रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ)के साथ गठबंधन पर सवाल खड़े किए हैं। मनमोहन सिंह सरकार के पूर्व मंत्री ने ट्वीटर पर कहा है कि गांधी और नेहरू के सेक्युलरिज्म पर सवाल उठाने वाली आईएसएफ और इस जैसी विचारधारा के साथ कांग्रेस पार्टी का गठबंधन पार्टी की मूल भावना के विपरीत है। आनंद शर्मा राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता भी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रमुख निर्णय लेने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी को इन मुद्दों को भी देखना चाहिए कि सांप्रदायिकता लड़ने में भेद नहीं किया जा सकता। उन्होंने पश्चिम बंगाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के साथ वाम और आईएसएफ के साथ संयुक्त रैली शर्मनाक बताया है। शर्मा ने बंगाल कांग्रेस कमेटी प्रमुख अधीर रंजन की मौजूदगी पर भी सवाल उठाए हैं। आनंद शर्मा के बयान पर ट्वीटर पर अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह गठबंधन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की सहमति के बाद किया गया है, जो एकतरफा नहीं है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि मैं राज्य का प्रभारी हूं, कोई भी निर्णय बिना अनुमति के नहीं लेता हूं।

# पेज 1 का शेष

## प्रधानमंत्री मोदी...

लोगों के मन में वैक्सीन को लेकर भ्रम या किसी भी तरह की हिचकिचाहट खत्म हो जानी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में वैक्सीन मुफ्त लगाई जा रही है जबकि निजी अस्पतालों में एक खुराक के 250 रुपये लिए जा रहे हैं। इसमें 150 रुपये टीके की कीमत है और 100 रुपये शुल्क है। टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण देश के अन्य हिस्सों में षुरू हो चुका है। उपराष्ट्रपति नायडू, गृह मंत्री शाह और विदेश मंत्री जयशंकर के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ओडिषा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी सोमवार को पहले दिन ही टीका लगवाया। इसी प्रकार राकांपा प्रमुख षरद पवार, उनकी पत्नी और सांसद पुत्री सुप्रिया सुले को भी महाराष्ट्र के एक सरकारी अस्पताल में कोविड-19 वैक्सीन की पहली खुराक दी गई। नीतीश कुमार ने कहा कि टीका सभी को मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से आगे आकर खुद टीका लगवाने की अपील की है। इसी तरह नवीन पटनायक ने भी लोगों से टीकाकरण अभियान में बिना भय या भ्रम षामिल होने का आग्रह किया, ताकि ओडिशा को कोविड मुक्त किया जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन मंगलवार को टीका लगवाएंगे। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान में कोवैक्सीन और कोविषील्ड दो टीके लगाए जा रहे हैं। कोवैक्सीन भारत बायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से विकसित की है जबकि ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोविषील्ड सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा बनाई गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि आम लोग टीका लगवाने के लिए को-विन 2.0 पोर्टल पर कहीं से भी और किसी भी समय पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा आरोग्य सेतु ऐप के जरिए भी रजिस्ट्रषन कराया जा सकता है। लाभार्थी पास के टीकाकरण केंद्र जाकर खुद भी वैक्सीन लगवाने के लिए रजिस्ट्रेषन करवा सकते हैं। टीका लगवाने के लिए पात्र लाभार्थी अपनी पसंद का केंद्र चुन सकते हैं और उपलब्ध स्लॉट्स के आधार पर अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि लोग अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं।

## नेताओं को...

स्वास्थ्यकर्मी हंसे बिना न रह सके। प्रधानमंत्री ने आज सुबह-सुबह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 की पहली खुराक ली। सूत्रों के मुताबिक पुडुचेरी की रहने वाली नर्स पी निवेदा ने प्रधानमंत्री को भारत बॉयोटेक का कोवैक्सीन का टीका लगाया। इस दौरान दूसरी नर्स रोसम्मा अनिल भी मौजूद थीं। एक सूत्र ने बताया, जब प्रधानमंत्री सुबह-सुबह पहुंचे तो स्वाभाविक था कि एम्स के स्वास्थ्यकर्मियों में कुछ खौफ था। सूत्रों ने बताया कि इसका आभास होते ही प्रधानमंत्री ने उनसे बातचीत आरंभ कर दी और उनके नाम और पैतृक आवास के बारे में पूछने लगे। माहौल को हल्का करने के लिए उन्होंने नर्सों से पूछा कि कहीं वह पशु चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली सूई तो इस्तेमाल नहीं करने वाली हैं। नर्सों ने ना कहा। हालांकि वह प्रधानमंत्री का मजाक नहीं समझ पाई थीं। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने फिर से यह कहते हुए कि नेताओं की चमड़ी मोटी होती है, पूछा कि कहीं उनका इरादा कोई विशेष मोटी सूई लगाने का तो नहीं है। यह सुनने के बाद नर्सो को ना सिर्फ हंसी आई बल्कि वे सहज भी हो गईं। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर एक फोटो भी साझा किया जिसमें वह मुस्कुराते हुए कोविड-19 का टीका लगवाते दिख रहे हैं। इस तस्वीर में दोनों नर्स निवेदा और रोसम्मा भी दिखाई दे रही हैं। एक अन्य तस्वीर में निवेदा प्रधानमंत्री को टीका लगाती दिख रही हैं तो रोसम्मा उनका सहयोग करती। बाद में पत्रकारों से चर्चा में निवेदा ने कहा कि टीका लगाने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा, लगा भी दिया और पता भी नहीं चला। निवेदा ने बताया कि तीन सालों से वह एम्स में काम कर रही हैं और वर्तमान में वह टीकाकरण केंद्र में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा, हमें पता चला था कि पीएम सर सुबह टीकाकरण के लिए आने वाले हैं। जब हम यहां पहुंचे तो पता चला कि सर आ रहे हैं। सर से मिलकर वाकई अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री को भारत बॉयोटेक का कोवैक्सिन लगाया गया है और 28 दिनों में उन्हें दूसरी खुराक की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने हमसे पूछा कि हम कहां के रहने वाले हैं। केरल की रहने वाली रोसम्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री से मिलना बहुत अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री बेहद खुशमिजाज हैं। उन्होंने बताया, टीकाकरण के बाद 30 मिनट के लिए वह निगरानी में थे। उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। वह बहुत खुश थे। उन्होंने कहा, अस्पताल से निकलने से पहले प्रधानमंत्री एक बार फिर हमारे पास आए और हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद तथा वणक्कम कहा।

## टीका नहीं...

45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। हालांकि, किसान नेताओं ने यह भी कहा है कि वे दिल्ली की सीमाओं पर डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों को टीका लगवाने से नहीं रोकेंगे क्योंकि यह व्यक्तिगत विषय है। हजारों की संख्या में किसान दिल्ली की तीन सीमाओं--सिंघू, टिकरी और गाजीपुर--पर तीन महीने से अधिक समय से डेरा डाले हुए हैं। उनमें से ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं। वे पिछले साल सितंबर में केंद्र द्वारा लागू किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य बलवीर सिंह राजेवाल (80) ने कहा कि टीका लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्र नहीं जाएंगे। राजेवाल ने कहा, मुझे टीका लगवाने की जरूरत नहीं है। हमने कोरोना को मार दिया है। किसानों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत है क्योंकि वे अपने खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं। किसानों को कोरोना वायरस का डर नहीं है। वहीं, एक अन्य वरिष्ठ नेता जोगिन्दर सिंह उगराहां (75) ने कहा कि इस रोग (कोरोना वायरस संक्रमण) का डर उन्हें उनकी लड़ाई से भटकाने के लिए काफी नहीं है। टिकरी बॉडर पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के प्रमुख ने कहा, किसानों के लिए कोई कोरोना नहीं है। मैं टीका नहीं लगवाऊंगा, लेकिन हम किसी से टीका नहीं लगवाने के लिए भी नहीं कहेंगे। हालांकि, गाजीपुर बॉर्डर पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि यदि स्थानीय प्रशासन प्रदर्शनकारी किसानों के लिए इंतजाम करता है, तो बीकेयू नेता राकेश टिकैत को टीका लगवाने में कोई दिक्कत नहीं है। संयुक्त किसान मोर्चा के 70 वर्षीय सदस्य कुलवंत सिंह संधू ने कहा कि वह टीका नहीं लगवाएंगे। संधू ने कहा, हमे कोरोना वायरस का डर नहीं है। दिल्ली की सीमाओं पर हजारों किसान धरना दे रहे हैं, लेकिन वहां कोरोना वायरस संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। इससे पहले, दिन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली। उन्होंने उन सभी लोगों से टीका लगवाने की अपील की, जो दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत इसकी पात्रता रखते हैं।

## ममता बनर्जी...

पर सीट बंटवारे पर चर्चा की। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी को समर्थन का ऐलान करते हुए यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी कहा कि भाजपा राज्य में हर कीमत पर सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। आठ चरणों में चुनाव कराने के आयोग के फैसले का विरोध करने वाली ममता का समर्थन करते हुए अखिलेश ने कहा कि ममता जी सही कहती हैं कि चुनाव आयोग को भाजपा के निर्देश पर काम नहीं करना चाहिए। कई चरणों में चुनाव कराना भाजपा की पुरानी नीति है।

## जेवर हवाईअड्डे...

है। मुख्यमंत्री आवास पर सम्पन्न समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के मौके पर राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री और नागरिक उड्डयन एसपी गोयल, सचिव मुख्य मंत्री और नागरिक उड्डयन सुरेंद्र सिंह, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर से सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह और नोडल ऑफ़िसर नोएडा एयरपोर्ट शैलेंद्र भाटिया तथा ज़्यूरिख की कम्पनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से क्रिस्टाफ़ श्लेनमन , किरन जैन और शोभित गुप्ता ने हस्ताक्षर किए।

## राजमार्गों का...

इसके साथ ही यह उपलब्धि मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे के एक मार्ग के निर्माण के विश्व रिकॉर्ड के करीब है। मंत्री ने कहा कि जिस समय उन्होंने मंत्रालय का प्रभार संभाला था उस वक्त राजमार्ग निर्माण की रफ्तार काफी सुस्त दो किलोमीटर प्रतिदिन थी। 3.85 लाख करोड़ रुपये के निवेश की 406 परियोजनाएं अटकी हुई थीं।

## गर्मी की...

अधिकतम उपसंभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी भारत और हिमालय के तलहटी वाले पूर्वोत्तर भारत, मध्य भारत के पश्चिमी भाग और दक्षिण के तटीय क्षेत्र के सभी उपसंभागों में सामान्य से कम तापमान रहने की संभावना है। केरल और कर्नाटक के आतंरिक दक्षिण क्षेत्र में कम गर्मी वाला मौसम रह सकता है। इसका असर तमिलनाडु, उत्तरी कर्नाटक और मध्य महाराष्ट्र में भी देखा जा सकता है। कम गर्मी वाली सूची में तेलंगाना, मराठवाड़ा, विदर्भ, पश्चिमी मध्य प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख भी शामिल है।

## सयाली ने सब जूनियर टेबल टेनिस खिताब जीता

**इंदौर।** महाराष्ट्र की सयाली वानी ने हरियाणा की सुहाना सैनी को 4-3 से हराकर 82वीं कैडेट एवं सब जूनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। शीर्ष वरीय सुहाना सब जूनियर फाइनल में 3-2 (11-6, 8-11, 11-5, 9-11, 11-5, 11-9) से आगे चल रही थी लेकिन अगले दोनों गेम गंवाकर मुकाबला हार गईं।

## वरुण, मालविका ने बैडमिंटन खिताब जीते

**नई दिल्ली।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ियों वरूण कपूर और मालविका बंसोड़ ने कम्पाला में 2021 युगांडा अंतरराष्ट्रीय में क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीता। वरूण ने पुरुष एकल फाइनल में सातवें वरीय शंकर मुथुसामी को 21-18 16-21 21-17 से हराया जबकि दूसरी वरीय मालविका ने महिला एकल फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हमवतन अनुपमा उपाध्याय को 17-21 25-23 21-10 से शिकस्त दी।

## गोकुलम केरल को हराकर चर्चिल शीर्ष पर बरकरार

**कोलकाता।** चर्चिल ब्रदर्स ने दस खिलाड़ियों के साथ खेल रहे गोकुलम केरल को 3-2 से हराकर आई लीग फुटबॉल की अंकतालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। चर्चिल के लिए लुका मासेन ने 26वें और 87वें मिनट में गोल किए जबकि किंग्सली फर्नांडिस ने 53वें मिनट में गोल दागा। गोकुलम के लिए फिलीप अदजा ने 80वें और जितिन एम एस ने इंजुरी टाइम में गोल दागे।

## लाहिड़ी प्यूर्टो रिको में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे, ग्रेस ने जीता खिताब

**रियो ग्रेंडे (प्यूर्टो रिको)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने लगातार चौथे दौर में अंडर पार का स्कोर बनाया और प्यूर्टो रिको ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने आखिरी दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर छह अंडर 282 रहा।

## विजेंदर का अगला पेशेवर मुकाबला गोवा में कैसीनो जहाज की छत पर

**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह का अगला मुकाबला 19 मार्च को गोवा में एक कैसीनो जहाज की छत पर होगा। इस मुकाबले के प्रतिद्वंद्वी की घोषणा अभी नही हुई है। पैंतीस साल के गत डब्ल्यूबीओ ओरिएंटल और डब्ल्यूबीओ एशिया पैसीफिक सुपर मिडिलवेट चैंपियन विजेंदर ने नवंबर 2019 में घाना के पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन चार्ल्स अदामु को दुबई में हराकर लगातार 12वीं जीत दर्ज की थी। इसके बाद से इस भारतीय मुक्केबाज ने किसी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया है।

# भारतीय टीम ने जमकर पसीना बहाया

## ● अंतिम टेस्ट से पहले की मेहनत

**भाषा।** अहमदाबाद









कप्तान विराट कोहली, रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे जैसे भारत के शीर्ष क्रिकेटरों ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट से पूर्व नेट अभ्यास के दौरान जमकर पसीना बहाया। चौथे टेस्ट गुरुवार से खेला जाएगा। बीसीसीआई द्वारा ट्विटर पर डाले वीडियो में कप्तान कोहली के अलावा उप कप्तान रहाणे और सीनियर सलामी बल्लेबाज रोहित को नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखा जा सकता है। इन तीनों सीनियर बल्लेबाजों ने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ ड्राइव, पुल और फ्लिक का अभ्यास किया। मुख्य कोच रवि शास्त्री को रोहित और कोहली के साथ बात करते हुए देखा गया जिसके बाद ए दोनों सीनियर बल्लेबाज आपस में चर्चा करने लगे। इसी मैदान पर दिन-रात के तीसरे टेस्ट में 11 विकेट चटकाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ नेट पर गेंदबाजी करते हुए देखा गया। क्षेत्ररक्षण अभ्यास के दौरान रोहित के बाद दूसरी स्लिप में खड़े रहाणे को अपने दाईं ओर गोता लगाते हुए एक साथ से कैच लपकते हुए देखा गया। भारतीय टीम को पहले टेस्ट में 227 रन से हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद मेजबान टीम ने वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 317 रन से जीता। पिछले मैच में मोटेरा की बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर इंग्लैंड की टीम दोनों पारियों में 112 और 81 रन पर ढेर हो गई और दो दिन में 10 विकेट से हार गई। भारतीय टीम ने रविवार को भी अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया था। भारत चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। भारत अंतिम टेस्ट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगा जिन्हें निजी कारणों से टीम से रिलीज किया गया है।

## हॉग ने अश्विन को वनडे टीम में शामिल करने की सिफारिश की

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर ब्रैड हॉग ने रविचंद्रन अश्विन को भारत की एकदिवसीय टीम में शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर विकेट हासिल करने में माहिर है और उससे निचले क्रम की बल्लेबाजी को भी मजबूती मिलती है। एक प्रशंसक के ट्वीट का जवाब देते हुए हॉग ने कहा कि अश्विन को 50 ओवरों के प्रारूप के लिए भारतीय टीम में शामिल करना बहुत अच्छा फैसला होगा। हॉग से पूछा गया कि क्या अश्विन वनडे में वापसी कर सकते है, उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह शानदार विकल्प होगा।

## इंग्लैंड ने ट्रेसकोथिक को बल्लेबाजी कोच बनाया, लुईस और पटेल गेंदबाजी कोच

**लंदन।** इंग्लैंड ने पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्कस ट्रेसकोथिक को राष्ट्रीय टीम का नया बल्लेबाजी कोच बनाया जबकि जोन लुईस और न्यूजीलैंड के जीतन पटेल को स्थाई आधार पर गेंदबाजी और स्पिन गेंदबाजी का कोच बनाया गया है। क्रिस सिल्वरवुड की अगुवाई वाले इंग्लैंड के कोचिंग ढांचे में ए तीन नियुक्तियां की गई। इंग्लैंड टीम फिलहाल भारत में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में। . 2 से पीछे थी।

## कोहली आधुनिक युग के हीरो की तरह हैं: वॉ

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज स्टीव वॉ का मानना है कि विराट कोहली आधुनिक युग के हीरो की तरह है जो भारत के नए रवैए का प्रतिनिधित्व करते है जो कुछ भी असंभव नही होने की मानसिकता के साथ सभी चीजो का सामना करने को तैयार है। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कैप्चरिंग क्रिकेटः स्टीव वॉ इन इंडिया शीर्षक वाली 60 मिनट की डॉक्यूमेंट्री मे कहा कि विरोधी से नही डरने के रवैए के लिए प्रशंसक कोहली को पसंद करते है। डॉक्यूमेंट्री के विमोचन के बाद यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति मे वॉ के हवाले से कहा गया, वे कोहली के बारे मे यह पसंद करते है कि यह भारत के नए रवैए की तरह है, डटे रहिए, किसी से भी नही डरिए। सभी चीजो का सामना करिए और कुछ भी हासिल किया जा सकता है और संभव है। वह आधुनिक हीरो की तरह है।


**PROCLAMATION OF SALE**

The under mentioned Asset will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues, in the matter of following cases under rule 67 r/w rule 54 sub-rule(2) for auction of assets as per court order.

| Sr. No | CASE DETAILS | ASSET DETAILS | Reserve Price (Rs) | EMD Amount (Rs) | Auction date | Venue of Auction | Contact Person |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CS NO. 1029/18 ICICI BANK LTD. VS. ASHOK KUMAR | Vehicle no- DL10CG8318, Manu- 2016 Make- TATA BOLT XT 1.2 RT 90 PS | 1,60,000/- | 16,000/- | March 12, 2021 from 11:00 AM to 1:00 PM | Tis Hazari court, Delhi-110054. | Bakshi Tajeshwar Singh, Mobile no-9873089960/ 9971454744 |
| 2. | CS NO. 6419/19 ICICI BANK LTD VS RAKESH KUMAR | Vehicle no- HR51BS2908, Manu yr-2017 Make- MARUTI SWIFT VDI | 2,00,000/- | 20,000/- | March 12, 2021 from 11:00 AM to 1:00 PM | Tis Hazari court, Delhi-110054. | Bakshi Tajeshwar Singh, Mobile no-9873089960/ 9971454744 |

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. The interested bidders required to deposit EMD through DD/PO/CASH in favour of Shri Joginder P Nahar ADJ-04, Central Tis Hazari Courts payable at Delhi.

Successfully highest bidder shall have to deposit 25% of sale amount on date of auction and remaining 75% of sale amount within 15 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/CASH.


## देसाई, बत्रा की दोहा डब्ल्यूटीटी सीरिज में शानदार शुरूआत

**भाषा।** दोहा

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई ने अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर शानदार वापसी करते हुए विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) कंटेंडर सीरिज के दूसरे दौर के क्वालीफाइंग मैच में सीधे गेम में जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेल 2018 स्वर्ण पदक विजेता बत्रा ने स्पेन की सोफिया शुआन झांग को 12-10, 14-12, 11- 8 से हराया। वहीं पुरूष एकल में दुनिया के 73वें नंबर के खिलाड़ी देसाई ने हमवतन एंथोनी अमलराज को 11-5, 12 -10, 11-8 से मात दी। यह टूर्नामेंट महामारी के बाद भारतीय खिलाड़ियों का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट भी है। सुतीर्थ मुखर्जी, मुदित दानी और दिव्या चितले को हालांकि क्वालीफाइंग दौर में पराजय का सामना करना पड़ा। दो बार के राष्ट्रीय चैम्पियन मुखर्जी को उक्रेन के ततियाना बिलेंको ने 11-5, 11-3, 10-12, 11-9 से हराया।

## सेमीफाइनल में आमने सामने हो सकती हैं सिंधू और साइना

**भाषा।** बासेल (स्विट्जरलैंड)

### ● स्विस ओपन आज से



मौजूदा विश्व चैंपियन पी वी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पोडियम पर पहुंचने और पूर्व चैंपियन साइना नेहवाल लय हासिल करके दमदार वापसी करने पर ध्यान देंगी। भारत के पुरुष एकल खिलाड़ियों समीर वर्मा, एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत ने भी क्रमशः 2018, 2016 और 2015 में यहां खिताब जीता था जबकि बी साई प्रणीत पिछले सत्र में उप विजेता रहे थे। ये चारों खिलाड़ी 140,000 डालर इनामी प्रतियोगिता में अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट से ओलंपिक क्वालीफाईंग प्रतियोगिताओं की बहाली भी होगी। यहां के सेंट जैकबशेल स्थल पर ही ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था। यह कोविड-19 महामारी के व्यवधान से पहले उनका आखिरी खिताब था। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू पहले दौर में तुर्की की नेस्लीहान ईगिट से भिड़ेगी। यहां उनकी क्वार्टर फाइनल तक राह आसान लग रही है लेकिन अंतिम आठ में उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरंगफान से हो सकता है जिसे उन्होंने जनवरी में टोयोटा थाईलैंड ओपन में हराया था। दो बार की पूर्व चैंपियन साइना भी सिंधू वाले हॉफ में ही है। सेमीफाइनल में ए दोनों भारतीय खिलाड़ी आमने-सामने हो सकती हैं।


**LOST & FOUND**

Original Sale Deed executed by Mrs. Seema Jaiswal in favour of Mr. Sanjeev Kumar Chaudhary Document No. 4324, in Additional Book No. I, Volume No. 8438, on Pages 185-206, registered on 13.04.2016. If anyone found please send these documents to Shree sai Nursing Home, swasthya, vihar, Modinagar, Ghaziabad UP. Contact No.9068473666

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public / other legal heirs if any that Mrs. Sudesh Kumari was owner of the property No. 151, Area measuring 500 sq.yds., Block-H, Phase-I, Ashok Vihar, Delhi. by virtue of conveyance deed dated 24.01.2002 having registration No. 20120, who expired on 19.08.2016 leaving behind Mrs. Renu Jain, Mrs. Suman Gupta, Mrs. Nirmal Jindal & Mrs. Anita Jindal all surviving members of late Mr. Brij Lal, and Late Mrs. Sudesh Kumari, All persons are hereby informed that above mentioned Surviving members want to sell the said property to someone who is taking home Loan from ICICI Bank Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the said property its sale /Mortgage, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

KNOW ALL MEN THAT I. Mrs. Saroj Singhal, W/o Sh. Brij Bhushan Singhal, R/o C-153, Gali No. 8, Shastri Park, Delhi, do hereby declare that I am the sole and exclusive owner in respect of property i.e. One Shop on First Floor bearing Pvt. No. 6, without roof rights, part of property No. 3103-3104, at Ward No. VI, Mohalla Dassan, Charkhewalan, Chawari Bazar, Delhi. I further declare that I have lost/misplaced the original Sale Deed in respect of my said property i.e. Sale Deed executed on 31/07/2008 by Sh. Raj Kumar Khandelwal and Sh. Anil Seth, in favour of Smt. Vinita Anchal, which is registered as Document No. 6046, in Book No.1, Volume No. 12888, on pages 112 to 124, registered on 31/07/2008, in the office of Sub-Registrar-III, Delhi. If anyone finds the said document please contact the undersigned.

**MRS. SAROJ SINGHAL**
**R/O C-153, Gali No. 8, Shastri Park, Delhi**

**NOTICE**

"I RAKESH SHARMA, ADVOCATE, on behalf of my client Smt. Parul Joshi 22, Vindyachal Apartment, Inder Endive, Rohtak Road, New Delhi-110087, caused this notice to the General Public that Property No SCD 142 was allotted In the name of Mrs Daya Pant w/o Late KC Pant R/o 22, Vindyachal Apartment, Inder Endave, Rohtak Road, New Delhi 110087 Now, Mrs. Daya Pant has expired on 17/01/2018 and accordingly the name of Mrs Parul Joshi is being noted In DLF's record in respect of the captioned property. If anybody has any objection to this, he or she may approach Ms/ DLF Ltd. or the undersigned within 10 days of publication of this notice.

Sd/-
**Rakesh Sharma, Advocate**
**Chamber 87/88 District Court**
**Sector 8, Lawyers Chamber,**
**Guru Gram, Haryana**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that 1. Mrs. Namita Piyus Agarwal and 2. Mr. Piyus Gourishankar Agarwal are the owners of flat no. 3 (Three), on Third Floor (Stilt+ Second Floor), admeasuring 148.70 Sq. Mtrs of Builtup area in the building known as Space Twinkle Apartment constructed on Plot No. 206 /A out of S. no. 728/1to10/13B to 25A/37 lying and being at Nashik within the limits of Nashik Municipal Corporation, Nashik.

Further notice is hereby given that the original Deed of Apartment and registration receipt thereof registered at Sr. No. 6159-2006 on 04.10.2006 in the office of the Sub-Registrar of Assurances at Nashik executed by Space Developers Corporation in favour of 1. Mrs. Namita Piyus Agarwal and 2. Mr. Piyus Gourishankar Agarwal is lost and unavailable with the Owners and the owners state that the same is not deposited with any bank or lender as security or otherwise or no charge is created on the property.

It is informed to all persons that if any one finds original Deed of Apartment and registration receipt or has the original document with him is hereby required submit the same to the undersigned within 7 (Seven) days from the date of publication of this notice.

Dated this 02nd day of March, 2021

Advocate Ramesh Kumar
D/1173/2013
L-54/1924, First 60 Feet Road
Molarband Extension, Badarpur Border
New Delhi - 1100144



**एक्सिस बैंक लिमिटेड**

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है।

नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 12-03-2021 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शाखा का नाम : अशोक विहार (डीएल) | | | | | |
| 1. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | भरत कुकरेजा | 920060050454335 | 97422 | 27-नव-20 | |
| 2. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | श्याम सिंह चौहान | 919060074204671 | 81056 | 27-अक्टू-20 | |
| 3. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | ओम प्रकाश | 919060081716671 | 84686 | 27-अक्टू-20 | 6.4 |
| 4. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजेन्दर यादव | 919060070564593 | 40519 | 18-जन-21 | |
| | शाखा का नाम : दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 5. | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | इशाना गोपाल | 919060038239767 | 172717 | 27-अक्ट-20 | 23.8 |
| 6. | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | राकेश शर्मा | 920060050837651 | 81984 | 26-दिस-20 | |
| | शाखा का नाम : द्वारका, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 7. | द्वारका, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार | 919060073467901 | 151817 | 25-नव-19 | 55.5 |
| 8. | द्वारका, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार | 919060073481253 | 127798 | 25-नव-19 | 22.1 |
| | शाखा का नाम : काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 9. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | शैली रातड़ा | 920060051071393 | 493914 | 18-जन-21 | |
| 10. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | गौतम चन्द्र दास | 920060053089026 | 198461 | 18-जन-21 | |
| 11. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | संदीप नेगी | 919060052040587 | 164487 | 18-जन-21 | |
| 12. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | तेजिन्दर सिंह | 920060020963746 | 136960 | 10-सित-20 | |
| 13. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | डिम्पल सिंह | 919060054903275 | 140505 | 27-अक्ट-20 | 52.5 |
| 14. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | अरूणेन्द्र कुमार राम | 919060088918630 | 68902 | 27-नव-20 | 9.6 |
| 15. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | गांधर्व बजाज | 919060039414020 | 70419 | 27-अक्ट-20 | 28.7 |
| 16. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद निजामुद्दीन अंसारी | 919060074492357 | 78357 | 28-जन-20 | 12.8 |
| 17. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | जसबीर सिंह | 919060090720362 | 53764 | 27-अक्ट-20 | 12.4 |
| 18. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | स्टेला टूडू | 919060013764534 | 40801 | 27-अक्ट-20 | |
| 19. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | अबैस आलम | 919060074767253 | 38702 | 27-अक्ट-20 | |
| | शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 20. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | सुहाविनी सिंह | 920060050445658 | 1577311 | 27-नव-20 | |
| 21. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | वरूण शर्मा | 920060036653321 | 439275 | 26-दिस-20 | |
| 22. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | राम पाल सिंह अढाना | 920060053024715 | 405780 | 18-जन-21 | |
| 23. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | इंदर भान | 920060050003636 | 385385 | 05-जन-21 | |
| 24. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार | 920060051432549 | 346824 | 18-जन-21 | |
| 25. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | दीपक सिंह | 920060020912041 | 205726 | 18-जन-21 | |
| 26. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अनुराग | 920060052060484 | 171155 | 18-जन-21 | |
| 27. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | सोनिया शर्मा | 918060113676547 | 123564 | 18-जन-21 | |
| 28. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | देवेन्द्र कुमार | 919060089638962 | 105665 | 18-जन-21 | |
| 29. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय सिंह | 919060059783827 | 73638 | 22-सित-20 | |
| 30. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अमित वर्मा | 920060019579707 | 57247 | 27-नव-20 | 16.6 |
| 31. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | सुंदर सिंह | 920060002403831 | 44700 | प्रत्याह्वान संबद्ध एनपीए-11-जन-21 | |
| 32. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | पुनीत रजक | 919060043044761 | 45715 | 27-नव-20 | 16.6 |
| 33. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मुकेश | 920060036618487 | 30310 | 26-दिस-20 | |
| | शाखा का नाम : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 34. | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | शुभ्रा हरभजनका | 920060050001410 | 333681 | 05-जन-21 | |
| 35. | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | जय प्रकाश | 919060063025494 | 58066 | 05-जन-21 | |
| | शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 36. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | शालू सांगल | 919060041640103 | 472687 | 02-दिस-20 | |
| 37. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | योगेश | 920060050546340 | 334388 | 18-जन-21 | |
| 38. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | ममता पत्नी सुशील | 920060036634061 | 251456 | 18-जन-21 | |
| 39. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अर्चिता जैन | 920060047974576 | 219469 | 18-जन-21 | |
| 40. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | प्रदीप कुमार | 919060064451447 | 66089 | 27-अक्टू-20 | 20.7 |
| | शाखा का नाम : शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 41. | शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | अंजवी पंड्या | 919060011681192 | 137569 | 25-फर-20 | 27.1 |
| 42. | शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | राम कुमार | 919060091897333 | 36713 | 27-अक्टू-20 | |
| | शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 43. | शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार | 920060006750313 | 201269 | 26-दिस-20 | |
| 44. | शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रवि कुमार | 920060038583491 | 184624 | 27-नव-20 | |
| | शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 45. | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | प्रति पाल सिंह सरना | 919060089734277 | 585022 | 27-अक्ट-20 | |
| 46. | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | राकेश | 919060033248847 | 109623 | 27-अक्ट-20 | 21.2 |
| | शाखा का नाम : विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 47. | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | प्रफल कुमार | 919060041251509 | 126935 | 27-नव-20 | 16.9 |
| 48. | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | शिव चरण खन्ना | 919060096404729 | 75361 | 27-नव-20 | 24.8 |
| 49. | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | अरूण आनंद | 919060021952963 | 43120 | 27-नव-20 | 14.5 |
| | शाखा का नाम : गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 50. | गाजियाबाद (यूपी) | जितेन्द्र कुमार राणा | 919060020903391 | 48529 | 27-अक्ट-20 | 16.5 |
| | शाखा का नाम : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| 51. | नोएडा (यूपी) | ममता सिंह | 919060093258677 | 544497 | प्रत्याह्वान संबद्ध एनपीए-14-दिस-20 | |
| 52. | नोएडा (यूपी) | युवराज सिंह चौहान | 919060036525970 | 353678 | 27-अक्ट-20 | 39.3 |
| 53. | नोएडा (यूपी) | प्रवीण पांडे | 919060032949899 | 198155 | 27-अक्ट-20 | 20.8 |
| 54. | नोएडा (यूपी) | रतन चन्द्रा | 919060058324117 | 148329 | 22-सित-20 | |
| 55. | नोएडा (यूपी) | राकेश कुमार | 920060018954279 | 156196 | 27-अक्ट-20 | 27 |
| 56. | नोएडा (यूपी) | जगत सिंह | 919060009282798 | 101150 | 27-अक्ट-20 | 3.8 |
| 57. | नोएडा (यूपी) | कान्ता प्रसाद | 918060047391615 | 42876 | 18-जन-21 | |
| 58. | नोएडा (यूपी) | भानु प्रताप सिंह कुशवाहा | 918060018230165 | 57627 | 10-सित-20 | 11.6 |
| 59. | नोएडा (यूपी) | दीप सरन | 920060001288127 | 30904 | 27-नव-20 | |
| 60. | नोएडा (यूपी) | अभिषेक द्विवेदी | 918060082802060 | 42146 | 27-अक्ट-20 | |
| 61. | नोएडा (यूपी) | राम प्रकाश कुमार | 919060082773765 | 32978 | 27-अक्ट-20 | |
| 62. | नोएडा (यूपी) | कुलदीप सिंह | 918060004036551 | 56894 | 25-फर-20 | |
| | शाखा का नाम : वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 63. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | सौरेन्द्र प्रसाद बंद्योपाध्याय | 919060008668292 | 221175 | 22-सित-20 | 46.1 |
| 64. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | नसीम | 920060051603741 | 185512 | 26-दिस-20 | |
| 65. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | पापिया बंद्योपाध्याय | 919060089692843 | 175275 | 22-सित-20 | |
| 66. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | पापिया बंद्योपाध्याय | 919060089681898 | 174558 | 22-सित-20 | |
| 67. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विनय दीक्षित | 919060017862432 | 178651 | प्रत्याह्वान संबद्ध एनपीए-22-सित-20 | 16.5 |
| 68. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | नसीरूद्दीन मोहम्मद रेहान बेग | 918060091210328 | 120566 | 27-अक्ट-20 | 10.8 |
| 69. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | दीपक भट्ट | 919060062627857 | 41132 | 27-अक्ट-20 | |
| | शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 70. | फरीदाबाद (एचआर) | टेक चंद | 920060050212500 | 576118 | 18-जन-21 | |
| 71. | फरीदाबाद (एचआर) | प्रेम चंद | 920060034378644 | 345736 | 18-जन-21 | |
| 72. | फरीदाबाद (एचआर) | पूजा रानी | 920060047959047 | 290893 | 26-दिस-20 | |
| 73. | फरीदाबाद (एचआर) | राहुल शर्मा | 920060011600151 | 116318 | 18-जन-21 | |
| 74. | फरीदाबाद (एचआर) | प्रीत पाल सिंह | 918060083769216 | 284558 | 26-नव-19 | 14.9 |
| 75. | फरीदाबाद (एचआर) | भीम सिंह | 918060112588171 | 289558 | 30-जन-20 | 23.9 |
| 76. | फरीदाबाद (एचआर) | भीम सिंह | 918060112588294 | 215980 | 30-जन-20 | 28.1 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली
तिथि : 02-03-2021

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड


# किसानों को फसल बेचने के नए विकल्प मिलने चाहिए : मोदी


## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में क्रांति की जरूरत

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किसानों को फसल बेचने के लिए नए विकल्प उपलब्ध कराए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें (किसानों को) बेहतर मूल्य मिले इसके लिए कृषि उपज के मूल्य वर्धन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में क्रांति लाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र के लिए बजट में किए गए प्रावधानों पर वेबिनार को संबोधित करते हुए विभिन्न पहलों के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने कृषि क्षेत्र में शोध एवं विकास (आरएंडडी) कार्यों सहित दूसरे क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मोदी ने तीनों नए कृषि कानूनों और उनके खिलाफ जारी किसान आंदोलन का सीधे कोई जिक्र किए बिना कहा कि देश के किसानों के लिए उनकी कृषि उपज बेचने के नए रास्ते, नए विकल्प का विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। आज यह समय की जरूरत है कि देश के किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए अधिक से अधिक विकल्प उपलब्ध हों। किसी भी तरह के प्रतिबंधों का इस क्षेत्र पर बुरा असर पड़ेगा। मोदी सरकार का कहना है कि तीन नए कृषि कानूनों से किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए नए विकल्प उपलब्ध होंगे। लेकिन इसको लेकर पंजाब और दूसरे राज्यों के हजारों किसान दिल्ली की सीमाओं पर धरना, प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका मानना है कि इन कानूनों के अमल में आने से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीदारी बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बजट में कृषि क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि क्षेत्र के लिए कर्ज का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के 15 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 16.5 लाख करोड़ रुपए किया गया है। ग्रामीण अवसंरचना कोष के लिए आवंटन बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है, साथ ही सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए आवंटन दोगुना किया गया है।

## निर्बाध डिजिटल भुगतान के लिए प्रयास करें, एनएसई की तकनीकी खामी से सबक लेने की जरूरतः सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नागरिक लेखा सेवा अधिकारियों से सहज और निर्बाध डिजिटल भुगतान के लिए स्पष्ट रूपरेखा लाने को कहा। उन्होंने कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में हुई प्रौद्योगिकी खामी से सबक लेने की जरूरत है। उन्होंने 45वें नागरिक लेखा दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के बही-खातों पर नजर रखने वाले महालेखा नियंत्रक (सीजीए) ने व्यवस्थागत सुधार को अपनाया है। सीतारमण ने कहा कि सरकार के बही-खातों को पारदर्शी बनाए रखने के लिए सीजीए को बदलते समय के साथ नई प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। उन्होंने कहा, निर्बाध और सुलभ भुगतान काफी महत्वपूर्ण है...अगर व्यवस्था पूरी तरह से चाक्चौबंद है, तो भी गड़बड़ी हो सकती है। एनएसई में कुछ दिन पहले यह देखने को मिला। वहां प्रौद्योगिकी आधारित गड़बडी हुई। इसका किसी ने अनुमान नही जताया था लेकिन इस खामियो का हम पर असर हुआ और उससे सबक लिए जा रहे है। सीतारमण ने कहा, ....इसलिए, इससे सबक लेते हुए, मुझे लगता है कि सुलभ और निर्बाध डिजिटल भुगतान के लिए आपको स्पष्ट रूप से रूपरेखा लानी होगी। एनएसई में बुधवार को तकनीकी खामी की वजह से शेयर बाजार का कारोबार करीब चार घंटे रोकना पड़ा। मंत्री ने सुझाव दिया कि सीजीए को अपने काम-काज को लेकर और कागज रहित तथा सुलभ बनना चाहिए। साथ ही व्यय विभाग और राज्यो के साथ बेहतर तालमेल का लक्ष्य रखना चाहिए।


**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Priya, D/o. Nain Singh, Residing at House No.522, Taga Saray, Hapur, Uttar Pradesh-241204 have changed my name from PRIYA to ZAHRA for all purposes.

PD(8938)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Anurag, S/o. Manbhir Singh, R/o. House No. DN 1344, Old DC Road, Bhagat Pura, Sonipat, Haryana-131001 presently at New Delhi have changed my religion from Hinduism to Islam (Muslim) w.e.f 27-02-2021.

PD(8937)A

I, Priya, D/o. Nain Singh, Residing at House No.522, Taga Saray, Hapur, Uttar Pradesh-241204 have changed my religion from Hinduism to Islam (Muslim) w.e.f 01-02-2021.

PD(8939)A


# सेंसेक्स 750 अंक उछला, जीडीपी के सकारात्मक आंकड़ों से निवेशक उत्साहित

**भाषा।** मुंबई





आर्थिक वृद्धि के सकारात्मक दायरे में आने के साथ बीएसई सेंसेक्स सोमवार को करीब 750 अंक उछलकर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी में भी 232 अंक से अधिक की तेजी आई। चालू वित्त वर्ष में शुरू की दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि में गिरावट के बाद तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में जीडीपी में वृद्धि दर्ज की गई है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में कुछ समय के लिए 50,000 के ऊपर तक चला गया था। पर अंत में यह 749.85 अंक यानी 1.53 प्रतिशत उछलकर 49,849.84 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 232.40 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,761.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 29 लाभ में रहे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रमुख शेयरों में पावर ग्रिड, ओएनजीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, कोटक बैंक और टाइटन शामिल हैं।

# बाइडन प्रशासन रोजगार विरोधी विज्ञान विरोधी हैं: डोनाल्ड ट्रंप

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी में व्हाइट हाउस से जाने के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में 2024 में राष्ट्रपति पद के चुनाव में तीसरी बार खड़े होने की तैयारी करने का संकेत दिया और रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं से एकजुट होने की अपील की।ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की आलोचना करते हुए उसे रोजगार विरोधी और विज्ञान विरोधी करार दिया। उन्होंने फ्लोरिडा के ओरलैंडो में कन्जर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के वार्षिक सत्र में अपने समर्थकों की भीड़ से कहा, हम व्हाइट हाउस में फिर से पहुंचेंगे। हम सीनेट में जीत हासिल करेंगे और रिपब्लिकन राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में जीत हासिल करेगा। मुझे नहीं पता कि वह कौन होगा। वह यह कहते-कहते कई बार रुक गए कि वह 2024 में फिर से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने कई बार इस बात के संकेत दिए कि वह इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने नई पार्टी के गठन की संभावनाओं से इनकार कर दिया और तर्क दिया कि इससे रूढ़िवादियों के मत बंट जाएंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से एकजुट होने की अपील की। ट्रंप के आलोचक सीनेटर मिट रोमनी समेत कई रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि यदि ट्रंप 2024 में रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में जीत हासिल करते हैं, तो वह उन्हें राष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन देंगे।

रोमनी ने कहा कि यदि ट्रंप राष्ट्रपति पद के चुनाव में फिर से खड़े होने का फैसला करते हैं, तो वह पार्टी के प्राइमरी चुनाव जीत जाएंगे। सर्वेक्षणों के अनुसार भी ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों एवं समर्थकों के बीच काफी लोकप्रिय है।

ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन की नीतियां देश को समाजवाद के मार्ग पर लेकर जा रही हैं और उन्होंने देश को उस दिशा में नहीं ले जाने देने का संकल्प लिया। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को रोजगार विरोधी, परिवार विरोधी, सीमा विरोधी, ऊर्जा विरोधी, महिला विरोधी और विज्ञान विरोधी करार दिया। ट्रंप ने कहा, केवल एक महीने में ही, हम पहले अमेरिका से सबसे आखिर में अमेरिका तक पहुंच गए हैं।उन्होंने बाइडन पर अवैध प्रवासियों के लिए सीमाएं खोलने का आरोप लगाया। उन्होंने 2020 में नवंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में व्यापक स्तर पर धोखाधड़ी होने के आरोप फिर से लगाए और कहा कि वास्तव में इन चुनाव में जीत उनकी हुई थी।



पोर्ट ऑफ प्रिंस में हैती के राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग के दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों को फूल भेंट कर रोकती पुलिस

# कश्मीरी प्रवासी समूह ने मानवाधिकार कार्यकर्ता सुशील पंडित की हत्या की साजिश पर चिंता जताई

**भाषा।** वाशिंगटन

● आईएकेएफ का गठन 1991 में कश्मीरी पंडितों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न को दुनिया के सामने लाने के लिए किया गया था

**अमेरिका में** एक कश्मीरी प्रवासी समूह ने मानवाधिकार कार्यकर्ता सुशील पंडित की जान को खतरे को लेकर चिंता व्यक्त की और भारत सरकार से उनकी हत्या करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने का आग्रह किया है।सुशील पंडित एक मानवाधिकार कार्यकर्ता और हाइव कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को पंडित की हत्या करने के लिए कथित तौर पर भेजे गए दो लोगों को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।इंडो-अमेरिकन कश्मीर फोरम (आईएकेएफ) ने रविवार को एक बयान में कहा कि पंडित की हत्या की नाकाम कोशिश ने एक बार फिर समुदाय के लोगों के सुरक्षित एवं स्वतंत्र जीवन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।बयान के अनुसार, सुशील पंडित की हत्या की साजिश निदंनीय है, जिसे दिल्ली पुलिस ने नाकाम कर दिया। इसने पिछले 30 वर्षों से निर्वासित कश्मीरी हिंदू समुदाय में एक बार फिर व्रिदोह उत्पन्न कर दिया है। समूह ने बयान में कहा, यह लक्षित हत्या की साजिश पूरे कश्मीरी हिंदू समुदाय पर ढाए गए कहर की याद दिलाती है, जिन्हें पिछले कुछ दशकों में नरसंहार के जरिए कश्मीर घाटी में उनके पैतृक निवास स्थान से निकाल दिया गया। विजय सज़ावल, राजीव पंडित, ललित कौल, राज कौल और राहुल पंडित इस समूह का हिस्सा हैं। आईएकेएफ का गठन 1991 में कश्मीरी पंडितों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न को दुनिया के सामने लाने के लिए किया गया था।समूह ने बयान में कहा, हत्या की कोशिश नाकाम करने के लिए आईएकेएफ दिल्ली पुलिस का शुक्रिया अदा करता है और वह साजिशकर्ताओं के खिलाफ पूर्ण एवं त्वरित जांच की मांग करता है। साथ ही उम्मीद करता है कि दिल्ली पुलिस और न्यायपालिका इसके मुख्य दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के दायरे में लाएगी। उसने कहा, आईएकेएफ दिल्ली में गृह मंत्रालय से मामले को बेहद गंभीरता से लेने और सुशील पंडित को तुरंत आधिकारिक सुरक्षा देने की मांग करता है, अगर अभी तक ऐसा नहीं किया गया है।

# स्वर्ण वस्तुओं पर नजर रखने के लिए कड़े कदम उठाएगा सिंगापुर का हिंदू धर्मस्व बोर्ड

**भाषा।** सिंगापुर

● श्री मरिअम्मन मंदिर में मुख्य पुजारी कंडासामी पर 2016 से 2020 के दौरान मंदिर से स्वर्ण आभूषण निकालने और उन्हें दुकानों में गिरवी रखकर रकम जुटाने का आरोप है

**सिंगापुर के** संस्कृति, समुदाय एवं युवा मामलों के मंत्री एडविन टोंग ने एक मंदिर के पूर्व भारतीय प्रमुख पुजारी पर स्वर्ण आभूषण के हेर फेर के आरोप लगने के कुछ सप्ताह बाद कहा कि देश का हिंदू धर्मस्व बोर्ड (एचईबी) उन चार मंदिरों में स्वर्ण वस्तुओं पर निगरानी बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है, जिनका वह प्रबंधन करता है।टुडे समाचार पत्र के अनुसार, मंत्री ने सोमवार को कहा कि मंदिरों की प्रबंधन समितियां अपने मंदिरों में सोने की वस्तुओं पर निगरानी को कड़ा करेंगी। टोंग ने बताया कि एचईबी हर साल अधिक लेखा परीक्षा करेगा।टोंग से सांसद मुरली पिल्लई ने सवाल किया था कि क्या एचईबी ने श्री मरियम्मन मंदिर के मामले की समीक्षा की है और क्या ऐसी घटना को पुन: होने से रोकने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं। इस प्रश्न के जवाब में टोंग ने कहा कि एचईबी उन चार मंदिरों में स्वर्ण वस्तुओं पर निगरानी बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है, जिनका वह प्रबंधन करता है

सिंगापुर में सबसे प्राचीन हिंदू मंदिर के आभूषणों को गिरवी रखकर रकम जुटाने के लिए भारतीय पुजारी कंडासामी सेनापति (37) पर आपराधिक विश्वासघात का आरोप लगाया गया है।सेनापति (37) पर भ्रष्टाचार, मादक पदार्थ की तस्करी और अन्य गंभीर अपराध संबंधी कानून के तहत कर्मचारी के रूप में आपराधिक विश्वास भंग के लिए पांच आरोप लगाए गए हैं।

श्री मरिअम्मन मंदिर में मुख्य पुजारी कंडासामी पर 2016 से 2020 के दौरान मंदिर से स्वर्ण आभूषण निकालने और उन्हें दुकानों में गिरवी रखकर रकम जुटाने का आरोप है। अभियोजकों ने अदालत को बताया कि गिरवी रखे गए आभूषणों की कीमत 20 लाख सिंगापुर डॉलर (15 लाख अमेरिकी डॉलर) से अधिक थी। कंडासामी के मामले पर अदालत में आगे की सुनवाई 15 मार्च को होगी। दोषी पाए जाने पर उसे 15 साल जेल की सजा हो सकती है।

## क्विक न्यूज

### ईरान ने इजराइली स्वामित्व वाले मालवाहक जहाज पर हमला किया : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को ईरान पर आरोप लगाया कि उसने पिछले हफ्ते ओमान की खाड़ी में इजराइली स्वामित्व वाले एक मालवाहक जहाज पर हमला किया। नेतन्याहू ने इजराइल के सार्वजनिक प्रसारक कान से बातचीत में कहा कि यह वास्तव मे ईरान का कृत्य है, यह स्पष्ट है।नेतन्याहू ने कहा, इजराइल का सबसे बड़ा दुश्मन ईरान है, मै इसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम पूरे क्षेत्र में वार कर रहे है। शुक्रवार को ओमान की खाड़ी में इजराइली स्वामित्व वाले पोत एमवी हेलियोस रे में रहस्यमई तरीके से उस वक्त विस्फोट हुआ जब वह सिंगापुर जा रहा था।अमेरिकी रक्षा अधिकारियो के मुताबिक इस धमाके मे चालक दल को कोई नुकसान नही पहुंचा था लेकिन जहाज में चार छेद हो गए थे। रविवार को उसे मरम्मत के लिए दुबई के बदरगाह लाया गया था। धमाके से पहले जहाज ने कई बंदरगाहो पर कार उतारी थी। धमाके के बाद हालांकि उसे आगे की यात्रा टालनी पड़ी और मरम्मत व निरीक्षण के लिए उसे दुबई बंदरगाह लाया गया। हाल के दिनों में इजराइल के रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख दोनों ने संकेत दिए थे कि वे हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार मानते है। इजराइल के आरोपों पर फिलहाल ईरान की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नही आई है। ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच इस घटना ने पश्चिम एशिया के समुद्री क्षेत्र में नए सिरे से सुरक्षा चिंताएं पैदा की है।

### सीरिया की राजधानी दमिश्क के पास इजराइल ने किया मिसाइल हमला : रिपोर्ट

**दमिश्क।** इजराइल के मिसाइल हमलो के जवाब मे सीरियाई वायु सेना रविवार रात राजधानी दमिश्क और दक्षिण उपनगरीय इलाको में सक्रिय रही। हालांकि हमले मे किसी के हताहत होने की सूचना नही है। सरकारी मीडिया ने इसकी जानकारी दी।सरकारी टीवी ने एक अज्ञात सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि अधिकतर इजराइली मिसाइलो को दमिश्क के पास उनके निशाने तक पहुंचने से पहले ही गिरा दिया गया।इजराइल ने बीते कई वर्षों मे सीरिया में ईरान से जुड़े सैन्य ठिकानों पर सैकड़ो हमले किए है, लेकिन दुर्लभ ही इसकी कभी जिम्मेदारी ली या इन अभियानो के बारे मे बात की है।यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब अमेरिका ने बृहस्पतिवार को सीरिया मे इराकी सीमा के पास ईरान-समर्थित मिलिशिया संगठनो के ठिकानो को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे। अमेरिका ने कहा था कि यह हमला इस महीने की शुरुआत मे इराक मे रॉकेट हमले का जबाब था, जिसमे एक असैन्य कॉन्ट्रैक्टर की मौत हो गई थी और अमेरिकी सेवा से जुड़ा एक सदस्य तथा गठबंधन सेना से संबंधित अन्य लोग घायल हो गए थे।

### ईरान के इनकार के बावजूद बातचीत के लिए तैयार है अमेरिका

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने रविवार को कहा कि वह ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते को लेकर बातचीत करने के लिए तैयार है, जबकि ईरान ने समझौते को लेकर अमेरिका और अन्य भागीदारों के साथ बैठक मे शामिल होने के यूरोपीय संघ के आमंत्रण को ठुकरा दिया है।प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वार्ता मे शामिल नही होने के फैसले से अमेरिका निराश है लेकिन वह वार्ता के प्रारूप और ढांचे को लेकर लचीला रुख अपना रहा है और राजनयिक प्रक्रिया के तहत यूरोपीय संघ के आमंत्रण को ठुकराने के ईरान के फैसले पर भी गौर कर रहा है।उन्होंने कहा कि अमेरिका इस दिशा मे आगे के कदम को लेकर अन्य सहयोगी देशो ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और यूरोपीय संघ के साथ विचार-विमर्श करेगा।इससे पहले रविवार को ईरान ने वार्ता के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि बैठक के लिए यह सही समय नही है।राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि अमेरिका ईरान के साथ हुए समझौते में फिर से शामिल होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 मे समझौते से अमेरिका के बाहर होने की घोषणा की थी।

### पाक सीनेट के चुनाव गुप्त मतदान के जरिए होंगे: शीर्ष अदालत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने सोमवार को एक फैसले में कहा कि बुधवार को होने वाले सीनेट के चुनाव गुप्त मतदान के जरिए होंगे। यह फैसला ऐसे वक्त आया है जब भ्रष्टाचार से बचने के लिए खुले मतदान की इजाजत देने पर सत्तापक्ष और विपक्ष मे विवाद चल रहा था। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्ईय पीठ ने पिछले साल दिसंबर मे सरकार ने राष्ट्रपति के माध्यम से न्यायालय की राय जानने के लिए भेजे गए मामले मे 4-1 से फैसला सुनाया। यह याचिका चुनावो मे रुपयो के इस्तेमाल से बचने के लिए उच्च सदन के लिए खुला मतदान कराने को लेकर थी।

# घातक गोलीबारी को दरकिनार कर म्यांमा में प्रदर्शनकारी फिर से सड़कों पर उतरे

**एपी।** यांगून

**देश में एक** दिन पहले सुरक्षा बलों की गोलीबारी में कम से 18 लोगों की मौत की खबरों के बावजूद सोमवार को म्यांमा के सबसे बड़े शहर यांगून में सैन्य तख्तापलट के विरोध में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने आज उनपर आंसू गैस के गोले दागे। प्रदर्शनकारी शहर में लेदान सेंटर चौराहे पर जुटने का प्रयास कर रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें वहां से खदेड़ना शुरू कर दिया।

प्रदर्शनकारी घटनास्थल से इधर-उधर भागते हुए और गैस के प्रभाव से बचने के लिए चेहरे के धुलने का प्रयास करते हुए दिखे। स्वतंत्र म्यांमा नाउ समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक राजधानी नेपीता में पद से हटाई गईं देश की नेता आंग सान सू ची सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुईं। इसमें कहा गया कि कथित तौर पर अशांति भड़काने के लिए उन पर दंड संहिता की धारा 505 (बी) के तहत आरोप तय किए गए हैं। अदालत की पेशी से जुड़े अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हो पाए। सू ची पर पहले से ही दो अन्य आरोप हैं जिनमें से एक बिना पंजीकरण के आयातित वॉकी-टॉकी रखने का है और दूसरा कोरोना वायरस संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए लोगों की भीड़ सीमित रखने के लिए प्राकृतिक आपदा प्रबंधन कानून के तहत जारी आदेश का उल्लंघन करने से संबंधित है।

सू ची (75) को शुरू में सेना द्वारा नेपीता में उनके आवास में हिरासत में रखा गया था लेकिन नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के उनके साथी सदस्यों ने कहा कि उन्हें अब कहां रखा गया है इस बारे में चीजें स्पष्ट नहीं हैं। उनके खिलाफ आरोपों से जुंटा द्वारा एक साल के अंदर चुनाव कराने के वादे पर अमल होने की स्थिति में चुनाव लड़ने का रास्ता कानूनी रूप से बंद हो जाएगा। एक फरवरी को तख्ता पलट होने के बाद सू ची की निर्वाचित सरकार को फिर से बहाल किए जाने की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शनों के दौरान रविवार को यांगून में पुलिस गोलीबारी में कम से कम पांच प्रदर्शनकारियों के मारे जाने की खबर है।



ढाका में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे पुलिसकर्मियों से भिड़ते बांग्लादेशी छात्र

# रिपोर्ट : अमेरिका ने अफगानिस्तान में गाड़ियों, इमारतों पर अरबों खर्च किए

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी सरकार के निगरानीकर्ता द्वारा सोमवार को जारी की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान में ऐसी इमारतों और गाड़ियों पर अरबों डॉलर की रकम खर्च की जो या तो खाली पड़ी थी या बर्बाद थी। एजेंसी ने कहा कि उसने 2008 से इमारतों और गाड़ियों पर खर्च की गई 7.8 अरब डॉलर की रकम की समीक्षा की। अफगानिस्तान में लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी करदाताओं की खर्च हुई रकम पर नजर रखने वाले अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए विशेष महानिरीक्षक (एसआईजीएआर) ने कहा कि सिर्फ 34.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की इमारतों और गाड़ियों को ही अच्छी स्थिति में कायम रखा गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि इमारतों और वाहनों के लिए निर्धारित 7.8 अरब डॉलर में से सिर्फ 1.2 अरब डॉलर की रकम ही उक्त मकसद के लिए इस्तेमाल की गई। विशेष महानिरीक्षक जॉन एफ सोपको ने अपनी रिपोर्ट में कहा, तथ्य यह है कि बहुत सी संपदा इस्तेमाल नहीं हुई, खराब हो गई या परित्यक्त की गई जो उन एजेंसियों के लिए बड़ी चिंता का विषय होना चाहिए जो इनके लिए रकम जारी करती हैं। लॉन्ग वार पत्रिका के विश्लेषक बिल रोगियो ने कहा कि एसआईजीएआर की रिपोर्ट चौंकाने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान के हमले, भ्रष्टाचार और निहितार्थों के बारे में सोचे बिना समस्या की तरफ रूपए देना आर्थिक नुकसान के कारणों में शामिल है।

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी भ्रष्टाचार के मामले में दोषी, एक साल की जेल

**एपी।** पेरिस

● वरिष्ठ मजिस्ट्रेट से अवैध तरीके से सूचनाएं हासिल करने के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया

**फ्रांस में पेरिस** की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया और एक साल जेल और दो साल निलंबित कारावास की सजा सुनाई। फ्रांस में 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे सरकोजी (66) को 2014 में एक कानूनी मामले में वरिष्ठ मजिस्ट्रेट से अवैध तरीके से सूचनाएं हासिल करने के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया। अदालत ने कहा कि सरकोजी घर पर हिरासत में रहने का अनुरोध कर सकेंगे और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक पट्टी पहननी होगी। फ्रांस के आधुनिक इतिहास में सरकोजी पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया। सरकोजी का बचाव करने वाले उनके वकील और पुराने दोस्त थेरी हरजोग (65) और सेवानिवृत्त मजिस्ट्रेट गिलबर्ट एजीबर्ट (74) को भी दोषी ठहराया गया। दोनों को सरकोजी के समान सजा दी गई। अदालत ने कहा कि यह तथ्य इसलिए गंभीर है कि पूर्व राष्ट्रपति ने अपनी स्थिति का फायदा उठाते हुए मजिस्ट्रेट से निजी फायदा लेने के लिए काम किया।

सरकोजी ने पिछले साल के अंत में 10 दिन चली सुनवाई में अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया था। फरवरी 2014 में फोन पर हुई वार्ता का रिकॉर्ड सामने आने के बाद भ्रष्टाचार का यह मामला शुरू हुआ था। शुरुआत में न्यायाधीशों ने 2007 के चुनाव के समय वित्तपोषण का मामले की जांच का आदेश दिया था। छानबीन के दौरान पता चला कि सरकोजी और हरजोग गोपनीय मोबाइल फोन से संवाद कर रहे थे। सरकोजी का बचाव करने वाली वकील जैकलीन लैफोंट ने दलील दी कि पूरा मामला एक वकील और उनके मुवक्किल के बीच कुछ देर की बातचीत पर आधारित है। फ्रांस में 2017 में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी कंजरवेटिव पार्टी द्वारा उम्मीदवार नहीं बनाए जाने के बाद सरकोजी सक्रिय राजनीति से दूर हो गए थे। सरकोजी 2012 में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अवैध धन के इस्तेमाल के आरोप में 13 अन्य लोगों के साथ इस महीने एक और मुकदमे का सामना करेंगे। आरोप है कि सरकोजी की पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान निर्धारित खर्च से दोगुणा 4.28 करोड़ यूरो खर्च किया।

# 'दक्षिण कोरिया, जापान को भविष्य में संबंधों में और सुधार करना चाहिए'

**एपी।** सियोल



**दक्षिण कोरियाई** राष्ट्रपति मून जेई इन ने सोमवार को कहा कि पुरानी शिकायतों की कड़वाहट से आगे बढ़ते हुए उनकी सरकार जापान के साथ संबंधों में सुधार के लिए वार्ता की इच्छुक है और अनसुलझे मुद्दों को भविष्योन्मुखी संबंधों की राह का रोड़ा नहीं बनने देना चाहिए। जापान के औपनिवेशिक शासन के खिलाफ 1919 के कोरियाई विद्रोह की वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में मून ने कहा, ऐसा वक्त आया है जब पिछले मुद्दों को भविष्य के मुद्दों से अलग नहीं किया जा सकता और वे एक दूसरे से गुथे हुए होते हैं। इससे अग्रोन्मुखी विकास बाधित होता है। उन्होंने कहा, कोरियाई सरकार हमेशा जापान की सरकार के साथ बैठकर बातचीत के लिए तैयार है। दक्षिण कोरिया और जापान के बीच रिश्तों में 2019 में कड़वाहट उस समय चरम पर पहुंच गई थी जब दक्षिण कोरिया की अदालत ने एक फैसले में जापानी कंपनियों को उन कोरियाई लोगों को क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया था जिनसे द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उनके कारखानों में जबरन काम कराया गया था। इस फैसले से तनाव बढ़ा ही था कि जापान ने भी रसायनों पर निर्यात नियंत्रण लागू कर दक्षिण कोरिया के सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए हालात मुश्किल बना दिए।

दोनों देशों के संबंधों में तनाव का एक और मुद्दा कोरियाई महिलाओं को युद्ध के दौरान जापानी सेना के लिए यौन दासियों के तौर पर इस्तेमाल करने का भी है।

जापान हालांकि जोर देता रहा है कि युद्ध संबंधी मुआवजों से जुड़े सभी मामलों को 1965 की एक संधि के तहत सुलझाया जा चुका है और दक्षिण कोरिया के साथ रिश्ते सामान्य हो गए थे। उसने हालांकि दक्षिण कोरियाई अदालत के आदेश पर भी नाराजगी व्यक्त की थी। मून ने कहा कि सियोल जापानी युद्ध के दौरान ज्यादतियों के शिकार कोरियाई पीड़ितों का समर्थन जारी रखेगा। उन्होंने हालांकि इसबात पर भी जोर दिया कि देशों को पिछली बातों को आगे की राह का रोड़ा नहीं बनने देना चाहिए।

# ‘कुछ अलग करने पर लोगों को समझने में समय तो लगता ही है’



अभिनेता **हर्ष वर्धन कपूर** को हमनें हाल ही में एके वर्सेज़ एके में नेटफ्लिक्स पर देखा था उनका रोल छोटा था लेकिन दर्शकों से उन्हें इस भूमिका के लिए काफी सराहना मिली थी। पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** ने उनके अभिनय, पिता से तुलना और उनसे अभिनय के बारे में बात न करने जैसे विषयों पर विस्तार से बात की। प्रस्तुत हैं इसी बातचीत के प्रमुख अंश...

**■ आजकल आप किस कार्य में इतना व्यस्त हैं?**

मैं आजकल नेटफ्लिक्स के ऑरिजिनल प्रोजेक्ट की शूटिंग समाप्त करने की ओर अग्रसर हूं। मैं इसके बारे में अधिक तो नहीं बता सकता लेकिन फिर भी आप जान लें कि ये रोमांचक कहानी पर आधारित है। इसमें मेरे अतिरिक्त अनिल कपूर, फातिमा सना शेख, मुक्ति मोहन, सतीश कौशिक जैसे कलाकार काम कर रहे हैं। ये इसी साल के अंत तक रिलीज़ की जा सकती है। मैंने वसन बाला के लिए भी एक फिल्म साइन की है। इसमें राधिका मदन और मैं बतौर लीड कलाकार हैं। ये डार्क कॉमेडी है। ये फिल्म भी नेटफ्लिक्स फिल्म है और मई के माह में रिलीज़ की जा सकती है।

**■ आपका मोनोलॉग एके वर्सेज़ एके भी अत्यंत प्रभावी साबित हुआ है। क्या इससे जुड़ी अपनी कुछ स्मृतियां हमसे साझा करेंगे?**

जब मुझे ये फिल्म मिली थी, तो इसका रोल छोटा था लेकिन फिर भी पटकथा सात पेज लंबी थी। यदि मैं मोनोलॉग के बारे में बताऊं तो ये अनूठा था क्योंकि इसका चरित्र अनुराग बसु के लिए के लिए प्रदर्शन कर रहा था। मुझे सामग्री मिल गई और मैंने अपना काम प्रारंभ कर दिया। मैं अपना ही चरित्र इसमें पिरोना चाह रहा था। लेकिन व्यवहार में मैं तो बिलकुल वैसा नहीं था। बस केवल इतना था कि चरित्र को हर्ष कहा जाताा था जो अनिल कपूर का बेटा था। लेकिन इसके अलावा इसकी उनसे इसकी कोई समानता नहीं थी। मैं अपने जीवन में बहिर्मुखी या लोगों का केन्द्रबिंदु नहीं बनना चाहता। मैंने इसे किसी दूसरे चरित्र की भांति किया। बस मेरी तैयारी केवल इतनी थी। लेकिन एक ही प्रोजेक्ट में पिता, सोनम, बोनी चाचा के साथ काम करना अनूठा अनुभव था। इसका निर्देशन किया था। विक्रमादित्य मोटवानी ने। मैं सदैव ऐसा ही काम करने के बारे में सोचता रहता था। इसके अलावा मैनें इसमें कई सुधार भी किये थे और वे सभी सटीक साबित हुए।

**■ जब आपने 2016 में अभिनय क्षेत्र में पदार्पण किया था तो क्या आपको पिता से तुलना किये जाने का डर सताता था?**

मैं इस प्रकार की तुलना किये के बारे में सोचकर अपना समय और ऊर्जा बर्बाद नहीं करना चाहता। न ही मैं अपने पिता द्वारा 80 और 90 के दशक के अभिनय को दोहराए जाने में अपना कॅरियर बिताना चाहता हू। मैं उनसे अलग हूं। मुझे पता है कि जब आप कुछ अलग करके दिखाना चाहते हैं तो लोगों को इसे समझने में समय लगता है लेकिन अंतत: लोग आपके काम को अनुभव करने के साथ ही इसे सराहते भी हैं। मैं अलग तथा प्रगतिशील तथा अनूठी फिल्में करना चाहता हूं और मैं इसी दिशा की ओर प्रयत्नशील हूं।

**■ क्या आप अपने कॅरियर विकल्पों को लेकर सतर्क हैं या फिर आप बहाव के साथ बहना पसंद करते हैं?**

मैं किसी भी फिल्म को उसके द्वारा बॉक्स ऑफिस पर कमाई के दृष्टिकोण से नहीं देखता। मेरा सोचना ये है कि यदि मुझे वासन की फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता, पसंद है तो वो जो अगली फिल्म मुझे ऑफर कर रहे हैं तो वो पूर्व की फिल्म से अलग होगी। मुझे पता है कि वो मुझसे अच्छे अभिनय की अपेक्षा करेंगे। एके वर्सेज़ एके में विक्रम ने भी ऐसा ही किया था।

**■ क्या आपने इंडस्ट्री में रहते हुए किसी प्रकार की सीख ली?**

मुझे इतना पता चला है कि आजकल किसी फिल्म को उसके द्वारा बॉक्स ऑफिस पर की गई कमाई के पर ही परखा जाता है। मेरे लिए ये एक विचित्र तथ्य है। मैं यही सोचा करता हूं कि टीम के कठिन परिश्रम, फिल्म के निहितार्थ की बजाय कमाई को इसकी सफलता का पैमाना कैसे माना जा सकता है। यदि किसी फिल्म ने अच्छी कमाई की है तो इसके रिव्यू भी अच्छे ही रहते हैं। लेकिन यदि कमाई अच्छी नहीं है तो उसके रिव्यू भी खराब ही होंगे। इस इंडस्ट्री में मैंने यही सीख प्राप्त की है।


**■ क्या आपके पिता ने आपको किसी प्रकार की सलाह दी है?**

उनकी सलाह सरल सी है। अपने प्रति सच्चे रहो और किसी की नकल न करो।

**■ क्या आप उनसे फिल्मों में काम को लेकर किसी प्रकार के सुझाव या बारीकियों को जानने समझने के लिए बात करते हैं?**

मैं सदा से ही ये कहते आया हूं कि अभिनय व्यक्गित चीज़ होती है और आप इसके लिए किसी से सुझाव आदि नहीं ले सकते। ये केवल आपके द्वारा किसी चरित्र को करने के बारे में ही होता हैं। हर कोई एक ही चरित्र को अलग ढंग से करता है। यदि हम एके वर्सेज़ एके को लें तो मैं अपने पिता से ये नहीं पूछ सकता कि वो इसमें अपने रोल को किस प्रकार से करने वाले हैं। क्योंकि ये व्यक्तिगत बात है और हर कोई उसे अलग ढंग से करना चाहता है। लेकिन जब बात कॅरियर विकल्प की आती है तो हम उनसे इस क्षेत्र में उनके अनुभव के कारण सलाह लेते हैं। किसी भी प्रोजेक्ट को अंतिम रूप से स्वीकार करने से पूर्व मैं उनसे बात अवश्य करता हूं।

## मेरे लिए एक्शन ही मेरा नृत्यः अब्राहम



‘**कुछ** अभिनेताओं को नृत्य करना प्रिय है। लेकिन मेरे लिए ऐक्शन ही मेरा नृत्य है। मेरे लिए ये आइटम सॉन्ग जैसा अनुभव होता है। हर फिल्म में अलग प्रकार का ऐक्शन देना कठिन होता है क्योंकि मुझे लगता है कि मेरी हड्डियां टूटी जा रही हैं लेकिन मैं फिर भी करते रहता हूं। मेरी ये फिल्म ‘मुंबईसागा’ में स्वाभाविक ऐक्शन है। इसमें मेरे चरित्र का झगड़ा होता है। इस फिल्म में गैंग्स्टर है और हम वही दिखा रहे हैं जो वास्तविकता में हुआ है।’ यह कहना है डीनो मारिया का।

## वेबबेड

### बिगीः आई गॉट अ स्टोरी टु टेल (2021)



**इसमें** दुर्लभ फुटेज और गहन साक्षात्कार हैं। इसमें ‘द नोटोरियस बीआईजी के रैप किंग बनने की कहानी को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। कलाकारों में सीन पी डिडी कॉम्ब्स प्रमुख हैं और ये 1 मार्च से नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।

### मॉक्सी

**अपनी** मां के विद्रोही अतीत तथा एक मित्र से प्राप्त आत्मविश्वास से प्रेरणा लेकर एक लज्जाशील 16 साल की बच्ची स्कूल में हुए यौन उत्पीड़न के बारे में बताती है। कलाकारों में हैडली रॉबिन्सन, लॉरेन त्से तथा पैट्रिक स्वार्जनेगर प्रमुख हैं तथा ये 3 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।



### सेंटीनेल (2021)



**एकभयानक** कॉम्बैट मिशन के बाद घर वापस आने पर एक फ्रांसीसी सैनिक अपने घातक कौशल का प्रयोग अपनी बहन को चोट पहुंचाने वाले की तलाश में करता है। ऐक्शन से भरपूर फिल्म मार्च 5 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।

## ‘मेरे लिए कठिन थे कई गाने’



‘**कई ऐसे** गाने हैं जो मेरे लिए कठिन थे। लेकिन जिस गाने ने मेरी कठिन परीक्षा ली वो थे ‘चोली के पीछे क्या है, चने के खेत में, एक दो तीन तथा तम्मा तम्मा जैसे गाने। ये गाने कुछ सर्वाधिक कठिन गानों में से एक थे, लेकिन वे सर्वाधिक स्मरणीय गाने भी थे। लेकिन आजकल गानों में कोरियोग्राफी करना कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है।’

## तापसी पन्नू को डबिंग का काम नापसंद



**अभिनेत्री तापसी** पन्नू ने स्वीकार किया कि उन्हें डबिंग नापसंद है। इंस्टाग्राम पर अपनी एक पोस्ट में तापसी पन्नू ने साउंड डिजाइनर धीमन करमाकर को टैग करते हुए डबिंग को लेकर अपनी आने वाली फिल्म दोबारा, के बारे में बताया है। उन्होंने लिखा, ‘ चाहें मनमर्जियां फिल्म की वो भीडभाड़ वाली गलियां हों या फिर बदला में स्कॉटलैंड का शांत वातावरण, अब तक धीमन को पता चल गया होगा कि यदि किसी एक चीज को मैं सर्वाधिक नापसंद करती हूं तो वो है डबिंग करना।’

## जेनिफर का कॉफी-प्रेम उजागर



**हॉलिवुड** स्टार जेनिफर एनिस्टन ने अपनी खुशियों का रहस्य बताया दिया है। उनके अनुसार कॉफी ही वो रहस्य है। इंस्टाग्राम की एक क्लिप में एनिस्टन को कप्पा जो, बनाते देखा जा सकता है। अपने चित्र के साथ में उन्होंने लिखा, ‘मैं और कॉफी मिलकर एक प्रसन्न लड़की बनते हैं।


## चैडविक बोसमैन को मरणोपरांत गोल्डन ग्लोब पुरस्कार से किया गया सम्मानित

<u>**भाषा।** लॉस एंजिलिस (अमेरिका)</u>

**मशहूर फिल्म** ब्लैक पैंथर के अभिनेता चैडविक बोसमैन को मरणोपरांत गोल्डन ग्लोब पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनेता को 2020 में आई फिल्म मा रेनीज ब्लैक बॉटम में निभाई उनकी लीवी ग्रीन की भूमिका के लिए सम्मानित किया गया है। बौसमैन का चार साल तक आंत के कैंसर से जूझने के बाद पिछले साल अगस्त में 43 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें मोशन पिक्चर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए यह सम्मान दिया गया। बोसमैन की पत्नी सिमोन लेडवर्ड ने जूम कॉल के जरिए अभिनेता की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार किया। भावुक लेडवर्ड ने कहा, वह भगवान का शुक्रिया अदा करते। वह अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करते। वह अपने पूर्वजों का उनके मार्गदर्शन और उनके त्याग के लिए शुक्रिया अदा करते। फिल्म ब्लैक पैंथर से विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल करने वाले बोसमैन का यह पहला गोल्डन ग्लोब पुरस्कार है। वहीं, अभिनेता जॉन बोएगा को निर्माता स्टीव मैक्वीन की फिल्म सीरीज स्मॉल एक्स के लिए टेलीविजन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक भूमिका के लिए गोल्डन ग्लोब पुरस्कार मिला। अभिनेता डेनियल कालुआ को फिल्म जूडस एंड द ब्लैक मसीहा के लिए मोशन पिक्चर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक भूमिका के लिए ग्लोडन ग्लोब पुरस्कार मिला। बोएगा और कालुआ का भी यह पहला ग्लोडन ग्लोब पुरस्कार है।

# राजशाही से अलग होने की प्रक्रिया बहुत मुश्किल थीः राजकुमार हैरी

<u>**एपी।** लॉस एंजिलिस</u>



**ब्रिटेन के** राजकुमार हैरी ने कहा है कि शाही जीवनशैली से स्वयं को अलग करने की प्रक्रिया उनके और उनकी पत्नी मेगन मर्केल के लिए बहुत मुश्किल थी। हैरी ने ओफ्रा विनफ्रे को दिए साक्षात्कार के दौरान अपनी दिवंगत मां राजकुमारी डायना को याद किया, जिन्होंने राजकुमार चार्ल्स के साथ तलाक के बाद अपने लिए अलग रास्ता चुना।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत राहत और खुशी की बात है, मैं अपनी पत्नी के साथ बैठकर आपसे यहां बात कर रहा हूं, क्योंकि मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि उनके (राजकुमारी डायना) लिए उन वर्षों में इस प्रक्रिया से अकेले गुजरना कितना मुश्किल रहा होगा। हैरी ने कहा, यह हम दोनों के लिए इतना मुश्किल था कि इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती, लेकिन कम से कम हम एक दूसरे के साथ थे। इस साक्षात्कार को सीबीएस पर सात मार्च और इसके अगले दिन ब्रिटेन में प्रसारित किया जाएगा। साक्षात्कार की इस क्लिप में जब हैरी यह टिप्पणी कर रहे हैं, तो डायना की हैरी के साथ फोटो दिखाई दे रही है, जिसमें वह नन्हे हैरी को पकड़े हुए हैं। डायना का कार हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के कारण 1997 में निधन हो गया था। हैरी और मेगन ने मार्च 2020 में स्वयं को शाही जीवन से अलग कर लिया था। बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार को कहा था कि हैरी और मर्केल ब्रिटेन के शाही परिवार के कार्यकारी सदस्यों के तौर पर नहीं लौटेंगे। हैरी की दादी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तरफ से जारी एक बयान में राजमहल ने कहा था कि राजकुमार और राजकुमारी ने महारानी को अपने निर्णय से अवगत कराया है। दोनों की राजशाही से नाता तोड़ने संबंधी घोषणा को एक साल पूरा होने वाला है। महारानी (94) ने निर्णय के बारे में उन्हें पत्र लिखा और कहा कि उनके नहीं लौटने पर उनकी सभी मानद सैन्य नियुक्तियां और राजशाही के पद शाही परिवार के अन्य कार्यकारी सदस्यों में वितरित कर दिए जाएंगे।

## गोल्डन ग्लोबः नोमाडलैंड, बोराट दो ने जीते 2021 के शीर्ष पुरस्कार

<u>**भाषा।** लॉस एंजिलिस</u>

**नोमाडलैंड और** बोराट 2 ने इस 2021 के गोल्डन ग्लोब समारोह में शीर्ष फिल्मों का पुरस्कार जीता है। कोरोना वायरस महामारी के कारण इस साल यह कार्यक्रम डिजिटल माध्यम से आयोजित किया गया। चीनी मूल की अमेरिकी फिल्म निमार्ता एवं नोमाडलैंड की निर्देशक क्लो झाओ को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का भी पुरस्कार मिला है। वह ऐसी दूसरी महिला फिल्म निर्देशक हैं और एशियाई मूल की पहली महिला निर्देशक हैं, जिन्होंने ग्लोब में अपना परचम लहराया है। उनकी फिल्म नोमाडलैंड एक विधवा की कहानी है, जो नौकरी गंवाने के बाद अपनी कार लेकर सड़क पर निकल जाती है। मशहूर फिल्म ब्लैक पैंथर के अभिनेता चैडविक बोसमैन को मरणोपरांत गोल्डन ग्लोब पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनेता को 2020 में आई फिल्म मा रेनीज ब्लैक बॉटम में निभाई उनकी लीवी ग्रीन की भूमिका के लिए सम्मानित किया गया है।

बौसमैन का चार साल तक आंत के कैंसर से जूझने के बाद पिछले साल अगस्त में 43 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें मोशन पिक्चर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए यह सम्मान दिया गया। बोसमैन की पत्नी सिमोन लेडवर्ड ने जूम कॉल के जरिए अभिनेता की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार किया। भावुक लेडवर्ड ने कहा, वह परमात्मा का शुक्रिया अदा करते। वह अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करते। वह अपने पूर्वजों का उनके मार्गदर्शन और उनके त्याग के लिए शुक्रिया अदा करते। एंड्रा डेय, मोशन पिक्चर ड्रामा की सर्वश्रेष्ठ अदाकारा के रूप में उभरी हैं। उन्हें द यूनाइटेड स्टेट्स वर्सेज बिली हॉलीडे में गायिका बिली हॉलीडे की भूमिका के लिए यह पुरस्कार दिया गया। गोल्डन ग्लोब पुरस्कार समारोह का संचालन करने वाले हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन ने अभिनय श्रेणी में इस बार अश्वेत कलाकारों का भी ध्यान रखा है। गौरतलब है कि अश्वेत कलाकारों की अनदेखी करने को लेकर एसोसिएशन को आलोचना का सामना करना पड़ा था। कोरियाई प्रवासी परिवार की कहानी को दर्शाती फिल्म मिनारी ने सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार अपने नाम किया है।